


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 02, अंक : 43 | रांची, बुधवार, 22 जनवरी 2025 (माघ कृष्ण 09, संवत 2081), पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपये | email: jharkhandwanitaudyog@gmail.com




## महाकुंभ में राष्ट्रपति, पीएम और शाह लगाएंगे आस्था की डुबकी



एजेंसियां

**नई दिल्ली।** देश में इस समय महाकुंभ का योग है। इसमें श्रद्धालुओं के साथ-साथ तमाम बड़ी हस्तियां पहुंच रही हैं। इस बीच खबर है कि राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगे।
मीडिया रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 फरवरी को प्रयागराज पहुंचेंगी। इसके साथ ही उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बारे में कहा जा रहा है कि उनका एक फरवरी को संगम में डुबकी लगाने का कार्यक्रम है। इसे लेकर प्रशासन अभी तैयारी शुरू कर दी है।
इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अगले महीने की पांच तारीख को महाकुंभ में पहुंचने की खबर है।

शेष पेज 08 पर

# एनकाउंटर से दहला छत्तीसगढ़, 36 घंटे में 27 नक्सली हुए ढेर

## मारे गये नक्सलियों में एक करोड़ रुपये का इनामी जयराम उर्फ चलपति भी शामिल

एजेंसियां

**छत्तीसगढ़।** ओडिशा सीमा पर स्थित गरियाबंद जिले में सोमवार चल रही मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी नक्सली जयराम उर्फ चलपति समेत अब तक 27 नक्सली ढेर हो गए हैं। मुठभेड़ अभी जारी है। इसमें छत्तीसगढ़ का जवान धर्मेंद्र भोई व ओडिशा का जवान डमरू घायल हुए हैं। रायपुर के नारायणा अस्पताल में भर्ती जवानों की हालत स्थिर है।

**60 से अधिक नक्सलियों के घेरे जाने की खबर :** मूलतः आंध्रप्रदेश का निवासी 60 वर्षीय जयराम केंद्रीय कमेटी का मेंबर व ओडिशा राज्य कमेटी का प्रभारी था। बता दें कि 16 जनवरी को छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर मुठभेड़ में 18 नक्सली मारे गए थे।



छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में सोमवार को हुई मुठभेड़ में 27 नक्सली मारे गए हैं। सर्च ऑपरेशन जारी है और माना जा रहा है कि अभी और शव मिल सकते हैं। वहीं, नक्सली अभी भी रुक-रुक कर गोलीबारी कर रहे हैं। 60 से अधिक नक्सलियों के घेरे जाने की खबर है।

**छत्तीसगढ़ व ओडिशा के 1000 जवान अभियान में :** छत्तीसगढ़ और ओडिशा के 1000 से अधिक जवान अभियान में जुटे हैं। सोमवार शाम को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ मैनपुर थाना क्षेत्र में कुल्हाड़ी घाट स्थित भालू डिग्गी जंगल में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। इसी दौरान नक्सलियों के शव मिले। कुछ की पहचान होनी बाकी है।

**मारे गए नक्सलियों में ओडिशा प्रमुख भी शामिल :** मारे गए नक्सलियों में सेंट्रल कमेटी का सदस्य मनोज और स्पेशल जोनल कमेटी सदस्य गुड्डू भी शामिल हैं। मनोज ओडिशा राज्य प्रमुख भी था। इसी तरह 1 करोड़ का इनामी नक्सली केंद्रीय कमेटी मेंबर जयराम उर्फ चलपती भी मारा गया है। मरने वालों में महिला नक्सली भी शामिल हैं। अन्य नक्सलियों की पहचान की जा रही है।

शेष पेज 08 पर

### अंतिम सांस ले रहा है नक्सलवाद : अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को बताया कि ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), विशेष अभियान समूह (एसओजी) ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस के संयुक्त अभियान में 14 नक्सलियों को मार गिराया गया, जो 'नक्सलवाद पर एक और बड़ा प्रहार' है। शाह ने कहा कि 'नक्सल मुक्त भारत' के संकल्प और सुरक्षा बलों के संयुक्त प्रयासों से नक्सलवाद आज अंतिम सांस ले रहा है। गृह मंत्री ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, 'नक्सलवाद पर एक और करारा प्रहार। हमारे सुरक्षा बलों ने नक्सल मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है। सीआरपीएफ, एसओजी ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस ने ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर एक संयुक्त अभियान में 14 नक्सलियों को मार गिराया। नक्सल मुक्त भारत के हमारे संकल्प और हमारे सुरक्षा बलों के संयुक्त प्रयासों से, नक्सलवाद आज अंतिम सांस ले रहा है।'

## संक्षिप्त खबरें

### भोजपुरी फिल्म निर्माता अशोक प्रसाद अभिषेक का निधन



**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा के लिए एक बड़ी दुख भरी खबर है। फिल्म निर्माता अशोक प्रसाद अभिषेक का इलाज के दौरान निधन हो गया है। अशोक प्रसाद एक साथ कई भोजपुरी फिल्मों का निर्माण शुरू करने वाले थे। उन्होंने अपनी भोजपुरी फिल्मों के लिए खेसारी लाल यादव, पवन सिंह, दिनेश लाल यादव, आम्रपाली दुबे जैसे कई स्टार्स को साइन किया था। जिसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली थी। अशोक प्रसाद अभिषेक सामाजिक कार्यों से भी जुड़े रहे हैं। अशोक प्रसाद अभिषेक के आकस्मिक निधन से भोजपुरी इंडस्ट्री में शोक की लहर है।

### असम, मेघालय व प. बंगाल में 4.1 तीव्रता का भूकंप

**नई दिल्ली।** मेघालय के साउथ वेस्ट खासी हिल्स इलाके में मंगलवार दोपहर को भूकंप का झटका महसूस किया गया। इस भूकंप की तीव्रता 4.1 तीव्रता रही। मेघालय के अलावा असम और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए हैं। इससे किसीतरह के नुकसान की सूचना फिलहाल नही है।

शेष पेज 08 पर


संजय रॉय के लिए मौत की मांग, सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान पेज 08

एक्टर सैफ अली खान लीलावती अस्पताल से डिस्चार्ज पेज 08

कांके के सुकुरहुटू में बनेगा नया रिम्स, मंत्री ने किया स्थल का निरीक्षण पेज 03


### झारखंड मंत्रालय में आयोजित हेमंत कैबिनेट की बैठक में 18 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# बजट से पहले कर्मचारियों-पेंशनरों को सौगात, 10 लाख तक कैशलेस इलाज

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड कैबिनेट ने राज्य कर्मियों और पेंशनरों के लिए बहुप्रतीक्षित स्वास्थ्य बीमा की योजना को मंजूरी दे दी है। इसके तहत उन्हें और उनके आश्रितों को सामान्य बीमारियों में प्रतिवर्ष पांच लाख और गंभीर बीमारियों में 10 लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज की सुविधा प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को रांची स्थित झारखंड मंत्रालय में आयोजित कैबिनेट की बैठक में संशोधित बीमा योजना को लागू करने सहित कुल 18 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है।

**500 रुपये की कटौती की जाएगी- वंदना डाडेल :** बैठक समाप्त होने के बाद कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि बीमा योजना के कवरेज में शामिल होने वाले राज्यकर्मियों को प्रतिमाह मिलने वाले एक हजार रुपये में से 500 रुपये की कटौती की जाएगी। सेवानिवृत्त कर्मी इस योजना से ऐच्छिक तौर पर जुड़ सकेंगे। इसके दायरे में शामिल होने के लिए उन्हें सालाना छह हजार रुपये एकमुश्त जमा करने होंगे। इस योजना के तहत लगभग 1.75 लाख राज्यकर्मियों और 2.25 लाख सेवानिवृत्त कर्मी लाभान्वित होंगे। इनके अलावा राज्य में रहने वाले अखिल भारतीय सेवाओं के सेवारत या सेवानिवृत्त पदाधिकारी एवं कर्मी, विधानसभा के पूर्व सदस्य, पदाधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न बोर्ड-निगम और संस्थानों में काम करने वाले या सेवानिवृत्त कर्मी भी अपनी इच्छा के आधार पर योजना का कवरेज ले सकते हैं।



- 1.75 लाख कर्मियों और 2.25 लाख रिटायरकर्मियों को मिलेगा फायदा
- अस्पतालों में मैनेजर और आईटी एग्जिक्यूटिव पद होंगे सृजित
- मिडिल स्कूलों में कंप्यूटर शिक्षा के लिए 94.50 करोड़ रुपये की मंजूरी

**अस्पतालों में मैनेजर व आईटी एग्जिक्यूटिव पद सृजित :** एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय के अनुसार, राज्य के मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटलों, सदर हॉस्पिटलों, अनुमंडलीय हॉस्पिटलों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सीनियर मैनेजर, मैनेजर, फाइनेंस मैनेजर और आईटी एग्जिक्यूटिव के पद सृजित करने की स्वीकृति दी गयी है। कैबिनेट ने ज्ञानोदय योजना के तहत राज्य के मिडिल स्कूलों में कंप्यूटर शिक्षा के लिए 94.50 करोड़ रुपये की राशि को मंजूरी दी।

### दुमका से हवाई सेवा शुरू करने का मार्ग प्रशस्त

कैबिनेट ने राज्य के दुमका हवाई अड्डा पर संचार, नेविगेशन और सर्विलांस और एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट सेवाओं के लिए इंडियन एयरपोर्ट अथॉरिटी के साथ एमओयू के ड्राफ्ट को भी मंजूरी दी है। इसके बाद रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम 'उड़ान' के तहत इस हवाई अड्डे से नियमित रूप से उड़ान सेवाएं शुरू करने की राह प्रशस्त होगी।

### जनरल इंश्योरेंस कंपनी के साथ एमओयू

इस योजना के कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकार आकस्मिकता निधि से 150 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग करेगी, जबकि 50 करोड़ रुपये बफर स्टॉक के रूप में राज्य आरोग्य सोसायटी के ट्रस्ट में रखे जाएंगे। योजना के लिए सरकार ने टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी के साथ करार किया है। राज्य सरकार ने इसके पहले 31 जुलाई 2023 को राज्यकर्मियों और पेंशनरों के लिए स्वास्थ्य बीमा का संकल्प जारी किया था, लेकिन तकनीकी त्रुटियों की वजह से इसका लाभ मिलना शुरू नहीं हुआ था।

### चाईबासा में पुलिस पर हमले की नक्सलियों की साजिश नाकाम

## सुरंग से 21 आईईडी बम के साथ जिलेटिन के 55 स्टिक भी बरामद



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के कराईकेला के सेरेंगदा गांव के पास जंगल में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान चलाया। अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने 21 आईईडी बम बरामद किया। मौके पर ही बम निरोधक दस्ते ने सुरंग में लगे आईईडी बम को नष्ट कर दिया। नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए सुरंग में आईईडी बम लगाया था। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि सुरंग से 2 केजी के 12 और एक केजी के 9 आईईडी बम के साथ जिलेटिन के 55 स्टिक भी बरामद किए गए हैं।

**मिसिर बेसरा, अनमोल और मोछू सक्रिय :** एसपी ने बताया कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछू, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ते के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील हैं। इसे लेकर जिला पुलिस, कोबरा 209, 203 बटालियन, 205 बटालियन, झारखंड जगुआर एवं सीआरपीएफ के 60 बटालियन, 197 बटालियन, 157 बटालियन, 174 बटालियन, 193 बटालियन, 134 बटालियन, 26 बटालियन और 11 बटालियन की टीमें संयुक्त दल गठित कर लगातार अभियान चला रही हैं। पुलिस को यह सफलता इसी अभियान के क्रम में मिली है।

शेष पेज 08 पर

## महिलाओं को मंईयां सम्मान व युवाओं को मिलेगी नौकरी : कल्पना सोरेन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गिरिडीह।** गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड की जनता ने दोबारा हेमंत सोरेन को चुनकर अबुआ सरकार बनायी है और गांडेय की जनता ने उन्हें दोबारा मौका देकर विश्वास जताया है। आपके भाई-दादा हेमंत सोरेन ने जो वादा किया था, उसे पूरा करते हुए महिलाओं के खाते में मंईयां सम्मान योजना के तहत 2500 रुपये दिए जा रहे हैं। महिलाएं इस राशि का सदुपयोग करें। उन्होंने कहा कि युवा तैयारी करें। महिलाओं को सम्मान राशि मिली है, युवाओं को नौकरी मिलेगी।




शेष पेज 08 पर



### आईएएस पूजा सिंघल का निलंबन खत्म

**रांची।** राज्य सरकार ने आईएएस पूजा सिंघल का निलंबन खत्म कर दिया है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने उन्हें निलंबन से मुक्त करने की अनुशंसा की थी। इस अनुशंसा पर पूजा सिंघल का निलंबन कार्मिक ने खत्म कर दिया।

शेष पेज 08 पर

## फिल्म प्रोड्यूसर दिल राजू के आठ ठिकानों पर आयकर विभाग का छापा

**हैदराबाद।** आयकर विभाग ने हैदराबाद में फिल्म प्रोड्यूसर दिल राजू के ऑफिस और घरों समेत उनकी संपत्तियों पर छापेमारी की है। सूत्रों के मुताबिक, छापेमारी उनके रिश्तेदारों के घरों समेत आठ अलग-अलग जगहों पर की गई है। दिल राजू, जिनका असली नाम वेलमकुचा वेंकट रमना रेड्डी है, एक तेलुगु फिल्म डिस्ट्रब्यूटर और प्रोड्यूसर हैं।

वह श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स नामक एक प्रोडक्शन कंपनी के मालिक हैं। बता दें कि हाल ही में उन्हें राज्य सरकार द्वारा तेलंगाना फिल्म विकास निगम का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। दिल राजू के सभी परिसरों की तलाशी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक आयकर विभाग की 65 टीमें छापे मार रही हैं।





### जेईई मेन परीक्षा आज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी, बुधवार, 22 जनवरी, 2025 से संयुक्त प्रवेश परीक्षा - मुख्य सत्र 1 शुरू करेगी। प्रवेश परीक्षा 22, 23, 24, 28 और 29 जनवरी, 2025 को पेपर-1 के लिए आयोजित की जाएगी और पेपर 2 के लिए परीक्षा का आयोजन 30 जनवरी, 2025 को किया जाएगा।

शेष पेज 08 पर

## तुर्किये में भीषण अग्निकांड: 76 लोगों की मौत, 50 से अधिक बुरी तरह झुलसे



**तुर्किये।** तुर्किये के गृह मंत्री ने बताया कि उत्तर-पश्चिमी तुर्की के एक लोकप्रिय स्की रिसॉर्ट में एक होटल में मंगलवार को आग लगने से कम से कम 76 लोगों की मौत हो गई। अली येरलिकाया ने आगे बताया कि इस आपदा में कम से कम 50 से अधिक लोग घायल हुए हैं। गृह मंत्री येरलिकाया ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से कहा, 'इस घटना से हम बहुत दुखी हैं।

शेष पेज 08 पर

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की 10वीं वर्षगांठ आज

एजेंसियां

**नई दिल्ली।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) योजना की दसवीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है, जो भारत में बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तीकरण के लिए किए गए अथक प्रयासों के एक दशक का प्रतीक है।

**नई दिल्ली के विज्ञान भवन में उद्घाटन समारोह आज :** यह उपलब्धि भारत के विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण तथा महिला विकास से महिला-नेतृत्व वाले विकास की ओर वैश्विक बदलाव के अनुरूप है, जिसे भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान प्राथमिकता दी गई थी तथा जिसे अब ब्राजील की जी-20 अध्यक्षता द्वारा अपनाया गया है। उद्घाटन समारोह बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में होगा। इसमें केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा भी शामिल होंगे।

### 22 जनवरी से 8 मार्च तक होंगे कई आयोजन




**राज्यों और जिलों के प्रतिनिधि भी होंगी शामिल :** इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों और दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारी भाग लेंगी। इसके अलावा, विज्ञान भवन में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्रालयों की उप सचिव और उससे ऊपर की महिला अधिकारी भी शामिल होंगी। इसके अलावा, छात्राओं (माई भारत स्वयंसेवक), आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक/कार्यकर्ता और राज्यों और जिलों के प्रतिनिधियों को भी इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम में यूनिसेफ, संयुक्त राष्ट्र महिला, यूएनडीपी, यूएनएफपीए, विश्व बैंक और जर्मन एजेंसी फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (जीआईजेड) जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे।

शेष पेज 08 पर

## दो फरवरी से आम लोगों के लिए खुल जाएगा राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में स्थित राष्ट्रपति भवन परिसर में बने अमृत उद्यान को एक बार फिर से दो फरवरी से आम नागरिकों के लिए खोलने जा रहा है। आम लोग 30 मार्च तक मंगलवार से रविवार सुबह 10 से शाम छह बजे तक जा सकेंगे। छह से नौ मार्च को अमृत महोत्सव का आयोजन होगा, जिसमें दक्षिणी भारत की सांस्कृतिक धरोहर का प्रदर्शन होगा। ये एक ऐसी जगह है, जहां आप अपने परिवार के साथ जा सकते हैं। अमृत उद्यान भारत के राष्ट्रपति कार्यालय और निवास में 15 एकड़ के विशाल विस्तार में फैला हुआ है।

शेष पेज 08 पर

# क्लासिक इंजिकॉम प्लांट में अवैध तरीके से हो रही थी स्टोन चिप्स की सप्लाई, विधायक ने पकड़ीं छह गाड़ियां



## चितरपुर सीओ ने कार्रवाई का दिया निर्देश, माइनिंग इंस्पेक्टर ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** जिले में क्लासिक इंजिकॉम प्लांट के द्वारा अवैध तरीके से स्टोन चिप्स खपाया जा रहा था। इस अवैध सप्लाई पर रामगढ़ विधायक ममता देवी ने ग्रहण लगा दिया।

उन्होंने न सिर्फ स्टोन चिप्स से लदी छह गाड़ियां पकड़ी, बल्कि उनके दस्तावेज की जांच कराकर उन पर बड़ी कार्रवाई भी करा दी है। रजरप्पा थाने में मंगलवार को 6 स्टोन चिप्स लदे हाईवा पर खान निरीक्षक राहुल सिंह के बयान पर प्राथमिकी दर्ज हुई। इस मामले में चितरपुर अंचल अधिकारी दीपक मिंज ने भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

जानकारी के अनुसार, रजरप्पा थाना क्षेत्र के लारी सुकरीगढ़ा गांव में सोमवार की रात जतराटूंगरी टोला के पास स्टोन चिप्स से लदे 10 हाईवा खड़े थे। ग्रामीणों ने इस अवैध सप्लाई और ओवरलोडिंग की शिकायत विधायक ममता देवी से की। विधायक जब वहां पहुंची तो वहां से चार गाड़ियां रफू चक्कर हो गई जबकि 6 गाड़ियों को उन्होंने पकड़ा और उनके ड्राइवर को बुलाकर चालान की मांग की। इस दौरान उन लोगों ने कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। इसके बाद विधायक के निर्देश पर चितरपुर अंचल अधिकारी दीपक मिंज, रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे और अन्य अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। हाईवा चालकों ने पुलिस को मोबाइल में चालान दिखाया लेकिन चालान निर्गत का समय रात 10:00 बजे के बाद था। वह चालान भी रांची के हरमू स्थित पते का था। ड्राइवर को या नहीं पता था कि चालान पर रांची जिला का एड्रेस लिखा हुआ है। पूछताछ के दौरान उन लोगों ने कहा कि वे लोग दुलमी प्रखंड के जरियो गांव से स्टोन चिप्स लादकर सिकनी में स्थित क्लासिक इंजिकॉम प्लांट में अनलोड करने जा रहे थे।

इस मामले में विधायक ममता देवी ने रामगढ़ डीसी और माइनिंग विभाग को निर्देश दिया है कि एक टास्क फोर्स गठित कर इस पूरे अवैध कारोबार की जांच होनी चाहिए और इस पर प्रतिबंध लगना चाहिए। जो भी लोग दोषी पाए जाते हैं, उन पर सख्त कार्रवाई हो, तभी सरकार का राजस्व बच सकता है। इस मामले में जांच करने पहुंचे माइनिंग इंस्पेक्टर राहुल सिंह ने बताया कि स्टोन चिप्स का सप्लाई जिन गाड़ियों से किया जा रहा था उसमें ओवरलोड था। सभी हाईवा पर क्षमता से 400 सेफ्टी अधिक स्टोन चिप्स पाया गया है। इसके अलावा जो भी चालान प्रस्तुत किया गया है, वह रांची जिला का है। इस पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आज

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखण्ड कार्यालय सभागार में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने सिल्ली थाना व मुरी ओपी क्षेत्र के आम जनता को लिखित व मौखिक शिकायतों को लेकर कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है। जिससे समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके।

### ग्रामीणों ने पोस्ते की खेती को किया नष्ट



**राहे।** थाना क्षेत्र के इंडिसरेंग गांव के ग्रामीणों ने एकजुट होकर जंगल के बीच 10 एकड़ से अधिक जमीन में लगे पोस्ते की खेती को मंगलवार को नष्ट किया है। राहे पुलिस थाना प्रभारी यशवंत कुमार सिंह ने डीएसपी बुंडू ओम प्रकाश के निदेर्शानुसार लगातार गांव गांव जाकर ग्रामीणों को नशीली पदार्थ का खेती और सेवन से होने वाले बुराइयों की जानकारी लोगों के बीच दिए हैं। इसी क्रम में मंगलवार पंचायत के मुखिया गिरिबाला देवी ने गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक कर अफीम से होने वाले नुकसान की जांच जानकारी लोगों को दिया। पुलिस के सक्रिय भूमिका से प्रभावित होकर ग्रामीण एकजुट होकर जंगल में लगे पोस्ते की खेती को नष्ट किया है। ग्रामीणों ने अपील किया है कि जिसने भी चोरी छुपे खेती कर रहे हुए समय रहते नष्ट करें नहीं तो ग्राम सभा में उन्हें दंडित करने का काम करेगा। पुलिस के पहल और ग्रामीणों के जागरूकता से गांव से पोस्ते की खेती को पूर्ण रूप से नष्ट किया गया है।

### विधायक ने लोगों के बीच किया टॉर्च का वितरण

**खूंटी।** खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा ने मंगलवार को कर्रा प्रखंड की हाकाजांग पंचायत के बरांगो गांव में ग्रामीणों के बीच टॉर्च का वितरण किया। हाकाजांग पंचायत के लोग इन दिनों जंगली हाथियों के आतंक से त्रस्त है। टॉर्च वितरण करते हुए विधायक ने कहा कि जंगली हाथियों के पास कभी न जाएं और उसके साथ छेड़छाड़ न करें। विधायक ने कहा कि सूर्यास्त के बाद अंधेरे में बिना काम के न निकलें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जंगली हाथियों से प्रभावित लोगों को मुआवजा दे रही है। उन्होंने कहा कि यदि गांव या आसपास इलाके में हाथियों के आने की जानकारी मिले, तो इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को दें।

### सफल रहा लोको पायलट इंजन का परीक्षण

**रामगढ़।** पीवीयूएनएल पतरातु में मंगलवार को लोको पायलट इंजन का ट्रायल किया गया। यह ट्रायल पूरी तरीके से सफल रहा। अब पतरातु पीवीयूएनएल में कोयला आपूर्ति के लिए रेल प्लांट तक पहुंच सकती है। यह एक बेहद ऐतिहासिक कदम था, जिसे प्लांट प्रबंधन ने पूरा कर लिया है। पतरातू स्थित संयंत्र में कोयला आपूर्ति के लिए पहला लोको परीक्षण सफलतापूर्वक आयोजित किया है। इस अवसर पर पीवीयूएनएल के सीईओ आर.के. सिंह, जीएम (ओ एंड एम) देवदीप बोस, जीएम प्रोजेक्ट अनुपम मुखर्जी और जीएम (एफएम और मेंटेनेंस) मनीष खेत्रपाल और अन्य पदाधिकारी उपस्थिति थे।

## वक्फ कानून संशोधन बिल पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग को लेकर मंच ने मंत्री को सौंपा पत्र



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**इटकी।** इटकी मुस्लीम अधिकार मंच की एक टीम ने मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री डा0 इरफान अंसारी से भेंट किया और वक्फ कानून संशोधन बिल 2024 पर तत्कात हस्तक्षेप की मांग पत्र सौंपा है। मंच ने गहरा चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि बिल के संभावित प्रभावों को मुस्लिम समुदाय के अधिकारों के लिए हानिकारक बताया है और इसे पुनर्विचार के लिए केंद्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत करने की अपील की।इस दौरान मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने मंच के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि वे इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शीघ्र ही मुलाकात करेंगे और व्यक्तिगत रूप से इस मुद्दे को मुख्यमंत्री के सामने उठाऊंगा और उनसे आग्रह करूंगा कि वे वक्फ कानून संशोधन बिल पर झारखंड की स्थिति को केंद्र के समक्ष रखकर तत्काल बैठक बुलाएं। स्वास्थ्य मंत्री ने मंच को भरोसा दिया कि वे इस मामले को गंभीरता से लेंगे और मुस्लिम समुदाय के अधिकारों की सुरक्षा के लिए सरकार की ओर से हर संभव कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार किसी भी स्थिति में अपने नागरिकों के अधिकारों की अनदेखी नहीं करेगी, खासकर जब यह उनके धार्मिक और सामाजिक अधिकारों की बात हो। बता दें आगामी नौ फरवरी को वक्फ कानून संशोधन बिल के खिलाफ इटकी में मुस्लीम अधिकार मंच ने विशाल आम सभा बुलाया है। मांग पत्र सौपने में मुस्लिम अधिकार मंच के राष्ट्रीय महासचिव आजम अहमद, कार्यकारी उपाध्यक्ष मोहम्मद मुरतजा आलम, केंद्रीय प्रवक्ता जुबेर अहमद, और केंद्रीय अध्यक्ष अफसर इमाम , प्रदेश युथ कांग्रेस को -आडेनेटर आरिफ रजा सहित अन्य शामिल थे।

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने योजनाओं का किया शिलान्यास, कहा

# योजनाओं के निर्माण कार्य का ग्रामीण खुद से करें निगरानी



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सोनाहातू/राहे।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान अलग-अलग क्षेत्रों में 50 लाख रुपये की लागत से होने वाली विकास योजनाओं का शिलान्यास किया।

उन्होंने अपने सांसद मद से काशीडीह गांव में पीसीसी सड़क निर्माण, महुआडीह (चिरुडीह) में चबूतरा निर्माण, धतकीजरा में पीसीसी सड़क निर्माण , कनकट्टा (महुआटोला )में पीसीसी पथ निर्माण , घाघरा में पीसीसी पथ निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। सांसद एवं ग्रामीण जिलाध्यक्ष को स्थानीय लोगों ने जोरदार ढंग से स्वागत किया।मंत्री ने कहा कि विकास के लिए संगठित और जागरुक रहने की जरुरत है ?।निर्माण कार्य ओर योजनाओं की ग्रामीण खुद से निगरानी करें। उन्होंने बताया कि रांची संसदीय क्षेत्र में कुल 5 विधानसभा क्षेत्र में 7 करोड़ रुपए की लागत से 2000 हाईमास्ट लाइट लगाई जाएगी। मंत्री ने लोगों को उनकी समस्याओं के समाधान करने और विकास कार्यों को जारी रखने का आश्वासन दिया।मौके पर ग्रामीण जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज, मंडल अध्यक्ष चित्तरंजन महतो, भगीरथ महतो, अम्बुज रजक, खगेश महतो, राजेन्द्र साई, दिलेश्वर कोईरी, मेघनाथ महतो, बिंदेश्वरी देवी, सृष्टिधर प्रजापति, हरेंद्र प्रमाणिक, चंदन गोस्वामी, शंकर भगत, परिक्षित मंडल, युधिष्ठिर महतो, महेंद्र महतो, रामधन महतो, ज्योति प्रसाद आदि मौजूद थे।

## एनडीआरएफ के जवानों को सीसीएल में मिला खान बचाव प्रशिक्षण



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** सीसीएल के खान बचाव केंद्र में 14 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रशिक्षण एनडीआरएफ की 9वीं बटालियन, बिहटा पटना के जवानों को प्रदान किया गया।

यह कार्यक्रम 6 जनवरी को शुरू हुआ और 21 जनवरी, 2025 को संपन्न हुआ। देश में पहली बार है, जब गैर-खनन कर्मियों को खान बचाव प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एनडीआरएफ जवानों को भूमिगत खदानों में आपदाओं के दौरान बचाव कार्य के लिए प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षण के दौरान जवानों को विषाक्त वातावरण में कार्य करने, आधुनिक बचाव उपकरणों का उपयोग करने और खदानों में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने की तकनीकों में निपुणता दी गई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खान सुरक्षा निदेशक (रांची रीजन) आफताब अहमद मौजूद थे। उन्होंरने इस प्रशिक्षण को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि एनडीआरएफ के जवान अब खनन आपदाओं के दौरान राहत और बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने सीसीएल और एनडीआरएफ के संयुक्त प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव) बिनोद कुमार, अधीक्षक (बचाव सेवाएं) विकास कुमार, डिप्टी कमांडेंट (एनडीआरएफ, 9वीं बटालियन) सोहेल लखानी सहित अन्य अधिकारी एवं प्रशिक्षक उपस्थित थे। समापन समारोह में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

## लंबित म्यूटेशन आवेदनों का वेरिफिकशन प्रक्रिया शुरू

**इटकी।** इटकी अंचल में दस डीसमील भूमि तक की लंबित म्यूटेशन के आवेदनों का वेरिफिकशन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अबतक 58 लंवित म्यूटेशन में 15 आवेदनों का वेरिफेक्शन कर म्यूटेशन प्रक्रिया पूरा किया जा चुका है और सभी करेक्सन शिल्प काट कर तैयार कर ली गई है। आगामी रविवार को आयोजित शिविर में म्यूटेशन का निष्पादन किया जायेगा।उक्त जानकारी देते हुए सीओ मो० अनीश ने बताया कि बाकी बचे 43 म्यूटेशन आवेदनों को निर्धारित समय सीमा पर वेरिफेक्शन की प्रक्रिया को पूरा कर म्यूटेशन कर लिया जायेगा। इसके लिए अंचल कार्यालय में सघन रूप वेरिफेक्शन का कार्य चल रहा है। रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने दस डीसमील तक के लंबित म्यूटेशन आवेदनों को बिना आपति 30 दिन और आपत्ति 90 दिन के म्यूटेशन के लंबित मामलों का अंचल अधिकारियों को कटऑफडेट में वेरिफेकशन का निर्देश जारी किया था।

## रांची : जिला शिक्षा अधीक्षक से मिले पीएम श्री अपग्रेडेड हाई स्कूल कांके कुम्हरिया के अध्यक्ष



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के कांके कुम्हरिया स्थित पीएम श्री अपग्रेडेड हाई स्कूल के अध्यक्ष सिकंदर लोहारा एवं संयोजिका विनीता देवी के नेतृत्व में सैकड़ों छात्रों ने उपायुक्त कार्यालय स्थित जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज से उनके कक्ष में मुलाकात की।

मौके पर स्कूल के सैकड़ों छात्र एवं उनके अभिभावक मौजूद थे। सभी ने संयुक्त रूप से जिला शिक्षा अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें स्कूल के अध्यक्ष सिकंदर लोहारा एवं बच्चों ने स्कूल के प्रधानाचार्य अशोक प्रसाद सिंह के द्वारा की बरती जा रही अनियमितता, दुर्व्यवहार एवं कानून का उल्लंघन करने की बात कही। ज्ञापन में कहा गया है कि, स्कूल के प्राचार्य के द्वारा कक्षा एक से दसवीं तक के छात्रों से 100 रुपये लेकर टाई बेल्ट और आई कार्ड बेचे गए। साथ ही स्कूल में मध्याह्न भोजन मनमाने तरीके से परोसे जा रहे हैं। इससे छात्रों को सही पौष्टिक आहार नहीं मिल पा रहा है और माह के अंतिम दिन में अध्यक्ष और संयोजिका को बुलाकर दबाव बनाकर और डरा धमकाकर मिड डे मील की राशि का भुगतान चेक के माध्यम से अपने मनचाहा दुकान में कराते हैं। स्कूल में मध्याह्न भोजन बनाने में इस्तेमाल होने वाले एलपीजी गैस सिलेंडर छात्रों के माध्यम से अपनी कार में रखवाते हैं और घर ले जाते हैं, ताकि उनके घर का खाना बन सके। स्कूल के अध्यक्ष ने शिक्षा अधीक्षक से कहा कि दो दिनों के अंदर इन सारी बिंदुओं पर जांच कर आरोपी पर कार्रवाई की जाए और प्राचार्य को निलंबित किया जाए। अगर ऐसा नहीं होता है, तो हम सभी स्थानीय लोग बाध्य होकर स्कूल गेट पर उग्र आनंदोलन करेंगे। इस पर जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने कहा कि ये मामला चिंताजनक है। उन्होंने मामले की जांच करने का भरोसा दिलाया है। इस अवसर पर मुख्य रूप से अभिभावक भोला महतो, प्रह्लाद महतो, सत्यम कुमार, अरुण उरांव के अलावे स्कूल के सैकड़ों छात्र मौजूद थे।

## टीबी उन्मूलन के लिए निक्षय शिविर का आयोजन, 43 लोगों ने कराई जांच



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के कुल्ही पंचायत सचिवालय परिसर में उप स्वास्थ्य केन्द्र कुल्ही के द्वारा टीबी उन्मूलन के लिए 100 दिवसीय विशेष निक्षय शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में 43 लोगों की टीबी (क्षय रोग) के लिए जांच की गई, जिसमें से संदिग्ध मरीजों की पहचान की गई और उनके इलाज के लिए जरूरी कदम उठाए गए। व शर्दी बुखार शुगर जांच किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य टीबी मरीजों की शीघ्र पहचान कर उन्हें समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना था। इसके साथ ही, आम जनता को टीबी से बचाव, लक्षण, और उपचार के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए गए। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को टीबी के प्रति सजग रहने और समय पर इलाज करवाने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने शिरकत की। उन्होंने कहाइस प्रकार के शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने और गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाने में अत्यंत सहायक हैं। टीबी जैसी बीमारी को खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। शिविर का आयोजन सीएचओ (कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर) सुमिता कुमारी की देखरेख में किया गया। उन्होंने शिविर के संचालन और मरीजों की जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुमिता कुमारी ने बताया, हमारा लक्ष्य है कि टीबी के सभी मरीजों की पहचान कर उन्हें समय पर उचित इलाज मुहैया कराना।

## शहीद नीलमोहन महतो का मनाया गया शहादत दिवस



**राहे।** प्रखंड के चैनपुर गांव मंगलवार को शहीद नीलमोहन महतो का शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख लीलमनी देवी,आजसू प्रखंड अध्यक्ष रंगबहादुर महतो के नेतृत्व में परिजनों ओर ग्रामीणों ने शहीद निलमोहन महतो के प्रतिमा पर माल्यार्पण किये। शहीद निलमोहन महतो 21 जनवरी 2012 को गढ़वा जिला के भड़रिया थाना क्षेत्र में लैंड माइंस विस्फोट में शहीद हुये थे, जिनकी स्मृति में पूर्व उपमुख्यमंत्री सह पूर्व विधायक सुदेश महतो ने शहीद के पैतृक गांव चैनपुर में शहीद निलमोहन महतो जी के प्रतिमा का अनावरण किये थे। मंगलवार को शहीद के परिजनों के साथ बुद्धिजीवी, युवा एवं महिलाओं ने भी पुष्प अर्पित किये और 1 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किये। श्रद्धांजलि सभा में शहीद पत्नी अमिला देवी, पुत्र ओमप्रकाश महतो,हलधर पांडेय,, राम प्रसाद बेणु, जयपाल महतो, धनेश्वर महतो, धनंजय महतो, भुवनेश्वर महतो, शिव सिंह, शंकर महतो, कृष्ण दुलाल,पिन्टू, संगीता देवी, उषा देवी, यशोदा देवी, संध्या देवी आदि मौजूद थे।

## सरस्वती पूजा के नाम पर सड़क पर चंदा वसूली जोरों पर

**सिल्ली।** सिल्ली में इन दिनों सरस्वती पूजा के नाम पर चंदा वसूली का खेल जोरों पर शुरू हो गया है। मेन रोड से लेकर ग्रामीण इलाकों तक हर मार्ग पर जबरन चंदा वसूली से वाहन चालक समेत हर वर्ग के लोग परेशान है। आए दिन चंदा वसूली के नाम पर मारपीट भी की जा रही है। इसके बाद भी प्रशासन कि नजर इस ओर नहीं आ रहा है।पूरे क्षेत्र में इन दिनों सरस्वती पुजा के नाम से चंदे की उगाही का खेल पिछले एक सफ्ताह से अधिक समय से चल रहा है। जैसे पूजा सामने आ रही है चंदा वसूली करने वालों की मनमानी बढ़ता जा रहा है।सड़क पर वाहन रोककर पैसे की वसूली कर रहे है। साथ ही सड़क पर वाहन ले कर निकलने वाले लोगों के साथ हर दिन गली गलौज व मारपीट की स्थिति पैदा हो रही है। जिसके कारण वाहन चालको परेशानी बढ़ गई है। सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अभी तक किसी की शिकायत नहीं मिली है। फिर इस तरह से हो रही हो तो करवाई की जाएगी।

## पंचायत सचिवालय में जनता दरबार आयोजित

**सिल्ली।** विधायक अमित महतो के निर्देश पर लोवादग पंचायत भवन में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान पंचायत के अलग अलग गांव से सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पहुंचे। जनता दरबार में अबुआ आवास, पेंशन, राशन, सहित योजनाओं फार्म भरवाएं गए। लोगों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी गई। विधायक अमित महतो भी जनता दरबार में शामिल हुए। उन्होंने पंचायत के विभिन्न गांव में चलाए जा रहे सरकारी योजनाओं की समीक्षा की। लोगों से शिकायत को सुना, समस्याओं को सुलझाने का आश्वासन दिया। मुखिया, पंचायत सेवकों एवं अन्य कर्मचारियों को जनता के हित के लिए सजग होकर काम करने का निर्देश दिया। मौके पर मुखिया लाल सिंह मुंडा, पंचायत सचिव राजकिशोर महतो, राजकिशोर महतो, रोजगार सेवक कार्तिक सिंह मुंडा, प्रज्ञा केंद्र संचालक शिव कुमार महतो, पंचायत स्वयंसेवक मुन्ना लोहरा समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## मेला सह स्व काशीनाथ महतो मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट सम्पन्न



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** सिल्ली के मोदीडीह गांव के भोलवा टुंगरी परिसर में मंगलवार को भोलवा टुंगरी मेंला सह स्व काशीनाथ महतो मेमोरियल फुटबाल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया।

मेले में पांता नाच, मुर्गा लड़ाई, टुसू (चौड़ल) एवं फुटबॉल एवं क्रिकेट तियोगिता का आयोजन किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता के विजेता टीम लोवादाग फुटबॉल क्लब को एवं उप विजेता रामडेरा के टीएम को गुंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, काशीनाथ महतो के पुत्र डॉ अमित महतो तथा क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता टीम मुरी एवं उप विजेता टीम को समाज सेवी श्याम सुन्दर महतो,प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उप प्रमुख आरती देवी, लक्ष्मण मतो नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। चौड़ल प्रतिभागियों को स्व काशीनाथ महतो के परिजनों व अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजाराम महतो भी मेला पहुंचे जहां उन्होंने पाता नाच कार्यक्रम में शामिल होकर नाच का आंनद लेते हुए ढोलक भी बजाए। इस मौके पर जयपाल सिंह ने कहा कि स्व काशीनाथ महतो इस क्षेत्र का जानेमाने फुटबॉल खिलाड़ी रहे जिन्होंने एकीकृत बिहार राज्य एवं एजी रांची फुटबॉल टीम का भी नेतृत्व किया। उनका सपना था कि क्षेत्र में बेहतर फुटबॉलर तैयार हो, वो हमेशा क्षेत्र के खिलाड़ीयों फुटबॉल के कला सिखाने में अपना समय व्यतीत करते थे। ये क्रम निरंतर आगे बढ़े। उनके जयंती में हम संकल्प लेते हैं उनके प्रयास को हम सब जिम्मेदारी के साथ निभायेंगे।

उन्होंने मेले में पहुंचे स्व काशीनाथ महतो के साथि खिलाड़ी रहे श्याम सुंदर महतो, तथा स्व काशीनाथ महतो के पुत्र डॉ अमित महतो, पुत्री डॉक्टर असमृता महतो एवं पुत्र वधू कुमीला देवी एवं आयोजन समिति का आभार जताया। कार्यक्रम के पुर्व सभी अतिथियों ने स्व काशीनाथ महतो के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। वहीं मेला समिति की ओर से सभी अतिथियों का बुके एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद फारुख मोमिन एवं धन्यवाद ज्ञापन सुभाष महतो ने किया। इस मौके पर लक्षण महतो, मो चांद हुसैन, समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विकास महतो, हराधन महतो, विशाल महतो, मनोहर महतो, सुभाष महतो, शिशुपाल महतो, मधुसूदन महतो, वंशीधर उरांव, धीरेंद्र महतो समेत ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

## संक्षिप्त

### जदयू प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 25 को

**रांची।** जदयू प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 25 जनवरी को होगी। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश कार्यालय में बैठक आहूत की गई है। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश जदयू अध्यक्ष व सांसद खीरू महतो करेंगे। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, जिला, नगर अध्यक्ष एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष शामिल होंगे।

### गणतंत्र दिवस पर मंत्रीगण विभिन्न जिलों में करेंगे झंडोत्तोलन

**रांची।** गणतंत्र दिवस समारोह-2025 के अवसर पर मंत्रीगण विभिन्न जिलों के मुख्यालय में झंडोत्तोलन करेंगे। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने झंडोत्तोलन संबंधी कार्यक्रम जारी किया है। मंत्री राधाकृष्ण किशोर पलामू (डाल्टनगंज) में झंडोत्तोलन करेंगे। मंत्री दीपक बिरुवा पश्चिमी सिंहभूम में, मंत्री चमरा लिंडा गुमला में, मंत्री संजय प्रसाद यादव पाकुड़ में, मंत्री रामदास सोरेन में पूर्वी सिंहभूम, मंत्री इरफान अंसारी जामताड़ा में झंडा फहराएंगे। मंत्री हाफिजुल हसन देवघर में, मंत्री श्रीमती दीपिका पांडे सिंह गोड्डा में, मंत्री योगेन्द्र प्रसाद बोकारो में, मंत्री सुदिव्य कुमार में गिरिडीह में झंडोत्तोलन करेंगे। मंत्री श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की लोहरदगा में झंडोत्तोलन करेंगी।

### रांची के दबंग पुलिस अधिकारी जानकी राम का निधन

**रांची :** अस्सी के दशक में रांची को अपराधमुक्त करने में अहम भूमिका निभाने वाले पुलिस अधिकारी जानकी राम का सोमवार सुबह निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से हृदय संबंधी परेशानियों से पीड़ित थे। स्वास्थ्य गड़बड़ होने की वजह से उन्हें नागरमल मोदी सेवा सदन में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने सुबह करीब साढ़े तीन बजे अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार शाम को करीब चार बजे चुटिया के स्वर्णरेखा घाट पर किया गया। वर्ष 1980 में पुलिस सेवा में योगदान करने के बाद वह रांची के कई थानों में पदस्थापित रहे। यह वह दौर था जब रांची में आये दिन अपराधी सक्रिय रहते थे। कई वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ और उनके निर्देश पर श्री राम ने रांची के इन अपराधियों को काबू में लाने में अहम भूमिका अदा की थी। उस दौर में उन्हें एनकाउंटर स्पेशलिस्ट टीम का सक्रिय सदस्य भी माना जाता था। वर्ष 2015 में रिटायर होने के वक्त वह प्रोन्नति पाकर डीएसपी बन चुके थे।

### जरूरतमंदों के बीच कम्बल का हुआ वितरण

**रांची :** मंगलवार समय शाम 04:00 बजे वार्ड 18 अंतर्गत कचहरी रोड स्थित अटल स्मृति भवन वेंडर मार्केट के अपोजिट में राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी जी के सांसद प्रतिनिधि एवं वार्ड 18 के पार्षद प्रत्याशी सोमवित माजी जी द्वारा कड़ाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। सोमवित माजी जी ने जरूरतमंदों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी समस्या होने पर आप मुझे निसंकोच कह सकते हैं और आपकी समस्याओं का निराकरण करने हेतु हर संभव हमलोग प्रयास करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड 18 पार्षद प्रत्याशी सोमवित माजी, नन्द किशोर सिंह चंदेल,भोलू सिंह, रोहन सिंह,अर्जुन सिंह, शुभम वर्मा, अंकित सिंह, आशीष रजक, निकास वर्मा, रविंद्र ठाकुर, अमित साध, अजीत गुप्ता, करण उरांव सहित अनेकों को लोग उपस्थित रहें।

### कांके विधायक ने विक्की करमाली को बनाया अपना विधायक प्रतिनिधि

**रांची :** कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा ने कांग्रेस शहरी क्षेत्र के मोरहाबादी प्रखंड अध्यक्ष विक्की करमाली को शहरी क्षेत्र के मोरहाबादी प्रखंड क्षेत्र का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इसकी प्रतिलिपि उपयुक्त, वरीय पुलिस अधिक्ष रांची को प्रेषित कर दिया गया है। कांग्रेस पार्टी के प्रति उनकी सक्रियता और पार्टी के लिए किये गए उल्लेखनीय कार्यों को देखते हुए करमाली को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है।

# रांची में पवन तिग्गा सहित सैकड़ों ने ली भाजपा की सदस्यता

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को मिलन समारोह सह सदस्यता कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने लोकहित अधिकार पार्टी के पवन तिग्गा के नेतृत्व में लोहरदगा से आए सैकड़ों लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई।

सदस्यता ग्रहण करने वालों में सुकरु उरांव, शशि नंदन भगत, तपेश्वर प्रजापति, एतवा उरांव, इलीशिबा मिंज, तारा भगत, सुरेशचंद्र साहू, लोलेन एक्का और बिमोला मिंज सहित लोकहित अधिकार पार्टी के लोहरदगा जिला के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हैं।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा एक विशाल परिवार है, जिसके 12.5 करोड़ से अधिक सदस्य हैं। पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अंत्योदय के साथ गांव, गरीब, किसान, दलित और आदिवासी की सेवा कर रही है। आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत का संकल्प हम सभी को मिलकर पूरा करना है।

मरांडी ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार में रोज नए-नए भ्रष्टाचार के मामले उजागर हो रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया में वायरल एक वीडियो, जिसमें स्कूल के शिक्षक द्वारा साइकिल के लिए छात्र से 400 रुपये की मांग की जा रही है पर कहा कि भ्रष्टाचार से अब स्कूल के बच्चे भी अछूते नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार-2 को भ्रष्टाचार मिटाने के लिए गंभीर होना चाहिए नहीं तो भाजपा चुप नहीं बैठेगी।

सदस्यता लेने के बाद पवन तिग्गा ने कहा कि वे पार्टी के नेतृत्व के आभारी हैं। आज भाजपा से ही जनता को उम्मीद है। भाजपा झारखंड अलग राज्य बनाने वाली पार्टी है और जितने विकास कार्य हुए हैं सब भाजपा सरकार की देन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का तेज गति से विकास हो रहा और कल्याणकारी योजनाओं से गरीबों को राहत मिल रही है।

कार्यक्रम का संचालन शिवपूजन पाठक और धन्यवाद ज्ञापन सुनील फकीरा ने किया।

# रिम्स के विस्तारीकरण को लेकर मंत्री ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने रिम्स अस्पताल के विस्तृत भवन 2 के निर्माण के लिए विभागीय सचिव अजय कुमार सिंह और रिम्स प्रबंधन के साथ मंगलवार को रिनपास का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य मंत्री ने चिन्हित जमीन के निरीक्षण से पूर्व रिनपास के प्रभारी निदेशक, स्वास्थ्य सचिव, भवन निर्माण सचिव व रिम्स के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने रिम्स 2 के भवन निर्माण से संबंधित तैयार किये रोडमैप को प्रोजेक्टर के माध्यम से समझा। उसके बाद मंत्री ने भवन निर्माण सचिव को कई दिशा निर्देश भी दिये।

बैठक के बाद मंत्री ने कांके सुकुरहुट्टू रोड स्थित टाटा कैंसर हॉस्पिटल के समीप अधिकारियों के साथ रिम्स 2 के निर्माण के लिए चिन्हित जमीन का निरीक्षण किया। चिन्हित जमीन पर पहुंचकर उन्होंने मुख्य मार्ग व रिंग रोड सड़क की कनेक्टिीविटी के बारे में जानकारी ली।



डॉ इरफान ने बताया कि झारखंड बनने के बाद हमारी सरकार पहली बार रिम्स 2 की सौगात झारखंडवासियों को देने जा रही है। रिम्स में आये दिन मरीजों को बेड, ट्रॉली, इलाज आदि को लेकर कई समस्याएं सामने आ रही है। रिम्स में मरीजों की संख्याड बढ़ता देख मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रिम्स 2 का भवन निर्माण कराने का निर्णय लिया है। इसके निर्माण से राज्य की जनता को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं मिलने में आसानी होगी।

डॉ अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री का सपना था कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांति लाये। आने वाले दिनों में झारखंड की स्वास्थ्य सेवाएं देश भर में कीर्तिमान स्थापित करेगी। रिम्स 2 का प्राजेक्ट दो वर्षों के भीतर पूरा होगा। इससे यहां के स्थानीय को लाभ, रोजगार व भदाताओं को लाभ मिलेगा।

रिम्स 2 का मेडिकल कॉलेज व अस्पताल बनना है। यह 110 एकड़ में 700 बेड का अस्पताल होगा। इस मेडिकल कॉलेज में 100 यूजी व 50 पीजी के सीट होंगे। यहां इलाज स्पेशयलिटी के अलावा सुपर स्पेशयलिटी में कार्डियेक, न्यूरो, नेफ्रो, न्यूनेटेल होगा। अस्पताल में 250 बेड का सुपर स्पेशयलिटी बेड एवं अन्य नॉर्मल बेड भी होगा। इसके निर्माण में 1074 करोड़ की लागत आयेगी।

मौके पर रिनपास में हो रही समस्याओं को लेकर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजर खान ने मंत्री इरफान अंसारी को 12 सूत्री मांगपत्र सौंपा। उन्होंने रिनपास के वित्तीय घोटाला की जांच कराने एवं वर्तमान निदेशक डॉ. जयति सिमलाई को प्रभारी निदेशक के पद से हटाने की मांग की है। मांगपत्र में बताया कि यहां सिक्यूरिटी एजेंसी, सेनिटेशन, वित्तीय अनियमितता सहित कई आरोप डॉ जयति सिमलाई, डॉ भुवन ज्योति आदि पर लगाया है।

## सीएमपीडीआई अंतर क्षेत्रीय संस्थान एथलीट मीट का शुभारंभ



**रांची।** सीएमपीडीआई के क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के तत्वावधान में संस्थान के खेल मैदान में 21 जनवरी से अंतर क्षेत्रीय संस्थान एथलीट मीट 2024-25 का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन महाप्रबंधक (ओपेनकास्ट) रणदीप सिंह एवं महाप्रबंधक (गवेषण) आरके सिंह ने किया। मीट 23 जनवरी, 2025 तक होगा। इस अवसर पर मुख्यालय एवं क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष, श्रमिक प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

इस तीन-दिवसीय अंतर क्षेत्रीय संस्थान एथलीट मीट 2024-25 के उद्घाटन सत्र में पुरूष वर्ग के लिए आयोजित 1500 मीटर ओपेन रेस में क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर के केशव चन्द्र राय-प्रथम, क्षेत्रीय संस्थान-5-बिलासपुर के प्रशांत कुमार राय-द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर बिलासपुर के ही शैलेन्द्र रहे। महिला वर्ग के लिए आयोजित 100 मीटर ओपेन रेस में क्षेत्रीय संस्थान-6-सिंगरौली की श्रीमती प्रीति देवी-प्रथम, क्षेत्रीय संस्थान-5-बिलासपुर की श्रीमती अंजली-द्वितीय और तृतीय स्थान पर मुख्यालय-रांची की श्रीमती मार्था एस होरो रहीं। इन विजयी प्रतिभागियों को महाप्रबंधक (ओपेनकास्ट) रणदीप सिंह एवं महाप्रबंधक (गवेषण) आरके सिंह ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

ज्ञात हो कि इस तीन-दिवसीय अंतर क्षेत्रीय संस्थान अथलीट मीट 2024-25 में सीएमपीडीआई (मुख्यालय)-रांची सहित इस क्षेत्रीय संस्थान-1-आसनसोल, क्षेत्रीय संस्थान-2-धनबाद, मेजबान क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची, क्षेत्रीय संस्थान-4-नागपुर, संस्थान-5-बिलासपुर, क्षेत्रीय संस्थान-6-सिंगरौली एवं क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

# हाइड्रोजन आधारित डायरेक्ट रिडक्शन आयरन मेकिंग यूनिट का होगा विकास

## आरडीसीआईएस, सेल और आईआईटी, खड़गपुर ने किए एमओयू

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** आरडीसीआईएस (सेल, रांची) और आईआईटी (खड़गपुर) ने इस्पात भवन में एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर 21 जनवरी को हस्ताक्षर किए। इसमें सेल की और से महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) महादेव राय एवं आई.आई.टी. खड़गपुर की और से प्रो. एसबी सिंह ने हस्ताक्षर किये। इस एमओयू के तहत हाइड्रोजन आधारित डायरेक्ट रिडक्शन आयरन मेकिंग (डीआरआई) यूनिट का विकास होगा।

इस समझौते के तहत, आरडीसीआईएस एवं आईआईटी संयुक्त रूप से आरडीसीआईएस में एक पायलट-स्केल हाइड्रोजन आधारित डीआरआई इकाई और आईआईटी में एक प्रयोगशाला पैमाने की इकाई स्थापित करने के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकियों एवं प्रक्रियाओं की खोज व विकास करेंगे। यह परियोजना आईआईटी की इस्पात मंत्रालय द्वारा सहायता प्राप्त परियोजना है। इसमें सेल-आरडीसीआईएस इसके उद्योग भागीदार के रूप में है, जिससे स्टील उत्पादन के पर्यावरणीय क्षति को कम करने में सफलता मिलने की उम्मीद है, जो वैश्विक जलवायु परिवर्तन लक्ष्यों के अनुरूप स्टील उद्योग के स्थिरता




लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर बोलते हुए कार्यकारी निदेशक (आरडीसीआईएस) संदीप कुमार कर ने विश्वास व्यक्त किया कि आईआईटी खड़गपुर के साथ हाइड्रोजन आधारित डीआरआई इकाई का सफल कार्यान्वयन स्टील उद्योग की कार्बन उत्सर्जन को कम करने, स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने और अधिक टिकाऊ भविष्य बनाने की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर मानस पल्लीवाल और आरडीसीआईएस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

### केंद्र के 1300 करोड़ का हिसाब नहीं दे पा रही राज्य सरकार

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और गोड्डा के पूर्व विधायक अमित मंडल ने कहा कि झारखंड सरकार वर्ष 2019 से अब तक राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) से खर्च हुए 1300 करोड़ रुपये का हिसाब नहीं दे पा रही है। मंडल भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में अमित मंडल ने कहा कि 15वें आयोग की सिफारिश राज्य सरकार को विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य क्षेत्र में 2370 करोड़, ग्रामीण स्थानीय निकायों (पंचायत) को 6585 करोड़, नगर निकायों को 3367 करोड़ और आपदा प्रबंधन विभाग को 3138 करोड़ रुपये की राशि 2026 तक मिलेगी। मंडल ने कहा कि 15वें वित्त (2021-2026) आयोग का कार्यकाल समाप्त होने वाला है और 16वें वित्त आयोग के गठन से पहले केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि वे पोर्टल पर अपना डाटा अपडेट करें।

## एसबीयू के छात्र को 12 लाख का पैकेज, एक्सेंचर में 28 को मिली जॉब

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय (एसबीयू) के बीटेक इन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (2018-22) के छात्र फरहान अहमद को बहुराष्ट्रीय कंपनी बर्कलेज ने इस वर्ष 12 लाख का पैकेज ऑफर किया है। वैश्विक स्तर पर वित्तीय सेवा प्रदान करने वाली कंपनी बर्कलेज 50 से अधिक देशों में कार्यरत है। फरहान फिलहाल कंपनी के पुणे स्थित ऑफिस में कार्यरत हैं।

इसके अलावा परामर्श/आईटी सेवा सेवा प्रदान करने वाली कंपनी एक्सेंचर में भी इस वर्ष एसबीयू के 28 छात्रों का प्लेसमेंट हुआ है। विवि के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट के डीन हरिबाबू शुक्ला ने बताया कि देश-विदेश की कई कंपनियों की प्लेसमेंट प्रक्रिया में एसबीयू के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। इसके



आशाजनक नतीजे प्राप्त हो रहे हैं। इससे विवि के छात्रों के अलावा उनके अभिभावकों में भी खुशी की लहर है।

इस अवसर पर विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, कुलपति प्रो. सी. जगनाथन ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

# पीड़ितों को मुआवजा दिलाने में सहायक है डालसा : कविता खाती

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** झालसा के निदेर्शानुसार न्यायायुक्त सह अध्यक्ष (डालसा, रांची) दिवाकर पांडे के मार्गदर्शन में मंगलवार को डालसा ने बाढ़ू पंचायत भवन में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें एलएडीसी अधिवक्ता कविता कुमारी खाती, पीएलवी जमील अख्तर, बबिता कुमारी, देवंती कुमारी, भानु देवी, विधि के विद्यार्थी श्रृजन मिश्रा, उन्नाभ राज, स्मृति झा, तनिषा चौधरी, अमेया विक्रम सिंह, मोहम्मद आमीर सुहैल व राजा वर्मा उपस्थित थे।



एलएडीसी अधिवक्ता कविता कुमारी खाती ने नशा उन्मूलन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशा एक गंभीर समाजिक बुराई है। नशा से इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशे के लिये समाज में शराब, गांजा, भांग, अफीम, जर्दा, गुटखा, तम्बाकू और धुम्रपान सहित चरस, स्मैक, कोकिन, ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक पदार्थ का उपयोग किया जा रहा है। इन जहरीले और नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि होती ही है। साथ ही सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित होता है।

उन्होंने जेजे एक्ट, पोक्सो एक्ट, बाल विवाह, बाल विवाह अधिनियम तथा डायान बिसाही पर जानकारी दी। कही कि डायन बिसाही एक अंधविश्वास है। डायन बिसाही के नाम पर प्रताड़ित करना अपराध है।

पीएलवी जमील अख्तर व बबिता कुमारी ने सड़क दुर्घटना संबंधित कानून, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन प्राप्त करने के बारे में बतायें एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में इससे संबंधित आवेदन देने के लिए लोगों को कहा।

ज्ञात हो कि आगामी 22 फरवरी को आयोजित होने वाले विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत की भी जानकारी दी गयी। लोक अदालत में वादकारी उपस्थित होकर मध्यस्थता के माध्यम से अपने वादों का निस्तारण करा सकते हैं। 08 मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में पीएलवी के द्वारा जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित हैं तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटारा करा सकते हैं। अंत में डालसा के पीएलवी ने पम्पलेट, लिफलेट और कानूनी पुस्तिका का वितरण किया। निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में बताया। इसके अलावा झारखंड सरकार के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं का विस्तृत जानकारी दी।

## संक्षिप्त

### वन विभाग ने की बड़ी कार्रवाई, दो लोग गिरफ्तार

**विष्णुगढ़** : वन प्रमण्डल पदाधिकारी हजारीबाग पूर्वी के निर्देश पर गुप्त सुचना के आधार पर वन क्षेत्र पदाधिकारी बगोदर द्वारा गठित गस्ती दल द्वारा रविवार के रात्रि लगभग साढ़े ग्यारह बजे चलनिया जंगल मे छापेमारी कर लकड़ी लोड़ गाड़ी सहित दो व्यक्तियों को पकड़ा गया। जिसमे विष्णुगढ़ थाना का ड्राइवर रमेश यादव, अटका आरा मिल के संचालक सुरेन्द्र मण्डल को गिरफ्तार किया गया। वन विभाग के द्वारा मामले की छानबीन अभी जारी है। लकड़ी तस्करी के मामले और भी लोग शामिल हो सकते है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार चलानिया सड़क किनारे से अभी तक लगभग 20 लाख रुपये की लकड़ी रात के अंधेरे में काट कर ले गये तस्कर।

### शराब भट्टी को जेसीबी से किया गया ध्वस्त

**चौपारण** : हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल की पूरी टीम ने दल बल के साथ भगहर के भंडार, लोहरा व भगहर के जंगलों में कार्रवाई की। अवैध शराब भट्टी को जेसीबी से ध्वस्त किया गया। पक्का निर्माण को ध्वस्त कर हजारों लीटर जावा महुआ बहा दिया गया तथा कार्रवाई में शराब बनाने की सामग्री जब्त की गई। वही सहायक वन संरक्षक व वन क्षेत्र पदाधिकारी चौपारण खुद कार्रवाई करने पहुंचे। अवैध शराब भट्ठी निर्माण में संलिप्त लोगों के विरुद्ध वन कांड दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही है। टीम में सहायक वन संरक्षक एक परमार वन क्षेत्र पदाधिकारी कमलेश कुमार सिंह, प्रभारी वनपाल पंकज कुमार, अजय कुमार यादव, संटू कुमार व वनरक्षी अजीत कुमार, गोंझू सिकंदर नायक, कृष्णा प्रसाद, अजय कुमार, दीपक यादव, संजय यादव, भूपेंद्र कुमार, शिशिर मिंज, भोला साहू, मो. नजीर व अन्य दैनिक कर्मी शामिल थे।

### ट्रेन की चपेट में आकर व्यक्ति घायल

**मेदिनीनगर** : डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर बिडीएम पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आकर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के लोटानिया गांव निवासी मकसूद अंसारी उम्र 45 वर्ष के रूप में की गयी है। जानकारी के अनुशार मकसूद अंसारी कुछ दिन पहले मेदिनीनगर अपने पत्नी के आंख का इलाज करवाने शहर के सदीक चौक स्थित सोनाक्षी नेत्रालय में आया था। आंख का इलाज करवा कर वह अपने पत्नी के साथ घर हुसैनाबाद जा रहा था।इसी बीच डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने के क्रम में अचानक वह ट्रेन के नीचे आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उसके बाद स्टेशन पर बैठे यात्रियों के द्वारा इस घटना की जानकारी आरपीएफ थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर आरपीएफ थाना के पुलिस जवान महफूज खान और केएन उपाध्याय स्टेशन पर पहुंचकर घायल व्यक्ति मकसूद अंसारी को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सको ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है। वही घटना की जानकारी मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचकर घायल को इलाज के लिए रांची रिम्स ले जाने की तैयारी में जुट गये हैं।

### अवैध खनन पर एसडीओ ने की कार्रवाई, चार ट्रैक्टर जब्त

**पलामू** : पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के पोची स्थित औरंगा नदी से अवैध रूप से बालू का उठाव करते चार ट्रैक्टर जब्त किये गये है। सदर एसडीओ सुलोचना मीणा ने गुप्त सूचना पर मेदिनीनगर से स्पेशल फोर्स ले जाकर सभी ट्रैक्टरों को पकड़ा। सतबरवा थाना में सारे ट्रैक्टरों को लगाया गया है। इस संबंध में खनन विभाग को कार्रवाई के लिए जानकारी दी गयी है। जब्त टैक्टरों में दो ट्रैक्टर डालटनगंज विधायक के सतबरवा प्रखंड प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा का है, जबकि एक ट्रैक्टर कांग्रेस कार्यकर्ता दीपक चन्द्रवंशी एवं एक वीरेन्द्र कुशवाहा का बताया गया है।

# प्रशासनिक अधिकारियों ने लक्ष्मी गणेश इंटरप्राइजेज में दी दबिश

## 800 टन स्लैग स्क्रैप किया जब्त



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**आदित्यपुर।** इंडस्ट्रियल एरिया स्थित प्रकाश इंडस्ट्रियल पार्क के एक प्लॉट में स्थापित श्री लक्ष्मी गणेश इंटरप्राइजेज में मंगलवार देर शाम प्रशासनिक अधिकारियों ने दबिश दी जिसके बाद इंडस्ट्रियल एरिया में हड़कंप मच गया। छापेमारी दल में प्रशिक्षु आईएएस कुमार रजत के साथ सरायकेला एसडीओ सदानंद महतो, श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर, जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपति, गम्हरिया अंचल अधिकारी अरविंद बेदिया आदित्यपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह शामिल थे। प्रशासनिक अधिकारियों ने यहां से करीब 800 टन स्लैग स्क्रैप जब्त किया गया है। हालांकि पर्याप्त दस्तावेज दिखा पाने में कंपनी के अधिकारी असफल रहे। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्काल पूरे माल को जप्त कर लिया है। साथ ही उन्हें 24 घंटे की मोहलत दी गई है, ताकि जब्त माल से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध करा सके। पूरे मामले की जानकारी देते हुए एसडीओ सदानंद महतो ने बताया कि टाटा स्टील की ओर से शिकायत की गई थी कि उनके स्लैग की चोरी कर यहां डंप की जाती है। इस सूचना के आलोक में यहां छापेमारी की गई है। छापेमारी के क्रम में अनुमानित करीब 800 टन स्क्रैप जप्त किए गए हैं। कंपनी के अधिकारियों को 24 घंटे की मोहलत दी गई है। ताकि वह अपने दस्तावेज उपलब्ध करा सके। इधर कंपनी के अधिकारी विजय श्रीवास्तव ने दावा किया कि यह स्क्रैप उनके द्वारा टाटा स्टील से खरीदी गई है। उन्होंने बताया कि उन्हें समझ में नहीं आ रहा है कि यह छापेमारी किसकी शिकायत पर की गई है हालांकि छापेमारी के दौरान टाटा स्टील के अधिकारी निखिल खरे एवं सिक्योरिटी ऑफिसर महेंद्र सिंह बानरा के साथ आधा दर्जन अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। उन्होंने ऑफ द रिकॉर्ड दावा किया कि जप्त स्लग में 90 फीसदी माल टाटा स्टील गम्हरिया डिवीजन का है। जबकि, कंपनी के अधिकारी जो दस्तावेज दिखा रहे हैं वह जमशेदपुर यूनिट का है. वह भी आधा अधूरा है। अब किसके दावे में कितनी सच्चाई है यह तो जांच के बाद ही पता चल सकेगा। सूत्रों की माने तो टाटा स्टील गम्हरिया डिविजन से बड़े पैमाने पर स्क्रैप की चोरी होती है जिसमें कंपनी के ही अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ सुरक्षा कर्मियों की मिलीभगत होती है।

## साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादी



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**सरायकेला।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में मंगलवार को जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त रविशंकर शुक्ला द्वारा साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतू आए लोगो से क्रमवार मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हो उपायुक्त नें संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदन का नियमानुसार यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए,साथ ही सभी योग्य लाभुकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया गया।

जनता दरबार में मुख्य रुप से भूमि सम्बन्धित मामले, तमोलिया कपाली मुख मार्ग में नाला निर्माण, राजनगर प्रखंड के बड़ासिजुलता पंचायत के रामपुर में सरकारी तलाब का जीर्णोद्धार, गम्हरिया प्रखंड के बाघरायसाईं मे सरकारी तलाब का जीर्णोद्धार, आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु राशन कार्ड में सुधार करने, आदित्यपुर के मांझीटोला में सड़क पर अतिक्रमण के विरुद्ध करवाई, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका चयन में अनियमित्ता बरतने समेत विभिन्न विभाग से सम्बन्धित आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनो में कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट निराकरण किया गया तथा अन्य सभी आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों आवेदको को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के तहत को अग्रसरित किया गया।

> ❑ प्राप्त शिकायतों के निष्पादन के लिए पदाधिकारियों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

## विष्णुगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बगोदर विधायक नागेंद्र महतो, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० अरुण कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार, प्रमुख जैबुन निशा, कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल, कोषाध्यक्ष दीपू अकेला एवं हजारीबाग सांसद प्रतिनिधि सुखदेव रजवार द्वारा संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। स्वास्थ्य मेला में कुल 18 स्टाल थे, जिसमें तेरह सौ मरीजों का जांच किया गया।

जिसमें पंजीकरण, सामान्य चिकित्सा, दावा वितरण, मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण कार्यक्रम, किशोरी स्वास्थ्य, एनसीडी क्लीनिक, टीबी, कुष्ठ, मलेरिया/फाइलेरिया, अंधापन एवं नाक, कान, गला संबंधित स्वास्थ्य, दंत चिकित्सा जांच, परिवार नियोजन कार्यक्रम, आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ कार्ड, आयुष कार्यक्रम, योग एवं आई०ई०सी के स्टाल शामिल थे। इस दौरान मुख्य स्थिति विधायक नागेंद्र महतो ने अपने संबोधन में आमजनों से आग्रह करते हुए कहा कि स्वास्थ्य ही धन है, जान है तो जहान है। जिस उद्देश्य से शिविर को लगाया गया है इस शिविर का लाभ सभी लोग भरपूर लें और शिविर के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाए ताकि लोग स्वास्थ्य को लेकर और जागरूक हो सके। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति खुद जागरूक हो और अपने साथ 10 और लोगों को स्वास्थ्य हेतु जागरूक करे।

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० अरुण कुमार सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य को लेकर जागरूक होना केवल एक व्यक्ति या जनप्रतिनिधियों के योगदान की बात नहीं है इसके लिए सामूहिक रूप से सभी लोगों को बढ़-चढ़कर आगे आना होगा। आगे उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें, हमने मिलकर लगभग सभी बीमारियों से जीत हासिल की है।

## जब तक गृहमंत्री इस्तीफा नही देंगे, विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**बरही** : सोमवार को प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी अरुण साहू के अगुवाई में जय बापु, जय भीम, जय संविधान अभियान के तहत अम्बेडकर सम्मान मार्च कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो विभिन्न मार्ग भामाशाह स्तिथ शिव मंदिर से बरही चौक से होते धनबाद रोड होते हुए हजारीबाग रोड़ डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी तथा संचालन जिला ओबीसी अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने किया।



सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश कहा कि 18वीं लोकसभा के शीतकालीन सत्र सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के अपमान के लिए देश के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया है। भाजपा हमेशा लोकतंत्र और संवैधानिक मुल्यों के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती। इस बार तो हद पार कर दी। संविधान के पचहत्तर वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के दलों ने संसद में सरकार से संविधान पर चर्चा की मांग रखी। अडानी, मणिपुर, संभल जैसे मामलों पर सदन में बहस की मांग लगातार ठुकराए जाने के बाद प्रतिपक्ष की संविधान पर चर्चा की मांग ली गई। समता समानता और न्याय के डॉ.भीमराव अंबेडकर के आदर्शों पर चलने की सलाह भाजपा को कतई रास नही आई।

सत्तापक्ष ने लगातार विपक्ष को बोलने से रोकने की कोशिश की। यही नही केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने डॉ.भीमराव अंबेडकर का अपमान कर संघ और भाजपा के मनुवादी मानसिकता उजागर कर दी। आरक्षण खत्म करने की साजिश के तहत भाजपा की संविधान बदलने की कोशिश को 2024 के आम चुनाव में जनता ने नाकाम कर दिया था और बैसाखी सरकार बनाकर लोकतांत्रिक मुल्यों का पाठ पढ़ाया था।

लेकिन भाजपा ये खीज अब संविधान निमार्ता पर निकाल रही है और बाबासाहेब का अपमान किया गया है ।लेकिन दुख की बात ये है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमित शाह को सीख देने के बजाय आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति तेज कर दी ।कांग्रेस समेत प्रतिपक्ष पीएम मोदी से अमित शाह के इस्तीफे की मांग की है। लेकिन मोदी सरकार डॉ.भीमराव के अपमान को अपराध मानने को तैयार नही है। उल्टे भाजपा ने सांसद की कारवाई ठप रखी है। यही नही अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे सांसदों के साथ धक्कामुक्की की गई। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को गिरा दिया गया। भाजपा ने षड़यंत्र के तहत नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ संगीन धराओं के तहत एफ आइ आर दर्ज करा दी गई । उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर के अपमान को लेकर अमित शाह के इस्तीफे का मांग अटल है। जब तक अमित शाह इस्तीफा नही देंगे हम विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। मार्च का अगुवाई कर रहें कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी अरुण साहू ने सभी को अभिनंदन करते हुए कहा की डॉ. आंबेडकर की विरासत की रक्षा के लिए हमारे संघर्ष को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया जाएगा!

## सड़क सुरक्षा को लेकर जिले में निकाली गई जागरूकता रैली

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**सरायकेला।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत सरायकेला-खरसावां जिले में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन मंगलवार को एनआर प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्रों ने जागरूकता रैली निकाली। जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

रैली विद्यालय परिसर से शुरू होकर आसपास के पोषक क्षेत्र में भ्रमण करते हुए वापस विद्यालय पहुंची। इसमें शामिल छात्रों ने सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नारे लगाए और नियमों का पालन करने का संदेश दिया। गिरजा शंकर महतो ने कहा, 'सड़क सुरक्षा हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है। सभी को नियमों का पालन करना चाहिए ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके।


जागरूकता रैली जैसे कार्यक्रमों से बच्चों और समाज में जागरूकता बढ़ती है। रैली में बड़ी संख्या में छात्रों की भागीदारी रही, जिन्होंने अपने उत्साह और जोश के साथ सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने में अहम योगदान दिया।

## डुरूआ फायरिंग व चाकूबाजी मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**लातेहार** : सदर थाना के रेलवे स्टेशन स्थित डुरूआ क्षेत्र में सोमवार को हुए फायरिंग और चाकूबाजी मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस सिलसिले में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने मंगलवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर विस्तृत जानकारी दी ।

एसपी ने बताया कि इस मामले के उद्भेदन के लिए एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी सागर शर्मा को बालूमाथ थाना क्षेत्र के मकईयाटांड से गिरफ्तार कर लिया। बताया कि डुरूआ निवासी सदाकत अंसारी और रमेश शर्मा के बीच जमीन विवाद इस हिंसक घटना का कारण बना। पुलिस के अनुसार, रमेश शर्मा, उनकी पत्नी मूर्ति देवी और उनके पुत्र सागर शर्मा ने सदाकत अंसारी पर कुल्हाड़ी और चाकू से जानलेवा हमला किया। घटना के दौरान फायरिंग भी की गई, जिससे सदाकत गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं गिरफ्तार आरोपी सागर शर्मा की निशानदेही पर डुरूआ स्थित उसके घर से अवैध हथियार बरामद किए गए हैं। एसपी न आगे बताया कि घटना में शामिल रमेश शर्मा और उनकी पत्नी मूर्ति देवी अब भी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। छापेमारी दल में लातेहार थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े, राजा दिलावर, विक्रांत कुमार उपाध्याय, सुरेंद्र कुमार महतो, रामाकांत गुम, कुबेर प्रसाद देव और सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।



### बनवारी साहू महाविद्यालय में इग्नू पाठ्यक्रमों में नामांकन 31 तक

**लातेहार** : बनवारी साहू महाविद्यालय स्थित इग्नू शिक्षार्थ सेवा केंद्र 3 में स्नातक, परास्नातक, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स जैसे विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकन प्रक्रिया जारी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए केंद्र के कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर शत्रुघ्न मेहता ने बताया कि नामांकन की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है।प्रोफेसर मेहता ने कहा कि इग्नू द्वारा संचालित ये पाठ्यक्रम छात्रों और कामकाजी पेशेवरों के लिए विशेष रूप से उपयोगी हैं, जो उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं लेकिन नियमित कक्षाओं में भाग लेने में असमर्थ हैं।

# प्रखंड मुख्यालय में लाभुकों के बीच परिसम्पत्तियों का हुआ वितरण

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय सभागार में मंगलवार को लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों के वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बगोदर विधायक नागेंद्र महतो तथा श्रम अधीक्षक हजारीबाग अनिल देव रंजन, प्रमुख जैबुन निशा, प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार, अंचलाधिकारी नित्यानंद दास, कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, हजारीबाग सांसद प्रतिनिधि सुखदेव रजवार, माण्डू विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार मंडल एवं अल्पिटो मुखिया प्रतिनिधि धनेश्वर यादव द्वारा संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीपीओ ममता सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में सात किसानों के बीच 04 लाख 2000 रुपये का केसीसी ऋण, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 14 लाभुकों को आवास, झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित 11 लाभुकों को अबुआ आवास, जेएसएलपीएस के द्वारा सात महिला मंडल को सीसीएल के तहत दो करोड़ सतरह लाख पचास हजार रुपये का ऋण, बिरसा सिचाई कूप योजना के तहत 11 लाभुकों को बिरसा कूप सिंचाई, 11 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल, दो दिव्यांग के बीच ट्राइसाइकिल,10 छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल यूनिफॉर्म, वृद्धा/विधवा पेंशन योजना के 22 लाभुकों को स्वीकृति देकर प्रमाण पत्र, उद्यान विकास योजनांतर्गत सब्जी की खेती के लिए 05 लाभुकों को सब्जी का बीज एवं 06 लाभुकों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण बगोदर विधायक नागेंद्र महतो तथा उपस्थित अन्य लोगों के द्वारा वितरण किया गया।




बगोदर विधायक नागेंद्र महतो ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आप इन परिसंपत्तियों का सदुपयोग कर अपने जीवन को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएं। जिस काम के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, उसे लगन के साथ करें। वर्तमान में मईया सम्मान योजना, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन से जरूरतमंद लोग वंचित हैं। हमने झारखंड भीख से नहीं बल्कि आंदोलन, संघर्ष और बलिदान से हासिल किया है। उन्होंने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि एक महिला चाहे तो सम्पूर्ण परिवार को संवार सकती है, आग्रह करते हुए कहा कि तमाम बहने शिक्षा पर जोर दें। आगे उन्होंने कहा कि योजना के लाभ से हो रहे फायदे पर विचार करना है और उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जेएसएलपीएस की दीदी लोगों को देखिए वह आत्मनिर्भर भी हैं और उनके द्वारा समाज को जागरूक करने का काम बेहतर तरीके से किया जाता है। मुखिया उत्तम महतो,नन्हकू महतो, लक्ष्मी कुमारी, रामचंद्र यादव, निर्मल कुमार, दुलारचंद पटेल, राजेंद्र मंडल, पसंस महताब हुसैन, भीखन रविदास, खाद आपूर्ति पदाधिकारी पियूष सिन्हा, रोजगार सेवक मदन यादव, बेलाल अंसारी, सुरेश राम, सुशील मंडल, कुणाल कुमार, महादेव देहाती, सीमा देवी समेत काफी संख्या में जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### 80 वाहनों की जांच में ढाई लाख का वसूला जुर्माना

**बोकारो।** राष्ट्रीय राजमार्ग 23 पर बालीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बालीडीह टोल प्लाजा पर परिवहन विभाग की ओर से मंगलवार को चलाए गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान 37 वाहनों से 02.50 लाख का जुमार्ना वसूल किया गया। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर एवं मोटरयान निरीक्षक कमल किशोर द्वारा संयुक्त जांच अभियान चलाकर मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में कुल 37 वाहन से 02.50 लाख रुपए जुमार्ना वसूला गया। डीटीओ एवं एमवीआई के संयुक्त नेतृत्व में अभियान के तहत कुल 80 वाहनों की जांच की गई, जिसमें रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग एवं टैक्स फेल होने को लेकर 37 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला गया।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन आज

**बोकारो।** पुलिस मुख्यालय झारखण्ड, रांची के निर्देशानुसार नागरिकों की शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण तथा पुलिस एवं नागरिकों के बीच अविश्वास एवं दूरी को समाप्त करने के उद्देश्य से बुधवार को आमजनों की शिकायतों के निवारण हेतु जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। चंदनकियारी, पिण्ड्राजोरा, चास, महिला थाना-चास, बरमसिया ओपी, अमलाबाद ओपी, भोजूडीह ओपी, चन्द्रपुरा, बोकारो झरिया, दुग्धा, बालीडीह, बालीडीह ओपी, माराफारी, सिटी थाना, सेक्टर-4 थाना एवं सेक्टर-6 थाना क्षेत्र के आमजन को पुलिस से संबंधित कोई शिकायत एवं अन्य प्रकार की शिकायत हो तो, उसपर त्वरित निष्पादन/निवारण हेतु आइटीआइ कैम्पस पिण्ड्राजोरा, डीवीसी प्लस टू हाईस्कूल चन्द्रपुरा, सेक्टर-टू डी कला केन्द्र बोकारो एवं मध्य विद्यालय सिवनडीह माराफारी में उक्त निर्धारित तिथि पर आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी बात रख सकते हैं।

## सावधान, स्पीड रडार गन की है आप पर नजर, तय सीमा से अधिक रफ्तार में गाड़ी चलाई तो कटेगा चालान

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** सड़कों पर वाहनों को तेज गति से दौड़ाने वाले चालक अब संभल जाएं।
ट्रैफिक पुलिस ने तेज गति से वाहन चलाने वाले चालकों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसके लिए स्पीड रडार गन को प्रयोग में लाया जा रहा है। इससे दूर से वाहन की रफ्तार को कैच किया जा सकता है और लिमिट से अधिक स्पीड होने पर पास आने पर चालान की कार्रवाई कर दी जाती है। यहां बता दें कि हाल ही में ट्रैफिक पुलिस को स्पीड रडार गन प्राप्त हुई है। एक- दो दिन इसके प्रयोग को जाना समझा गया। इसके बाद मंगलवार से उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर आदेश पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस स्पीड रडार गन का प्रयोग खासकर शहर के डायवर्सन रोड व आसपास के भीड़-भाड़ वाले इलाकों में प्रयोग किया जा रहा है। स्पीड रडार गन की मदद से वाहन चालक को सबूत के तौर पर वीडियो भी दिखाया जा सकता है।



### बोलीं डीटीओ- सड़क हादसों में आएगी कमी

जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर एवं यातायात निरीक्षक आर.के. राणा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि स्पीड गन की मदद से हादसे कम होंगे, सबूत भी रहेगा। साथ ही स्पीड रडार गन के माध्यम से चालान की कार्रवाई शुरू हो गई है। इस कारण वाहन चालक निर्धारित रफ्तार में ही वाहन चलाएंगे। इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। डायवर्सन रोड पर ही वाहन चालक तय गति से तेज वाहन चलाते हैं। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस वाहनों की जांच करेगी कि कोई वाहन तेज गति से तो नहीं चल रहा। तेज गति से आ रहे वाहन चालक का चालान काटा जाएगा।

### नेशनल स्पोर्ट क्लाइम्बिंग चैंपियनशिप

## टीएसएएफ के पर्वतारोहियों ने चौथी बार जीता चैंपियनशिप का खिताब



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) के प्रतिभाशाली पर्वतारोहियों ने बेंगलुरु में 18 से 21 जनवरी 2025 तक आयोजित 28वीं नेशनल स्पोर्ट क्लाइम्बिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराया। 28 खिलाड़ियों की टीम (17 पुरुष और 11 महिलाएं) ने बोल्डरिंग, लीड और स्पीड क्लाइम्बिंग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर कुल 17 पदक जीते।
टीएसएएफ स्पोर्ट क्लाइम्बिंग अकादमी के कोच कुमार गौरव ने आईएमएफ ईस्ट जोन के कोच की भूमिका निभाई, जबकि टीएसएएफ स्पोर्ट क्लाइम्बिंग अकादमी की एडमिनिस्ट्रेटर रोशनी बिष्ट आईएमएफ ईस्ट जोन की मैनेजर रहीं। इसके अतिरिक्त, टीएसएएफ स्पोर्ट क्लाइम्बिंग अकादमी की फिजियोथेरेपिस्ट दिशा दंगट टीम के साथ आधिकारिक प्रतिनिधि के रूप में शामिल रहीं।
प्रत्येक पदक के साथ जुड़े अंकों के आधार पर जोन की रैंकिंग तय होती है, और सबसे ज्यादा अंक अर्जित करने वाला जोन राष्ट्रीय ट्रॉफी का विजेता बनता है। टीएसएएफ के पर्वतारोहियों द्वारा प्रतिनिधित्व किए गए ईस्ट जोन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 41 अंक हासिल किए और राष्ट्रीय चैंपियन का गौरव हासिल किया। यह चौथी बार है जब हमारे पर्वतारोहियों ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती है। इससे पहले हम 2019, 2022, 2023 और 2024 में यह खिताब जीत चुके हैं। 17 में से 1 पदक ओडिशा टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन स्पोर्ट क्लाइंबिंग हाई परफॉर्मेंस सेंटर के एथलीट ने जीता, जबकि शेष पदक टीएसएएफ झारखंड के एथलीटों ने जीते।
पूर्व टीएसएएफ कैडेट्स, जिन्होंने प्रतियोगिता में अन्य क्षेत्रों से भाग लिया, ने भी विभिन्न पदक जीते। अमन वर्मा ने ओपन मेन्स बोल्डरिंग में गोल्ड मेडल और लीड में सिल्वर मेडल जीते। सचिन सरोज ने ओपन मेन्स लीड में ब्रॉन्ज मेडल जीता। महिलाओं के इवेंट्स में, अनीशा वर्मा ने लीड में गोल्ड मेडल और ओपन विमेंस बोल्डरिंग में ब्रॉन्ज मेडल जीता। टीएसएएफ स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग को बढ़ावा देने के प्रति प्रतिबद्ध है और अगले पीढ़ी के एथलीटों को इस खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है।

# पति ने गला घोंटकर कर दी गर्भवती पत्नी की हत्या

### एसपी ने किया लक्ष्मी हत्याकांड का खुलासा, आरोपी पति गिरफ्तार

- शादी के बाद तमिलनाडु से बोकारो लाकर कुकृत्य को दिया अंजाम

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** बीते 19 जनवरी को बोकारो रेलवे स्टेशन जाने वाले रास्ते के किनारे सेंट्रल स्कूल के समीप एक खंडहर से विवाहिता का शव बरामद किए जाने की गुत्थी बोकारो पुलिस ने घटना के दो दिन के अंदर सुलझा ली है। मृतका की शिनाख्त बिहार के गया जिला स्थित मालती गांव निवासी लक्ष्मी कुमारी (20) के रूप में हुई है। उसकी हत्या गला दबाकर की गई और हत्यारा कोई और नहीं, बल्कि खुद उसका पति ही निकला।
इस मामले का खुलासा बोकारो एसपी मनोज स्वर्गियारी ने किया है। मंगलवार को एक प्रेसवार्ता में एसपी ने बताया कि लक्ष्मी की हत्या उसके पति पिंड्राजोरा के कुमारदागा स्थित काशीटांड़ गांव निवासी रोहित महतो (19) ने कर दी और फरार हो गया। उसने लक्ष्मी की हत्या करने के बाद उसे उक्त खंडहर के शौचालय में शव को रख दिया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर युवती की पहचान की और रोहित के बारे में तफ्तीश की। इसके बाद रोहित को चास के वंशीडीह स्थित उसके चाचा के घर दबोचा गया। उसके पास से युवती का मोबाइल व अन्य सामान भी जब्त किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध भी स्वीकार कर लिया है।



### तमिलनाडु में एक कारखाने में साथ करते थे काम

प्रेस-वार्ता के दौरान मुख्यालय डीएसपी अनिमेष गुप्ता ने बताया कि रोहित और लक्ष्मी, दोनों तमिलनाडु के बल्लमपलानौर में सुप्राजीत फैक्ट्री में साथ में काम करते थे। इसी दौरान उन दोनों की नजदीकियां बढ़ने लगीं और प्यार हो गया। सितंबर 2024 में दोनों ने शादी कर ली, लेकिन लड़के ने इस बात की सूचना अपने परिवार वालों को नहीं दी। लक्ष्मी गर्भवती भी हो गई थी। वह बार-बार रोहित को अपने घर यानी अपने ससुराल ले जाने तथा वहीं रखने का दबाव बना रही थी। इससे रोहित खिन्न हो गया और इससे निजात पाने के लिए उसने रास्ते से हटा देने की साजिश रची।

### बना रखे थे फर्जी दस्तावेज

पुलिस ने आरोपी पति के पास से मृतका का मोबाइल, कुछ कपड़े और शादी के दौरान उपयोग किया गया माला, आरोपी का खून लगा कपड़ा आदि जब्त किया है। आरोपी के पास से लड़की का फर्जी आधार कार्ड भी बरामद किया गया है, जिसमें पति के स्थान पर उसने अपना नाम लिखवा दिया था। मामले का खुलासा करने वाली पुलिस की छापामारी टीम में डीएसपी के अलावा थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह, एसआई वीरमणि कुमार, शशिकांत ठाकुर, संदीप कुमार, अजय कुमार राय, सुभाष मुर्मू, बलदेव यादव, अजय कुमार पासवान, सिपाही बैजनाथ राउत, राजेश पासवान, सुनील सिंह, सौरभ सिंह आदि शामिल थे।

### बीच रास्ते ही सांसों के साथ टूट गए लक्ष्मी के अरमान

एसपी के अनुसार, तमिलनाडु से बीते 17 जनवरी को रोहित लक्ष्मी को अपने घर काशीटांड़ में ले जाने का आश्वासन देकर लाया। लक्ष्मी भी ससुराल के अपने कई सपने संजोए कदम आगे बढ़ाती चली जा रही थी, लेकिन दुर्भाग्यवश बीच रास्ते ही वह अपनी जान अपने ही निर्दयी पति के हाथों गंवा बैठी। रोहित उसे लेकर बोकारो रेलवे स्टेशन तक तो जरूर आया, लेकिन उसके ससुराल ले जाने से पहले ही उसे मार डाला। उसने लक्ष्मी से झूठ कहा कि स्टेशन के पास में ही उसका घर है। यह कहकर स्टेशन जाने वाली सड़क पर पैदल जाने लगे। केंद्रीय विद्यालय के पास रास्ते में उसे खंडहर भवन और सुनसान जगह दिखी तो वह बेर खाने के बहाने र युवती को खंडहर में ले गया और वहीं अंदर ले जाकर उसने लक्ष्मी को गला घोंटकर मार डाला। इसके बाद उसके दुपट्टे से उसका हाथ बांधकर खंडहर के शौचालय में शव को फेंक दिया। मामले को दूसरा रंग देने तथा पुलिस को गुमराह करने के लिए युवती के कुछ कपड़े इधर-उधर फेंक दिए। उसके बाद वह चास स्थित अपने चाचा के घर जाकर रहने लगा।

## 4 से 12 तक चिटाही धाम श्रीरामराज मंदिर में होगा महायज्ञ : सांसद

- कुमार विश्वास, पवन सिंह सहित कई नामचीन हस्तियों के होंगे कार्यक्रम

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** निकटवर्ती चिटाही धाम स्थित श्रीश्री रामराज मंदिर तृतीय भव्य वार्षिक महोत्सव 4 से 12 फरवरी तक महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।
इस भव्य कार्यक्रम में कवि एवं कथावाचक कुमार विश्वास, भोजपुरी सुपर स्टार पवन सिंह सहित कई नामचीन हस्तियों के भी कार्यक्रम होंगे। मंगलवार को इसे लेकर बोकारो सांसद आवास में एक बैठक हुई। इस अवसर धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि महायज्ञ की शुरूआत भव्य शोभायात्रा के साथ की जाएगी। इसमें कानपुर की झांकी रहेगी। पांच फरवरी को विराट बांग्ला यात्रा का मंचन होगा। 6 फरवरी को श्रीश्री रविशंकर जी की ओर से आध्यात्मिक संदेश दिया जाएगा। इसी दिन स्वाति मिश्रा द्वारा भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा। 7 फरवरी को साध्वी सरस्वती जी द्वारा कथा वाचन किया जाएगा। 8 फरवरी को कवि सम्मेलन में कुमार विश्वास आएंगे। 9 फरवरी को भोजपुरी गायक पवन सिंह की ओर से भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। 10 एवं 11 फरवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। 12 फरवरी को गंगा आरती आतिशबाजी होगी।
महायज्ञ को लेकर प्रत्येक दिन दोपहर एक बजे भंडारा का आयोजन किया जाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने कहा कि इस महायज्ञ में मुख्य यजमान सांसद ढुलू महतो व सावित्री देवी होंगे। मौके पर भाजपा नेता मुकेश राय, साधुशरण गोप, आरती राणा, अभय कुमार मुन्ना, नितिन, माना सिंह, शंकर रजक, अभिषेक कुमार ध्रुव, मिहिर सिंह, सुभाष महतो, मंटू राय, अमर स्वर्णकार, विक्की राय, मनोज सिंह, धीरज झा, ब्रज दुबे, अर्चना सिंह, टिंकू तापड़िया, कन्हैया पांडेय, मोहन चक्रवर्ती, ऋषभ राय, राज सिंह, सीमा सिंह, प्रीती गुप्ता, करुणा नारायणी, कृष्णा महतो, संदीप टुन्ना, भानु प्रताप सिंह, धर्मेंद्र महतो, जितेंद्र गोस्वामी आदि मौजूद थे।




## रचनागोष्ठी में साहित्यकारों की प्रस्तुति से अभिभूत हुए श्रोता



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** बोकारो की साहित्यिक संस्था साहित्यलोक की मासिक रचनागोष्ठी कवि व गायक अरुण पाठक के सेक्टर 6 डी स्थित आवास पर आयोजित हुई। वरिष्ठ साहित्यकार रणधीर चन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता व साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा के संचालन में आयोजित इस रचनागोष्ठी में साहित्यकारों ने लोकजीवन, परंपरा, प्रेम, पर्व-त्योहार, मानवीय संवेदनाओं पर केंद्रित रचनाएं सुनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा की अभिव्यक्ति से सभी को अभिभूत कर दिया। रचनागोष्ठी की शुरूआत जयंती पाठक द्वारा प्रस्तुत महाकवि विद्यापति रचित भगवती वंदना जय जय भैरवि.. से हुई। तत्पश्चात अमन कुमार झा ने अपनी रचना गुरु दक्षिणा मैथिली कहानी में विवाह के पारंपरिक रीति-रिवाजों व बदलते परिवेश में आए उनमें बदलाव की उहापोह को बहुत ही रोचक शैली में व्यक्त किया। राजेन्द्र कुमार ने मैथिली लघुकथा बिसरि जाइत छी में जीवन में भूल जाने की आवश्यकता को मार्मिक अंदाज में प्रस्तुत किया। शैलजा झा ने हिन्दी कविता स्त्री धन व मैथिली कविता ससम्मान एकटा प्रणाम, डॉ रणजीत कुमार झा ने जींस वाली कनिया, नीलम झा ने हिन्दी में रात के गहरे अंधेरे में जुगनू जगता रहा चुपचाप व मैथिली में कोना क पूछब अथक प्रश्न, वरिष्ठ साहित्यकार विजय शंकर मल्लिक सुधापति ने नव वर्ष पर बितलै चौबीस एलै पच्चीस, हे दाय नुनु करु अख्यास, अरुण पाठक ने मैथिली गीत, वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा ने अंग्रेजी नव वर्ष की जगह भारतीय नव वर्ष की वकालत करती मैथिली कविता व कुंभ पर एक बहुत ही मार्मिक कविता सुनाकर सबकी प्रशंसा पाई। अध्यक्षीय काव्य पाठ करते हुए रणधीर चन्द्र गोस्वामी ने हिन्दी कविता चलते ही रहेंगे हम व पापा सुनाकर सबकी दाद पाई।

## गणतंत्र दिवस की झांकी को लेकर डीडीसी ने की चर्चा

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त (डीडीसी) गिरिजा शंकर प्रसाद ने आगामी 76 वें गणतंत्र दिवस पर विभिन्न विभागों द्वारा निकाले जाने वाली झांकी के थीम पर मंगलवार को चर्चा की।
मौके पर डीआरडीए निदेशक मेनका, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक पियूष, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला पशु पालन पदाधिकारी डा. मनोज मणि, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य विभागों के कर्मी उपस्थित उपस्थित थे। उप विकास आयुक्त ने क्रमवार विभिन्न विभागों के झांकी की तैयारी और उसके थीम की जानकारी ली। इस क्रम में पुलिस विभाग द्वारा साइबर क्राइम/डिजीटल एरेस्ट, अग्निशामन विभाग द्वारा आग बुझाने की गतिविधि, नगर निगम चास द्वारा रेन वार्टर हार्वेस्टिंग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा जगरनाथ मंदिर, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान भारत- डिजीटल मिशन, मत्स्य विभाग द्वारा केज फिसिंग, गव्य एवं पशुपालन विभाग द्वारा पेट क्लिनिक - मुख्यमंत्री पशुधन योजना, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा ग्रे वाटर मैनेजमेंट, कृषि- नाबार्ड - अग्रणी बैंक द्वारा कृषक पाठशाला/ एफपीओ, जेएसएलपीएस द्वारा आर्थिक गतिविधि/ लखपति दीदी, जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा माडल आंगनबाड़ी केंद्र, सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा मईयां सम्मान योजना एवं परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित थीम की जानकारी दी गई।

## धन्वंतरि क्रीडा उद्यान का उद्घाटन

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** डीपीएस चास में विद्यार्थियों के शारीरिक फिटनेस को ध्यान में रखते हुए धन्वंतरि क्रीडा उद्यान का निर्माण किया गया है, जिसका उद्घाटन मंगलवार को बोकारो के जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे ने किया। इस क्रीडा उद्यान में शारीरिक फिटनेस बनाए रखने हेतु विभिन्न प्रकार की आधुनिक व्यवस्था की गई है। यह विद्यालय द्वारा इन-हाउस संसाधनों में एक महत्वपूर्ण विकास है, जो डीपीएस चास की गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए डीएसई श्री चौबे ने कहा कि व्यायाम विद्यार्थियों के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नियमित रूप से व्यायाम करने वाले विद्यार्थी शारीरिक और मानसिक रूप से तंदुरुस्त रहते हैं। उन्होंने डीपीएस चास परिवार को इस प्रकार की व्यवस्था के लिए धन्यवाद दिया।

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ मना आरआर नृत्यशाला एंड आट्र्स स्कूल का वार्षिकोत्सव



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** वास्तु विहार-4 स्थित आर आर नृत्यशाला एंड आट्र्स स्कूल का द्वितीय वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। स्कूल की प्राचार्या रजनी पाढ़ी की अध्यक्षता में आयोजित इस वार्षिकोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कला-संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला और लोगों से नृत्य, संगीत व ललित कलाओं से जुड़ने का आह्वान किया। इस दिशा में स्कूल द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या रजनी पाढ़ी सहित कमेटी सदस्यों उमेश ठाकुर, राकेश चक्रवर्ती, मन्टू सिंह, संतोष, मैत्री मुखर्जी, सशीला सिंह और सभी कॉलनी निवासियों ने विधायक का स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति से सभी को आनंदित किया। प्राचार्या रजनी पाढ़ी ने बताया कि इस संस्था में अनेक कलाओं नृत्य, संगीत, वाद्य, चित्रकला, ताइक्वान्डो और औरतों के लिए जुम्बा डांस का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस अवसर पर संस्कार भारती बोकारो जिला के मंत्री स्वरूप शेखर पांडेय सहित राजेश चौधरी, धर्मवीर सिंह, रमानन्द पाढ़ी, आचार्य सुभाश, सुभम, राहुल प्रताप, आनंद, क्रिश, राजकुमारी मिश्रा, संजली तिवारी आदि उपस्थित थे।

# डीपीएस बोकारो को मिला सेवेन स्टार रैंकिंग अवार्ड

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुपालन की दिशा में किए जा रहे अनुकरणीय प्रयासों के लिए दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो को सेवेन स्टार रैंकिंग अवार्ड से नवाजा गया है। नई दिल्ली में सीईडी (सेंटर फॉर एजुकेशनल डेवलपमेंट) इंडिया इनिशिएटिव की ओर से स्कूल लीडर कांफ्रेंस के तहत स्टार रैंकिंग अवार्ड समारोह के दौरान विद्यालय को यह गरिमामयी उपलब्धि मिली।
विद्यालय की ओर से उपप्राचार्य अंजनी भूषण ने कुमारमंगलम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. डॉ. दिनेश सिंह, एनसीईआरटी (राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान परिषद) के संयुक्त निदेशक डॉ. श्रीधर श्रीवास्तव एवं सीबीएसई के उप सचिव (कौशल शिक्षा) सतीश पहल सहित अन्य शीर्ष शिक्षाविदों की उपस्थिति में यह सम्मान ग्रहण किया। देशभर से 1000 से अधिक प्रविष्टियों में 140 उक्त अवार्ड के लिए चुने गए। इनमें एनईपी कैटेगरी में डीपीएस बोकारो सेवन स्टार रैंकिंग पानेवाला झारखंड का एकमात्र स्कूल रहा। नई दिल्ली से पुरस्कार प्राप्त कर लौटने के उपरांत मंगलवार को विद्यालय में आयोजित विशेष एसेंबली के दौरान उप प्राचार्य अंजनी भूषण ने उपप्राचार्या मनीषा शर्मा एवं शालिनी शर्मा के साथ प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार को यह अवार्ड सुपुर्द किया। इस दौरान पूरा वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजरित हो उठा। प्राचार्य डॉ. गंगवार ने विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को यह पुरस्कार समर्पित करते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसी उपलब्धियां हमें और कड़ी मेहनत के साथ काम करने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने आशा जताई कि सभी के सहयोग से विद्यालय आगे और भी ऐसे नए आयाम व कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा।
प्राचार्य डॉ. गंगवार ने बताया कि डीपीएस बोकारो नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप अधिक से अधिक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और विकास-उन्मुख शिक्षा प्रदान करने तथा उनके समग्र उत्थान के प्रति पूरी तरह से कटिबद्ध है। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए हमने अपनी बुनियादी अवसंरचना को सुदृढ़ किया है और इस शैक्षणिक सत्र से ह्यूमैनिटीज (मानविकी) संकाय की शुरूआत की है। साथ ही, छात्रों को विविध नवीन संसाधनों के माध्यम से अनुभवात्मक शिक्षा के अवसर प्रदान किए जाते हैं। वर्चुअल रियलिटी, कॉमर्स लैब, एयरो लैब और रोबोटिक्स लैब जैसी सुविधाएं विद्यार्थियों को कक्षा में पढ़ाए गए सिद्धांतों को देखने, समझने और व्यावहारिक रूप से लागू करने में सक्षम बनाती हैं। शैक्षणिक भ्रमण उनके दृष्टिकोण को और विस्तारित करते हैं। विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जाते हैं, ताकि हमारी नई पीढ़ी को अधिकाधिक स्वरोजगारोन्मुखी अवसर भी दिए जा सकें।



# दिल्ली विस : चुनावी समर में आप, भाजपा व कांग्रेस आमने-सामने



विनोद कुमार सिंह

भाजपा व उनके कट्टर समर्थक कल तक दिल्ली सरकार आसीन आम आदमी पार्टी की मुखिया केजरीवाल व उनकी सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण कारी योजना(मुप्त योजना) सरकारी कर दाताओं की गढाई कमाई खजानों को लुटाने व फ्री की रेवडी पानी पी पी कर कोसने वाले भाजपा ने अपनी चुनावी भाषण व घोषणा पत्र आप सरकार के द्वारा वर्तमान में चलाने जाने वाली योजना यथावत चालु रखने की वकालत ही नहीं कर रही बल्कि कई अन्य लोक लुबावन मुफ्त योजना को लागु करने की घोषणा करते थक नहीं रही है।




विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की राजधानी दिल्ली नें एक बार फिर से राजनीतिक पंडितो को सोचने को मजबुर कर दिया है कि विश्व के सबसे व पुराने प्रजातंत्र के जन्म दाता भारत की राजनीति जिसका नाम बड़े ही अदब से लिया जाता है। उसी भारत की राजनीति का स्तर इतना गिर जायेगा कि सता के सिंघासन के लिए राजनेता व राजनीतिक दल सिद्धान्त विहीन हो कुछ भी कर सकता है। ऐसा ही घटना आयें दिनों को देखने मिलती रहती है।जैसा कि सर्व विदित है देश की राजधानी में दिल्ली विधान सभा चुनाव 25 की घोषणा चुनाव आयोग द्वारा हो गई है।एक ओर तो हाय रे दिल्नी की हाड़ कंपाने वाली सर्दी वही दूसरी ओर दिल्ली में भाजपा,आम आदमी पार्टी व कॉग्रेस जैसी राजनीतिक पार्टी द्वारा एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप के प्रहार से दिल्ली की भोली भाली जनता परेशानहै।खास कर जब से दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए तारीखों का एलान हुआ है। दिल्ली विधान सभा के चुनावी मैदान में भाजपा, आप और कांग्रेस ने कमर कस ली है।दिल्ली के सिंघासन पर आसीन होने के लिए तीनों राजनीतिक पार्टी में अपने मुद्दों से लेकर प्रत्याशियों तक पर मंथन चल रही है।70 सीट वाली इस विधान सभा की अहमियत कितनी है,इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है केन्द्र की सता में काबिज लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार भी तत्कालीन आम आदमी पार्टी की सरकार को हराने के लिए नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार चर्चा व चिन्तन का दौर चल रहा है।इस बैठक में दिल्ली विधान सभा चुनाव के पार्टी का घोषणा पत्र से लेकर उम्मीददारों का चयन व रणनीति बनाई जा रही है।ताकि दिल्ली में भाजपा अपनी सरकार बना सकें।केंद्र शासित प्रदेश होने के बावजूद राजधानी के कई बड़े मुद्दे यहाँ की स्थानीय सरकार के हिस्से में होते हैं।आप सभी के मन में प्रशन उठना स्वाभाविक है कि दिल्ली में जब केन्द्र सरकार की सता के सिंघासत पर स्वयं भाजपा व एन डी ए वाली गठबन्धन आसीन है तो दिल्ली के विधान सभा के विश्व के सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा व कांग्रेश पार्टी इतनी क्यूँ परेशान है। सर्व विदित रहे कि दिल्ली विधान सभा की ऐतिहासिक यात्रा भाजपा से शुरू होकर कांग्रेस और फिर आप का गढ़ कैसे बनी।इसकी पीछे की पृष्टिभूमि को जानना आवश्यक है। आजादी के बाद सन1952 पार्ट-सी राज्य के रूप में दिल्ली को एक विधानसभा दी गई।लैकिन सन् 1956 में उस विधानसभा को भंग कर दिया गया तथा सन् 1966 में दिल्ली को एक महानगर परिषद दी गई। दिल्ली राज्य विधानसभा 17 मार्च 1952 को पार्ट-सी राज्य सरकार अधिनियम,1951 के तहत अस्तित्व में आई।1952 की विधानसभा में 48 सदस्य थे।मुख्य आयुक्त को उनके कार्यों के निष्पादन में सहायता और सलाह देने के लिए एक मंत्रिपरिषद का प्रावधान था, जिसके संबंध में राज्य विधानसभा को कानून बनाने की शक्ति दी गई थी।राज्य पुनर्गठन आयोग (1955) की सिफारिशों के बाद दिल्ली 1 नवंबर 1956 से भाग-सी राज्य नहीं रही।दिल्ली विधानसभा और मंत्रिपरिषद को समाप्त कर दिया गया और दिल्ली राष्ट्रपति के प्रत्यक्ष प्रशासन के तहत केंद्र शासित प्रदेश बन गया।दिल्ली में एक लोकतांत्रिक व्यवस्था और उत्तरदायी प्रशासन की मांग उठने लगी।इसके बाद दिल्ली प्रशासन अधिनियम,1966 के तहत महानगर परिषद बनाई गई।यह एक सदनीय लोकतांत्रिक निकाय था जिसमें 56 निर्वाचित सदस्य और 5 राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत सदस्य होते थे।इसके बाद भी विधानसभा की मांग उठती रही।परिणाम स्वरूप 24 दिसंबर1987 को भारत सरकार ने सरकारिया समिति(जिसे बाद में बालकृष्णन समिति कहा गया) नियुक्त की।इस समिति ने 14 दिसंबर 1989 को अपनी रिपोर्ट पेश करते हुए सिफारिश की कि दिल्ली को केंद्र शासित प्रदेश बना रहना चाहिए,लेकिन आम आदमी से जुड़े मामलों से निपटने के लिए अच्छी शक्तियों के साथ एक विधानसभा दी जानी चाहिए। बालाकृष्णन समिति की सिफारिश के अनुसार,संसद ने संविधान (69वां संशोधन) अधिनियम,1991पारित किया,जिसने संविधान में नए अनुच्छेद 239अअ और 239अइ डाले,जो अन्य बातों के साथ-साथ दिल्ली के लिए एक विधानसभा की व्यवस्था करते हैं।लोक व्यवस्था, पुलिस और भूमि के मुद्दों पर विधानसभा को कानून बनाने का अधिकार नहीं था।1992 में परिसीमन के बाद1993 में दिल्ली में विधानसभा के चुनाव बाद दिल्ली को एक निर्वाचित विधानसभा व मुख्यमंत्री मिला।लैकिन इसके पूर्व 27 मार्च 1952 को पहली बार दिल्ली विधानसभा के चुनाव हुए। इस चुनाव में 5,21,766 मतदाता थे,जिनमें से 58.52% ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कांग्रेस को 48 में से 39 सीटों पर जीत मिली। .वही जनसंघ को पांच, सोशलिस्ट पार्टी को दो और एक-एक सीट पर हिंदू महासभा और निर्दलीय उम्मीदवार को जीत मिली।हालांकि,सन 1956 में विधानसभा को भंग कर दिया गया तथा सन 1992 में परिसीमन के बाद 1993 में दिल्ली विधानसभा फिर कराए गए।

आप को बता दे कि दिल्ली में अब तक सात बार चुनाव हुए हैं।सबसे ज्यादा कांग्रेस ने चार बार,आप ने दो बार(एक बार कांग्रेस के साथ मिलकर)भाजपा ने एक बार सरकार बनाई थी।शीला दीक्षित तीन बार और अरविंद केजरीवाल तीन बार मुख्यमंत्री बने।1993 के पहले चुनाव के बाद दिल्ली विधान सभा में भाजपा कभी भी अपनी वापसी नहीं कर सकी।इस बार दिल्ली विधान सभा के चुनाव में आम आदमी पार्टी के मुखिया व पूर्व मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप शराब घोटाले से लेकर सीएम आवास पर घिरी है।वहीं भाजपा पर वोटर लिस्ट में गड़बड़ी कराने के आरोप लगे हैं। 1991 के दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी अधिनियम के तहत विधानसभा बनी थी सन् 1993 में दिल्ली विधान सभा का पहला चुनाव हुआ।भाजपा ने जीत हासिल किये तथा मदनलाल खुराना दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे।उन्होंने दिल्ली को पूर्ण राज्य के दर्जे पर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की थी।वह मोतीनगर से चुनाव लड़कर विधानसभा पहुंचे थे।इस चुनाव में भाजपा ने 70 में से 49 सीटें जीती थीं और उसे 42.80 फीसदी वोट मिले थे। वही कांग्रेस को 34.50 फीसदी और जनता दल को 12.60 फीसदी वोट मिले थे। खुराना 26 फरवरी 1996 तक ही मुख्यमंत्री रह सके।उनकी जगह साहिब सिंह वर्मा सीएम बने।लेकिन चुनाव से पहले उनकी भी विदाई हो गई। 12 अक्तूबर 1998 को सुषमा स्वराज को सीएम बनाया गया। लेकिन प्याज के दामों ने दिल्ली की जनता ने भाजपा को सत्ता से बाहर कर दिया। सन 1998 में शीला दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेस ने जीत हासिल की।कांग्रेस को 52,भाजपा को 15, जनता दल को एक और निर्दलीयों को दो सीटें मिलीं। इसके बाद 2003 और 2008 में भी शीला दीक्षित ने कांग्रेस को जीत दिलाई। 2003 में कांग्रेस को 47 और भाजपा को 20 सीटें मिलीं। 2008 में भी भाजपा सत्ता से दूर रही।इस चुनाव में कांग्रेस को 43, भाजपा को 23 और बसपा को दो सीटें मिलीं।कांग्रेस ने इन दोनों चुनावों में अपने विकास कार्यों, मेट्रो प्रोजेक्ट और औद्योगिक क्षेत्र में मजदूर वर्ग को बढ़ावा देने के चलते जबरदस्त जीत हासिल हुई।लेकिन 2008 की जीत के बाद कांग्रेस की दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार दोनों ही विवादों में घिर गईं। कॉमनवेल्थ गेम्स घोटाले और भ्रष्टाचार के आरोपों पर घिरने के बाद शीला दीक्षित की लोकप्रियता में खासी गिरावट देखी गई।इसमें एक बड़ी भूमिका अन्ना हजारे के जनलोकपाल कानून के लिए किए गए आंदोलन की भी रही।अरविंद केजरीवाल समेत उनकी आम आदमी पार्टी का उदय भी इसी आंदोलन के बाद हुआ था।2013 में कांग्रेस के हाथ से छिनी सत्ता, आप को मिला मौका।नतीजतन नई नवेली आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस से कई सीटें छीन लीं।नव नवेली आम आदमी पार्टी ने शानदार प्रदर्शन किया लेकिन बहुमत से काफी दूर रही।31 सीटों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी।आप को 28 और कांग्रेस को महज 8 सीटें ही मिलीं।आप ने कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बनाई।लेकिन गठबन्धन की ये सरकार सिर्फ 49 दिन तक ही चल सकी। सन 2015 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल की अगुवाई में आप ने प्रचंड बहुमत हासिल कर नया इतिहास रचा।उसने 70 में से 67 सीटें जीतकर भाजपा-कांग्रेस का सूपड़ा पूरी तरह साफ कर दिया। 2013 में आप को 30 फीसदी वोट मिले थे जो 2015 में बढ़कर 54 फीसदी हो गया।अरविंद केजरीवाल दोबारा सीएम बने।पुन : 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने एक बार फिर 70 में से 62 सीटों पर जीत दर्ज की। पार्टी के वोट शेयर में 0.73 फीसदी की मामूली गिरावट दर्ज की गई। दिल्ली विधान सभा चुनाव 25 का यह चुनाव भाजपा,कॉंग्रेस व आम आदमी पार्टी नें दिल्ली की भोली भाली जनता को अपने पक्ष कर मतदान करने की अपील करते हुए दिख रहें।भाजपा व उनके कट्टर समर्थक कल तक दिल्ली सरकार आसीन आम आदमी पार्टी की मुखिया केजरीवाल व उनकी सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण कारी योजना(मुप्त योजना) सरकारी कर दाताओं की गढाई कमाई खजानों को लुटाने व फ्री की रेवडी पानी पी पी कर कोसने वाले भाजपा ने अपनी चुनावी भाषण व घोषणा पत्र आप सरकार के द्वारा वर्तमान में चलाने जाने वाली योजना यथावत चालु रखने की वकालत ही नहीं कर रही बल्कि कई अन्य लोक लुबावन मुफ्त योजना को लागु करने की घोषणा करते थक नहीं रही है।ऐसे में कई प्रशन उठना स्वाभाविक है कि -क्या आम आदमी पार्टी की सरकार की मुप्त योजना का भाजपा व कांग्रेस पार्टी समर्थन करती है।जिसका प्रभाव आने वाले चुनाव में असर अभी से दिखने लगा है।वही दूसरी ओर भाजपा की केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा दिल्ली विधान सभा चुनाव में टिकट बॅटवारे को लेकर आ रही है।अन्दर से दबे स्वर में उठने विद्रोह का ताजा उदाहरण तीन बार से रहे विधायक का टिकट काट कर आप के नेता कपिल मिश्रा की टिकट घोषणा होते ही विद्रोही विधायक ने जब स्वतंत्र उम्मीदबार के रूप चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी परिणाम स्वरूप पार्टी को तीसरी लिस्ट में सिर्फ एक उम्मीदवार घोषित करना पड़ा । खैर दिल्ली विधान सभा चुनाव के लिए कुछ हप्ते ही शेष रह गए हैं ,वही तीनों पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा इस बार दिल्ली विधान सभा चुनाव में अपने पार्टी व उम्मीदवारों कोजीत दिलाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है।दिल्ली विधान सभा 25 के चुनावी समर क्षेत्र में भाजपा,आप व कॉंगेस आमने - सामने है, लैकिन अन्तिम फैसला तो आगामी 5 फरवरी को मतदान व 8 फरवरी को मतगणना होगी। जिसका फैसला दिल्ली की जनता जनार्दन को करना है।उनका असली हितेषी व शुभ चिन्तक कौन है।इसके लिए हम व आप को 8 फरवरी तक इंतजार करना होगा।

## संपादकीय

### चौकसी जरूरी


प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान भीषण आग लगना चिंता की बात है। शुक्र है कि अखाड़े. वालों व दमकलकर्मियों ने फौरन आग पर काबू पा लिया। एकदिन पहले भी इसी तरह आग लगी थी। आग सेक्टर 19 में शास्त्रीय पुल के नीचे लगी। 25 में से 20 टेंट व ढेरों फूस की झोपड़ियां जलकर खाक हो गई। कहा गया खाना पकाते समय आग लगी, जिसमें तीन कुकिंग सिलेंड़रों के ब्लास्ट से श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। पूरे महाकुंभ मेले में एलर्ट जारी कर दिया गया। दमकल को घटनास्थल तक पहुंचने में देरी का कारण भीड़. बताया जा रहा है। हालांकि कोई जन हानि नहीं हुई है। मगर लोगों में दहशत जरूर फैल गई। आग की विकराल लपटें दारागंज-झूंसी के बीच बने नये ट्रेनपुल के करीब पहुंच गई। महाकुंभ स्पेशल ट्रेन को रोकने में नाकाम रेलवे ने उसे निकालने के बाद प्रयागराज-वाराणसी रेलमार्ग पर आने-जाने वाली तमाम ट्रेनों की आवा-जाही रोकी गई। उप्र के मुख्यमंत्री प्रयागराज में ही मौजूद थे, उन्होंने घटनास्थल का दौरा किया और मामले के मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए। भारी भीड़. को संभालना निश्चित रूप से बड़ी चुनौती है। ये टेंट निजी कंपनी द्वारा लगवाए गए हैं। मगर बता रहे हैं, इनके भीतर आग जलाने की बात उक्त कंपनी से नहीं की गई थी। 144 बाद के पड़ने वाले इस महाकुंभ का विशेष महत्त्व है। जिसे देखते हुए मौनी अमावस्या व बसंत पंचमी को भारी भीड़. पहुंचने का अंदाजा लगाया जा रहा है। इसे देखते हुए व्यवस्था को चाक-चौबंद रखना टेढ़ी खीर हो सकती है। पिछले यानी 2013 के कुंभ के दरम्यान तीन दर्जन श्रद्धालु भगदड़. में मारे जाने जैसी घटनाओं से सीख लेने की जरूरत है।

रेवड़ी कल्चर

### वायदों का बाजार है चुनाव

लगता है पूरा देश ही वायदों पर चल रहा है। हर चुनाव से पहले लोक लुभावन वायदे किए जाते हैं। एक पार्टी कुछ वायदा करती है दूसरी पार्टी उस से भी बड़ा वायदा कर देती, तीसरी पार्टी और दो-तीन चीजें बीच में बड़ा देती है। वायदे चुनावों में किए जाते हैं, फिर भूला दिए जाते हैं। जो पार्टी दिल्ली चुनाव में केजरीवाल के वायदों का यह कह कर विरोध कर रही थी कि पैसा कहां से आएगा, अपनी घोषणाओं से पहले पूरे आंकड़े प्रस्तुत कर रही थी कि दिल्ली के खजाने में इतना पैसा ही नहीं है; अब वही पार्टी अपने विरोधी से बड़े वायदे कर रही है। उन्हें भी पता है और जनता को भी पता है कि वायदे तो बस वायदे हैं। चुनाव के बाद यही वायदे चुनावी जुमले करार दे दिए जाएंगे। अगर इन वायदों में कुछ दम होता तो आज आजादी के 75 वर्ष बाद भी बिजली, पानी, सड़क, बेरोजगारी मूल मुद्दों में शामिल नहीं होते। जनता हर बार ऐसे वायदों को सुनती है और चुनाव के बाद इन वायदों के लालच में चुनी सरकार के कार्यों को देख अपना माथा पीटती है। आज चुनावों में बड़ी-बड़ी पार्टियों के उम्मीदवार करोड़ो रूपए पार्टी फंड के नाम पर देकर टिकट लेकर आते हैं, अब सोचने की बात यह है जो प्रत्याशी इतना पैसा खर्च टिकट ला रहा है वो जनता से किए वायदे पूरे करने के लिए जोर लगाएगा या अपनी 'इंवेस्टमेंट' को प्रॉफिट सहित निकालने की सोचेगा। जिस उम्मीदवार को जनता जिताकर भेजती है वही चुनाव जीतने के बाद जनता को अगूंठा दिखा वायदों को जुमला बता अपना पिंड छुटा लेता है। असल में जनता को यह चाहिए चुनावों के दौरान उम्मीदवारों से उनके और उनकी पार्टी के नए वायदों को एक तरफ रख पुराने वायदों के बारे में पूछे की उनका क्या हुआ? परंतु असल हालत यह है कि जनता भी जानती है कि यह वायदों का बाजार सिर्फ चुनावों में ही गर्म होता है। वोटों के बाद इनके पूरा होने की उम्मीद बबूल से आम की उम्मीद करने जैसा है। कुल मिलाकर, जनता सब समझती है पर बोलती कुछ नहीं, जिस दिन जनता बोलने लग गई और नेता से उनके वायदों पर सवाल पूछने लग गई। उस दिन इन वायदों के बाजार पर ताला लगने में देर नहीं लगेगी।

# क्या अमेरिका के मोदी साबित होंगे ट्रंप?



राकेश अचल

माननीय,सम्माननीय डोनाल्ड ट्रम्प अब अमेरिका के नए राष्ट्रपति है। ट्रम्प महोदय के शपथ ग्रहण के बाद ये अटकलें लगना शुरू हो गयीं हैं कि वे आज नहीं तो कल अमेरिका के मोदी साबित होंगे,क्योंकि ट्रम्प और भारत के प्रधानमंत्री प्रातस्मरणीय माननीय श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जीकी प्राथमिकताएं लगभग एक जैसी है। उनकी आक्रामकता ,उनकी सियासत में अदावती शैली मोदी जी की राजनीति से बहुत कुछ मेल खाती है। ट्रम्प के लिए अमेरिका के लिए कुछ नया दिखने का ये अंतिम अवसर है। अमेरिकी ट्रम्प को और मौका नहीं दे सकता।

डोनाल्ड ट्रंप ने अपने भाषण में कैच एंड रिलीज नीति को समाप्त करने का वादा करते हुए कहा कि वे दक्षिणी सीमा पर राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करेंगे और लाखों अवैध अप्रवासियों को वापस भेजेंगे। कैच एंड रिलीज शब्द का इस्तेमाल अक्सर अप्रवासियों को अदालत की तारीख तक हिरासत में रखने के बजाय रिहा करने की नीति के लिए किया जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह एक विशिष्ट कानून या नीति नहीं है और अब आम प्रथा नहीं है, जिसे ट्रंप खत्म करने की बात कह रहे हैं। उनके आदेश का विवरण भी स्पष्ट नहीं है।

भारत में भी अवैध प्रवासियों को लेकर मोदी सरकार लगातार जूझ रही है लेकिन भारत में अभी किसी भी सीमा पर आपातकाल की घोषणा नहीं की हई है। लेकिन ट्रम्प महोदय से प्रेरणा लेकर भारत में भी ऐसा कदम उठाया आ सकता है। कोई माने या न माने ट्रम्प और मोदी जी एक-दुसरे के ख्यालों [आइडियाज] की या तो नकल करते हैं या एक-दुसरे को प्रेरित करते हैं। दोनों की बातों में हवा -हवाई तत्व कॉमन है।

ट्रंप ने पनामा नहर को वापस लेने का भी वादा करते हुए कहा कि इस नहर के निर्माण के दौरान 38,000 अमेरिकियों की मौत हुई और चीन नहर का संचालन कर रहा है। सच्चाई ये है कि अमेरिकी निर्माण में 5,600 लोगों की मौत हुई थी और ये कैरिबियन के मजदूर थे। पनामा नहर के प्रशासक ने ट्रंप के इस दावे का खंडन किया है कि चीन नहर का संचालन कर रहा है।

उन्होंने कहा है कि इन बंदरगाहों पर काम कर रही चीनी कंपनियां हांगकांग के एक कंसोर्टियम का हिस्सा थीं, जिसने 1997 में बोली प्रक्रिया जीती थी। अमेरिकी और ताइवान की कंपनियां भी नहर के किनारे अन्य बंदरगाहों का संचालन कर रही हैं।मुमकिन है की भविष्य में भारत के प्रधानमंत्री जी भी चीन को आँखेंदीखते हुए चीन से भारत की हथियाई गयी जमीन पर अपना हक जताने लगें।

डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका में मुद्रास्फीति रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची और ऐसा अत्यधिक खर्च और बढ़ती ऊर्जा कीमतों से हुआ है। ये बात सही है कि अमेरिका में मुद्रास्फीति 2022 की गर्मियों में 9.1 फीसदी के चार दशक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी लेकिन देश में सबसे अधिक मुद्रास्फीति दर जून 1920 में 23.7% थी।संयोग से ये सब भारत में भी हुआ है किन्तु मोदी जी को ये सुविधा हासिल नहीं है कि वे भारत में मुद्रास्फीति के लिए किसी और को जिम्मेदार ठहरा सकें, क्योंकि पिछले 11 साल से वे खुद ही सत्ता में हैं ,मोदी जी इसके एवज हमेशा नेहरू-गांधी परिवार को लपेटते रहते हैं।

ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने खतरनाक अपराधियों को शरण और सुरक्षा दी है, जिनमें से कई जेलों और मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों से अवैध रूप से अमेरिका में आए हैं। एक्सपर्ट इस दावे को ठीक नहीं मानते हैं। इनका कहना है कि कुछ अमेरिकी शहरों में अप्रवासियों की आमद हुई है लेकिन ज्यादातर कानूनी तौर पर, वर्क परमिट या अदालतों में उनके मामलों पर काम होने तक रहने के प्राधिकरण के साथ आए हैं। ज्यादातर रिसर्च ये बताती हैं कि अप्रवासी, अमेरिका में जन्मे लोगों की तुलना में अपराध करने की कम संभावना रखते हैं। पर कुछ संस्थाएं हैं जो मानती है कि अपराध बढ़ने की वजह अप्रवासी नहीं हैं।भारत में भी मोदी जी और उनकी सरकार मानती है की देश में बढ़ते अपरधों की वजह बांग्लादेशी प्रवासी है। मशहूर फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर हमले को इसका उदाहरण बताया जा रहा है।

ट्रंप ने कहा कि अमेरिका दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में स्वास्थ्य सेवा पर अधिक पैसा खर्च करता है। उनका यह दावा सच है। अमेरिका प्रति व्यक्ति स्वास्थ्य सेवा पर ज्यादातर देशों ज्यादा खर्च करता है। ट्रम्प की ही तरह भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी कहते हैं कि आरोग्य के मामले में उनकी सरकार की आयुष्मान योजना दुनिया की सबसे बड़ी योजना है। अब कौन सच बोल रहा है, कौन झूठ केवल ऊपर वाला ही जानता है।

अमेरिका के नए और 47 वे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ये सुविधा नहीं है कि वे देश के पहले राष्ट्रपति जार्ज वाशिंगटन को देश की मौजूदा हालात के लिए जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते। ये सुविधा केवल भारतीय प्रधानमंत्री की है, वे आज भी देश की बदहाली के लिए अपने 11 साल के कुशासन को जिम्मेदार नहीं मानते, वे इसके लिए देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को जिम्मेदार मानते हैं। देखना ये है कि ट्रम्प साहब के आने के बाद दुनिया कितनी बदलती है। दुनिया में द्वन्द युद्ध जारी हैं। अमेरिका के सामने इन्हें समाप्त करने की चुनौती है। बहरहाल हमारा देश दूसरी बार ट्रम्प युग का और तीसरी बार मोदी युग का सामना कर रहा है। दोनों कि युग का अवसान एक साथ 2029 में होगा। इस मौके पार चचा गालिब की बहुत याद आती है। उन्होंने एक जगह लिखा था कि- था बहुत शोर कि गालिब कि उड़ेंगे पुर्जे देखने हम भी गए ,पै ये तमाशा न हुआ।

# बुजुर्गों के स्वास्थ्य की चिंता जरूरी



अमित बैजनाथ गर्ग

हाल ही में सऊदी अरब के रियाद में ग्लोबल हेल्थ स्पैन शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसमें स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर वक्ताओं ने खुलकर चर्चा की। सम्मेलन में सबसे अहम बात बुजुर्गों के स्वास्थ्य की चिंता के रूप में उभरकर सामने आई। सम्मेलन में करीब दो हजार से अधिक वैज्ञानिक, उद्यमी, नीति निमार्ता और विचारक एकत्रित हुए। उन्होंने बुजुर्ग होते समाज के भविष्य के समक्ष आने वाले महत्त्वपूर्ण प्रश्नों पर गहनता से चर्चा की। उनका कहना है कि दुनिया में स्वस्थ वृद्धावस्था के अप्रयुक्त अवसरों के साथ-साथ उभरते हस्तक्षेप, प्रौद्योगिकी, नीतिगत परिवर्तन और भविष्य के लिए आवश्यक निवेश पर खुलकर चर्चा की जानी चाहिए। सम्मेलन में यह बात भी सामने आई कि आज वैश्विक औसत जीवन प्रत्याशा 73.4 वर्ष है, जिसके बढ़कर सौ साल होने की उम्मीद की जा सकती है।

वक्ताओं ने कहा कि जीवन प्रत्याशा में उल्लेखनीय वृद्धि के बावजूद हमारे जीवन के अंतिम वर्ष अक्सर दीर्घकालिक बीमारी में गुजर रहे हैं। उम्र बढ़ने के साथ कई पूर्वाग्रह और बुढ़ापे को सामाजिक और आर्थिक बोझ के रूप में पेश करने की कहानी सामने आ रही है। कोलंबिया विश्वविद्यालय में प्रोफेसर जॉन आर. बियर्ड ने कहा कि कामकाजी उम्र की आबादी में वृद्ध आश्रितों की संख्या का अनुपात नकारात्मक धारणाओं को मजबूत करता है और समाज में वृद्ध वयस्कों के सार्थक योगदान को नजरअंदाज करता है। अमेरिका और यूरोप में वृद्ध वयस्क भुगतान किए गए काम, स्वयं सेवा और देखभाल के माध्यम से सकल घरेलू उत्पाद का अनुमानित सात फीसद योगदान करते हैं। उन्होंने कहा कि वृद्ध आबादी आर्थिक स्थिरता और नवाचार के लिए भी एक अप्रयुक्त शक्ति हो सकती है। अमेरिका में 50 से अधिक उम्र के उद्यमियों की संख्या साल 2007 के मुकाबले साल 2024 में दोगुनी हो गई है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक जीने से हमें रिटायरमेंट शब्द से भी रिटायर होना पड़ सकता है। अनुमानित जीवनकाल शताब्दी के करीब पहुंचने के साथ हम उम्मीद कर सकते हैं कि हमारा कामकाजी जीवन अतिरिक्त 20-40 वर्षों तक बढ़ जाएगा। यह शिक्षा और काम के बारे में हमारी सोच को फिर से परिभाषित करेगा। वहीं कार्यबल में बने रहने के कारण अर्थशास्त्र से परे भी है। इस बात के बढ़ते प्रमाण हैं कि सेवानिवृत्ति के बाद काम करने से हृदय रोग और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम कम होता है। साथ ही मानसिक प्रगति और सामाजिक जुड़ाव भी मिलता है। उन्होंने कहा कि वृद्ध लोगों को समाज के मूल्यवान सदस्य के रूप में स्वीकार करने के लिए नकारात्मक रूढ़िवादिता को समाप्त करना होगा तथा लंबी आयु के लाभों के बारे में सार्वजनिक धारणा को व्यक्तियों, समाजों और अर्थव्यवस्था तक पहुंचाना होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि विकसित देशों में स्वास्थ्य सेवा की लागत का बड़ा हिस्सा उम्र बढ़ने और उम्र से संबंधित बीमारियों से प्रेरित है। फिर भी उम्र बढ़ने और स्वास्थ्य अवधि विज्ञान को बहुत कम धन उपलब्ध है। अमेरिका अल्जाइमर रोग के इलाज पर सालाना लगभग 305 बिलियन डॉलर खर्च करता है। यह आंकड़ा 2050 तक 1.1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक होने की उम्मीद है। यूएस रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र का अनुमान है कि हृदय रोग और स्ट्रोक के कारण देश को स्वास्थ्य सेवा व्यय और उत्पादकता हानि के रूप में प्रतिवर्ष 363 बिलियन डॉलर का नुकसान होता है। मधुमेह के कारण अनुमानित वार्षिक स्वास्थ्य और आर्थिक बोझ 327 बिलियन डॉलर है, जबकि गठिया और संबंधित बीमारियों के कारण होने वाला खर्च 303 बिलियन डॉलर से अधिक है। वहीं देश वृद्धावस्था के लक्षणों के उपचार पर अरबों डॉलर खर्च करता है। अमेरिकी राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के वार्षिक अनुसंधान बजट का एक प्रतिशत से भी कम या 337 मिलियन डॉलर वृद्धावस्था के जीव विज्ञान को समझने में खर्च होता है।

विशेषज्ञ मानते हैं कि उम्र बढ़ने के मूल कारणों को संबोधित करने से व्यक्तिगत बीमारियों को लक्षित करने की तुलना में निवेश पर अधिक लाभ मिल सकता है। विशेषज्ञ कहते हैं कि विश्व की जनसांख्यिकी संरचना में परिवर्तन हो रहा है तथा अनुमान है कि 60 वर्ष से अधिक आयु की जनसंख्या 2050 तक दोगुनी हो जाएगी। वहीं देरी से कार्रवाई करने पर जीवन की गुणवत्ता कम हो जाएगी और अतिरिक्त वर्ष अस्वस्थता में गुजारने पड़ेंगे, जबकि युवा लोगों को अपने परिवार के सदस्यों की देखभाल की जिम्मेदारी उठानी होगी। वृद्ध होते समाज की आवश्यकताओं को पूरा करने तथा वृद्धावस्था के प्रति विश्व के दृष्टिकोण में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। स्वस्थ वृद्धावस्था को बढ़ावा देने वाले नीतिगत समायोजन, रोकथाम और निवेश को प्राथमिकता देने वाली स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियां तथा समस्त मानवता को लाभ पहुंचाने की क्षमता रखने वाली चिकित्सा प्रौद्योगिकियों के विकास में तेजी लाने के वैश्विक सहयोग के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे।



# एक आइडिया बदल देगा छात्रों की जिंदगी

**एक बेहतर आइडिया किसी भी छात्र के जीवन को बदल सकता है। बता दें कि भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की तरफ से एक स्कीम शुरू की गई है। इस योजना के तहत कक्षा 6 से कक्षा 10 तक छात्रों से आवेदन मांगे गए थे।**

एक बेहतर आइडिया किसी भी छात्र के जीवन को बदल सकता है। बता दें कि भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की तरफ से एक स्कीम शुरू की गई है। इस स्कीम का नाम इंस्पायर अवार्ड मानक योजना है। इस योजना के तहत छात्रों को नकद इनाम दिया जाएगा। वहीं छात्र व शिक्षक को जापान जाने का मौका मिलेगा। इस योजना के तहत कक्षा 6 से कक्षा 10 तक छात्रों कसे आवेदन मांगे गए थे।

इस योजना में छात्र कोई भी नया और रचनात्मक आइडिया भेज सकते हैं। छात्र द्वारा भेजा गया आइडिया व्यवहारिकता, सामाजिक उपयोगिता, पर्यावरण की अनुकूलता, नवीनता और वर्तमान तकनीक से बेहतरी के आधार पर होगा। इसके बाद चयनित छात्रों को वैज्ञानिक अविष्कारों और मॉडल के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। थे

भारत सरकार की तरफ से छात्र के खाते में दस हजार रुपए माडल तैयार करने के लिए डाले जाएंगे। इसके बाद दस हजार में से एक हजार विद्यार्थियों का सेलेक्शन राज्य स्तरीय प्रदर्शनी व प्रोजेक्ट प्रतियोगिता से किया जाएगा। वहीं शीर्ष 60 नए आइडिया वाले माडल को राष्ट्रपति भवन में प्रदर्शित किया जाएगा। फिर उन्हें राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही सिलेक्टेड छात्रों को सकुरा एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत जापान ले जाया जाएगा।


## ऑनलाइन भी भेज सकते हैं आइडिया

छात्र ऑनलाइन तीन से पांच आइडिया भेज सकते हैं। इसके लिए छात्र विभाग के ऑनलाइन पोर्टल ई-एमआइएएस के वेब लिंक इंस्पायर्ड अवार्ड्स-डीएसटी डाट जीओवी डाट इन पर पंजीकरण कर सकते हैं। बता दें कि एक स्कूल 3-5 आइडिया ऑनलाइन भेज सकते हैं।

## क्या है यह योजना

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इंस्पायर अवार्ड विद्यार्थियों के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नवाचारी प्रोत्साहन के लिए दिया जाता है। इसमें छात्रों को पुरस्कार के साथ ही राष्ट्रीय स्तर के लिए प्रतिभागियों को चयनित किया जाएगा। इसके बाद IIT और NTA जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के तकनीकी सहयोग व और मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में चयनित छात्रों के माडल को दिखाया जाएगा। यह योजना स्कूलों के सृजनात्मक सोच वाले प्रतिभावान छात्रों को राष्ट्रीय स्तर का मंच प्रदान किया जाता है।





# कप्यूटर प्रोग्रामिंग में है रुचि तो पाइथन सीख कॅरियर को दें नई उड़ान

**अगर आपको भी कंप्यूटर प्रोग्रामिंग भाषा सीखने में इंट्रेस्ट हैं, तो आप इस क्षेत्र में अपना कॅरियर बना सकते हैं। बता दें कि पाइथन सर्टिफिकेट कोर्स करने वाले छात्रों के सामने कई अच्छे कॅरियर ऑप्शन मौजूद होते हैं।**

आज के समय में कंप्यूटर प्रोग्रामिंग समय की जरूरत बन गया है। कंप्यूटर और उससे संबंधित कोर्स करने वाले स्टूडेंट्स को आगे कई अच्छे कॅरियर विकल्प मौजूद हैं। कप्यूटर प्रोग्रामिंग की बढ़ती मांग को देखते हुए आज के समय में लोग ज्यादा से ज्यादा इस क्षेत्र में ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं। कंप्यूटर प्रोग्रामिंग में आप सभी ने पाइथन का नाम सुना ही होगा। पाइथन कंप्यूटर प्रोग्रामिंग का एक अहम हिस्सा है।

पाइथन की जानकारी बढ़ाने के लिए लोग कंप्यूटर प्रोग्रामिंग का बेसिक सीखने के लिए सर्टिफिकेट कोर्स कर रहे हैं। जिसके जरिए उन्हें प्रोग्रामिंग की भाषा का ज्ञान मिलने के साथ ही कॅरियर के तौर पर भी अच्छे ऑप्शन मिलेंगे। जब भी कोई आपको सामने कप्यूटर प्रोग्रामिंग या इससे संबंधित किसी भाषा में बात करेगा। तो आप बिना झिझके बड़ी आसानी से उसका जवाब दे पाएंगे। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पाइथन कोर्स की जानकारी देने जा रहे हैं।

## पाइथन सर्टिफिकेट कोर्स

- कोडिंग सीखने के इच्छुक उम्मीदवार इस कोर्स को कर सकते हैं।
- अगर आप भी प्रोग्रामिंग की भाषा में बेहतर बनना चाहते हैं, तो यह एक अच्छा कोर्स है।
- इस कोर्स को आप एक अच्छे भविष्य के लिए कर सकते हैं।

## क्वालिफिकेशन

- कक्षा 10वीं पास उम्मीदवार पाइथन सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं।
- आप बेसिक से उच्च स्तर के कोर्स की शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

## पाइथन सर्टिफिकेट कोर्स में क्या सिखाया जाएगा

- इस कोर्स में डेटा एनालिटिक्स का प्रयोग का समस्याओं का समाधान करना सिखाया जाएगा।
- इसके अलावा तमाम वेब एप्लिकेशन बनाना सिखाया जाएगा।
- सॉफ्टवेयर और वेबसाइट की कोडिंग सिखाई जाएगी।
- डाटा सुरक्षा सुनिश्चित करना सिखाया जाएगा।
- डाटा एल्गोरिदम को सु-व्यवस्थित करना सिखाया जाएगा।



## पाइथन ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स

### पाइथन का उपयोग करके प्रोग्रामिंग का परिचय
संस्थान का नाम - Edx के माध्यम से यूटी आर्लिंगटन
अवधि - 16 सप्ताह
फीस - फ्री
सर्टिफिकेट फीस - 3948

**पाइथन डेटा संरचनाएं**
संस्थान का नाम - Edx के माध्यम से यूएम-एन आर्बर
अवधि - 7 सप्ताह
फीस - फ्री
सर्टिफिकेट फीस - 3,740

**सीएस फॉर ऑल- कंप्यूटर साइंस और पाइथन प्रोग्रामिंग का परिचय**
संस्थान का नाम - Edx के माध्यम से हार्वे मड कॉलेज, क्लेयरमोंट
अवधि - 14 सप्ताह
फीस - फ्री
सर्टिफिकेट फीस - 3909

**पाइथन II नियंत्रण संरचनाओं में कंप्यूटिंग**
संस्थान का नाम - Edx के माध्यम से जॉर्जिया टेक
अवधि - 5 सप्ताह
फीस - फ्री
सर्टिफिकेट फीस - 11,385

**पाइथन III में कंप्यूटिंग- डेटा संरचनाएं**
संस्थान का नाम - Edx के माध्यम से जॉर्जिया टेक
अवधि - 5 सप्ताह
फीस - फ्री
सर्टिफिकेट फीस - 11,385

**पाइथन का उपयोग करके डेटा प्रोसेसिंग**
संस्थान का नाम - नानजिंग विश्वविद्यालय, कोर्सेरा के माध्यम से
अवधि - 5 सप्ताह
फीस - फ्री
सर्टिफिकेट फीस - 2381

**पाइथन IV ऑब्जेक्ट्स और एल्गोरिदम में कंप्यूटिंग**
संस्थान का नाम - Edx के माध्यम से जॉर्जिया टेक
अवधि - 5 सप्ताह
फीस - फ्री
सर्टिफिकेट फीस - 11,385

**पाइथन प्रोग्रामिंग का परिचय**
संस्थान का नाम - कोरिया एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, कोर्सेरा के माध्यम से डेजॉन
अवधि - 5 सप्ताह
फीस - फ्री
सर्टिफिकेट फीस - 2188

**पाइथन I में कंप्यूटिंग- बुनियादी बातें और प्रक्रियात्मक प्रोग्रामिंग**
संस्थान का नाम - Edx के माध्यम से जॉर्जिया टेक
अवधि - 5 सप्ताह
फीस - फ्री
सर्टिफिकेट फीस - 11,356

**पाइथन में ऑब्जेक्ट-ओरिएंटेड प्रोग्रामिंग - अपना खुद का एडवेंचर गेम बनाएं**
संस्थान का नाम - रास्पबेरी पाई फाउंडेशन, फ्यूचरलर्नर के माध्यम से कंप्यूटिंग सिखाएं
अवधि - 4 सप्ताह
फीस - फ्री
सर्टिफिकेट फीस - 3,339

**प्रोग्रामिंग 101- शिक्षकों के लिए पाइथन का एक परिचय**
संस्थान का नाम - रास्पबेरी पाई फाउंडेशन, फ्यूचरलर्नर के माध्यम से कंप्यूटिंग सिखाएं
अवधि - 4 सप्ताह
फीस - फ्री
सर्टिफिकेट फीस - 3,239

**पाइथन बुनियादी बातें**
संस्थान का नाम - ग्रेट लर्निंग
अवधि - 4 घंटा
फीस - फ्री

**पाइथन प्रोग्रामिंग एक संक्षिप्त परिचय**
संस्थान का नाम - ग्रेट लर्निंग
अवधि - 4 सप्ताह
शुल्क - फ्री
सर्टिफिकेट फीस - 4396



# इन क्षेत्रों में महिलाओं के लिए बेहतरीन कॅरियर ऑप्शन लाखों में मिलेगी सैलरी

महिलाओं ने किचन से केबिन तक का रास्ता तय करने में अपनी योग्यता का प्रदर्शन किया है। खेतों में काम करने से लेकर आसमान में हवाई जहाज उड़ाने तक का काम महिलाएं कर ली हैं। महिलाएं हर क्षेत्र में अपना नाम बना रही हैं।

पुराने भारत से लेकर नए भारत तक की महिलाओं की तस्वीर दिन प्रति दिन बदलती जा रही है। एक समय तक महिलाओं को घर की चारदीवारी के लिए बेहतर माना जाता था। लेकिन अब महिलाएं घर की दहलीज पार कर काम करने लगी हैं। महिलाओं ने किचन से केबिन तक का रास्ता तय कर लिया है। खेतों में काम करने से लेकर आसमान में हवाई जहाज उड़ाने तक का काम महिलाएं कर ली हैं। महिलाएं हर क्षेत्र में अपना नाम बना रही हैं। इतना ही नहीं हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी योग्यता का भी बेहतरीन प्रदर्शन कर रही हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे क्षेत्रों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर महिलाएं अपना बेहतर कॅरियर बना सकती हैं। यह टॉप 3 फील्ड महिलाओं को बेहतरीन कॅरियर के साथ स्मार्ट सैलरी भी देंगी।

## टीचिंग

महिलाओं के लिए टीचिंग हमेशा से ही बेस्ट कॅरियर रहा है। इस प्रोफेशन में जाने के लिए परिवार का भी कोई ऑब्जेक्शन नहीं होता है। टीचिंग फील्ड में अच्छा पैसा होने के साथ ही रुतबा भी है। इस क्षेत्र में कॅरियर बना कर आप लोगों की जिंदगी में अहम रोल निभा सकती हैं। हमारा देश शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है। इस जॉब के साथ समय भी अच्छे से मैनेज हो जाता है। एक दशक से इस फील्ड में नौकरी के अवसर भी बढ़े हैं। प्राइमरी हो या डिग्री हर जगह अच्छी सैलरी मिलती है। इस फील्ड में आपको 55,000 से 2,25,000 रुपए तक प्रतिमाह पा सकती हैं।

## न्यूट्रिशन या फिटनेस

आज के समय में स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरुकता बढ़ी है। हर कोई फिट और सेहतमंद रहना चाहती है। इस क्षेत्र में कॅरियर की अपार संभावनाए हैं। अगर आप योग, न्यूट्रिशन व एक्सरसाइज एक्सपर्ट्स हैं। तो इस फील्ड में अपना शानदार कॅरियर बना सकती हैं। आप इसकी शुरूआत डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए भी कर सकती हैं। इस फील्ड में महिलाएं साल भर में 3-4 लाख रुपए सालाना कमा सकती हैं।

## ह्यूमन रिसोर्स

कॉर्पोरेट सेक्टर में नौकरी की चाह रखने वाली महिलाओं के लिए यह क्षेत्र काफी अच्छा है। आप ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट में MBA या PGDM करने के बाद इस फील्ड में नौकरी कर सकती हैं। जो महिलाएं लोगों की समस्या को सॉल्व करने करने में दिलचस्पी रखती हैं। यह जॉब उनके लिए बेस्ट है। ह्यूमन रिसोर्स में कैंडिडेट्स को शॉर्टलिस्ट करने के बाद उनका इंटरव्यू करना, उन्हें ट्रेंड करना, सैलरी, विश्लेषण, पॉलिसी बनाना साथ ही साथी कर्मियों की देखभाल करना होता है। इस फील्ड में 3-4 लाख रुपए साला कमा सकती हैं। वहीं एक्सपीरियंस के बाद सैलरी भी बढ़ती जाती है।



**आज के समय में इंटरनेट का इस्तेमाल तो सभी लोग करते हैं, लेकिन अगर सोच-समझकर इंटरनेट का इस्तेमाल किया जाए। तो यह कमाई का एक बेहतरीन जरिया बन सकता है। आप इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर बन लाखों रुपए कमा सकते हैं।**

# इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर बन कॅरियर को दें नई दिशा

**आज के समय में इंटरनेट का इस्तेमाल तो सभी लोग करते हैं, लेकिन अगर सोच-समझकर इंटरनेट का इस्तेमाल किया जाए। तो यह कमाई का एक बेहतरीन जरिया बन सकता है। हांलाकि आपने भी देखा होगा कि आज के समय़ में बहुत से लोग सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के तौर खूब शोहरत हासिल कर रहे हैं। वहीं इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर बन लोग लाखों कमा रहे हैं। ऐसे में अगर आप भी इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर के तौर पर अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।**

इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर के तौर पर अपना कॅरियर बना शानदार कमाई कर सकते हैं। वर्तमान समय में अपनी नौकरी के साथ लोग सोशल मीडिया अकाउंट्स को भी काफी अच्छे से हैंडल कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर अच्छी रीच और ज्यादा एक्टिव रहने वाले अकाउंट्स को ब्रांड प्रमोशन आदि को अच्छा खासा-पैसा मिलता है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर के तौर पर आप अपने कॅरियर की शुरूआत कैसे करें।

## टाइम मैनेजमेंट है जरूरी

जब भी आप नौकरी करते हैं, तो इसमें आपके काम करने का रूटीन फिक्स होता है। लेकिन जब बात सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर की होती है, तो इसमें आपको अपने काम की सीमा खुद तय करनी होती है। फोन व लैपटॉप के जरिए आपको अपना काम करना होता है। ऐसे में आपको भी अपने काम की सीमा खुद तय करनी होगी। जिससे कि आप सोशल मीडिया के अलावा अन्य कामों को भी पर्याप्त समय दे सकें।

## फिक्स्ड इनकम

जब आप कोई नौकरी करते हैं, तो हर महीने के आखिरी में आपके बैंक अकाउंट में एक फिक्स्ड इनकम आ जाती है। लेकिन बतौर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर आपको कोई फिक्स्ड सैलरी नहीं मिलती है। आपकी इनकम ब्रांड प्रमोशन आदि पर निर्भर करती है। इसलिए शुरूआत में आपको नौकरी के साथ इस काम को करना चाहिए। ताकि आपका खर्चा आसानी से चलता रहे। वहीं सोशल मीडिया पर हर इंफ्लुएंसर का एक-दूसरे से अलग होना जरूरी है। इसलिए आपको ओरिजिनल आइडिया पर काम करने के साथ एडिटिंग आदि भी सीखनी चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### पटना जिले में आठवीं तक के स्कूल 23 तक रहेंगे बंद

**पटना।** बिहार में अत्यधिक ठंड और कम तापमान को देखते हुए राजधानी पटना में 8वीं तक के सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया गया है। आठवीं कक्षा के ऊपर की सभी कक्षाएं सुबह नौ बजे से दोपहर साढ़े तीन बजे तक संचालित होंगी। जिला प्रशासन ने 23 जनवरी तक 8वीं तक की सभी कक्षाएं बंद रखने का निर्देश दिया है। पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि जिले में अत्यधिक ठंड का मौसम और कम तापमान की स्थिति बनी हुयी है, जिसके कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। इसलिए पिछले कार्यालय के आदेश यानी 19 जनवरी में आंशिक संशोधन करते हुए वर्ग-8 तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर 23 जनवरी तक प्रतिबंध लगाया जाता है।पटना डीएम चंद्रशेखर सिंह ने कहा है कि वर्ग 8 से ऊपर की कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियां पूर्वाह्न नौ बजे से अपराह्न 3.30 बजे के बीच संचालित की जा सकती है। बोर्ड परीक्षा से संबंधित शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन इससे मुक्त रहेगा। यह आदेश 22 से 23 जनवरी तक पटना जिले में प्रभावी रहेगा।

### गया से नक्सली बिंदु यादव गिरफ्तार

**इमामगंज (गया)।** इमामगंज पुलिस अनुमंडल अंतर्गत मैगरा थाना क्षेत्र के कालीदह पुल के पास नक्सलियों के द्वारा पुलिस जवानों की हत्या व हथियार लूटने की योजना बनाने के मामले में 15 वर्षों से फरार एक नक्सली को पुलिस ने गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल की है। इस बाबत इमामगंज पुलिस अनुमंडल कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित की गयी। इसमे डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि एसएसपी आनंद कुमार के निर्देशन में नक्सलियों व अपराधियों के विरुद्ध लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

### बाइक समेत नहर में गिरा युवक, गयी जान

**गोपालगंज।** महम्मदपुर थाने के रेवतीथ नहर पुल की रेलिंग से टकराने से युवक बाइक सहित नहर में गिर गया। इससे युवक की मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान महम्मदपुर थाने के रेवतीथ हकाम गांव के राजवंशी राम के पुत्र सूरज कुमार राम के रूप में की गयी है। बताया जाता कि युवक अपनी ससुराल बैकुंठपुर थाने के दिघवा दुबौली के शंकरपुर गांव में बाइक से गया था। वहीं से वापस घर लौटने के दौरान महम्मदपुर थाने के रेवतीथ नहर पर उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग से टकरा गयी। इससे युवक बाइक सहित नहर में गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गयी।

### ऑनर किलिंग : बेटी को उतार दिया मौत के घाट

**कल्याणपुर (पूचं)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। परिजनों ने मिल अपनी लड़की को मौत के घाट उतार दिया। उसके शव को 14 आरडी चंवर के पास झाड़ियों में फेंक दिया। सोमवार की रात पुलिस ने शव को बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने जब मामले की तहकीकात शुरू की तो पता चला कि परिजनों ने ही अपनी नाबालिग लड़की की हत्या कर शव को झाड़ी में छुपा दिया था। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि मामले में मृतका के पिता, भाई व चाचा को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में तीनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकारी है। साथ ही यह भी बताया कि उसका एक लड़के साथ प्रेम-प्रसंग था। मना करने के बाद भी वह नहीं मान रही थी। इसके कारण इज्जत बचाने के लिए उसकी हत्या करनी पड़ी।

### केंद्रीय मंत्री के काफिले से स्कूटी सवार घायल

**मुंगेर।** केंद्रीय मंत्री सह पूर्व सीएम जीतनराम मांझी के काफिले में शामिल स्कार्पियो के धक्के में मंगलवार को हेरूदियारा के समीप एक स्कूटी सवार बुरी तरह जख्मी हो गया। जिसे पुलिस द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। घायल व्यक्ति मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चुरंबा निवासी 48 वर्षीय मो। जान मोहम्मद है। जिसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

### फरार चुनचुन झा के घर चिपकाया इश्तेहार

**पूर्णिया।** तनिष्क ज्वेलरी लूटकांड का फरार अभियुक्त चुनचुन झा के घर पर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया है। इसके लिए पूर्णिया पुलिस ने चुनमुन झा के घर अररिया जिले के पलासी थाना अंतर्गत मजलीशपुर वार्ड आठ पहुंची थी। चिपकाये गये इश्तिहार में फरार चल रहे चुनमुन झा को यह चेतावनी दी गयी है कि आगामी 30 दिन के अंदर वह हाजिर नहीं होगा तो उसके घर की कुर्की जब्ती कार्रवाई की जायेगी। तनिष्क ज्वेलरी लूटकांड में अब तक 17 अभियुकतों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इनमें पांच अभियुक्त शामिल हैं, जिसने लूट की घटना को अंजाम दिया था। इनमें छठा अभियुक्त चुनमुन झा है जो तनिष्क शोरूम में इन पांचों अभियुक्तों के साथ मौजूद था। तनिष्क लूटकांड में शामिल सोना लूटकांड के सरगना सुबोध सिंह समेत पांच अभियुक्तों को पूर्णिया पुलिस द्वारा पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया जायेगा।

## विविध

### संजय रॉय के लिए मौत की मांग सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

**नई दिल्ली।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या के मामले पर सुप्रीम कोर्ट स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह संज्ञान उस वक्त लिया, जब कोलकाता की एक अदालत ने दोषी संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाई। इस फैसले के बाद संजय रॉय के लिए मौत की सजा की मांग की जा रही है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट इस मामले में बुधवार को सुनावई करेगा। गौरतलब है कि सीलदह अदालत के अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास ने संजय रॉय को इस जघन्य अपराध का दोषी करार दिया था। यह घटना 9 अगस्त को घटी थी, जब अस्पताल में पोस्टग्रेजुएट प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की गई। इस निर्मम अपराध ने पूरे देश में भारी आक्रोश पैदा किया और लंबे वक्त तक प्रदर्शन हुआ।

### सैफ अली खान लीलावती अस्पताल से डिस्चार्ज




**मुंबई।** अभिनेता सैफ अली खान को लीलावती अस्पताल से डिस्चार्ज मिल गया है। एक्टर अस्पताल से डिस्चार्ज होकर घर की तरफ निकल पड़े हैं। इस दौरान एक्टर की पत्नी करीना कपूर और बेटी सारा अली खान भी मौजूद रहीं। जानकारी के अनुसार एक्टर अपनी ब्लैक पोर्शे कार में सवार होकर घर के लिए निकले हैं। उनकी कार के साथ मुंबई पुलिस की बाइक भी नज़र आई।

**16 जनवरी को हुआ था हमला :** जानकारी के लिए बता दें कि 16 जनवरी को रात 2 बजे एक्टर के घर चोर घुस गया था। इस चोर ने सैफ पर चाकू से हमला किया, जिससे वे घायल हो गए। बताया जा रहा है कि शख्स ने एक्टर पर चाकू से 6 वार किए थे, जिसमें दो जख्म गहरे थे।

# सीएम ने किया किशनगंज में 235 योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के तीसरे चरण में किशनगंज जिले के महेशब्थना स्थित नवनिर्मित जिला आपातकालीन प्रतिक्रिया सुविधा-सह-प्रशिक्षण केंद्र से 514.28 करोड़ रुपये की 236 विकास योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 151.17 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विभागों की योजनाओं का उद्घाटन तथा 363.09 करोड़ रुपये की लागत से शिलान्यास शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने ठाकुरगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत पटेश्वरी स्थित ग्राम कटहलडांगी में प्रस्तावित ठाकुरगंज बाईपास रोड संबंधी समस्याओं का स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ठाकुरगंज बाईपास का निर्माण कार्य यथाशीघ्र शुरू कराएं। इस बाईपास के बन जाने से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। साथ ही आसपास के इलाकों से संपर्कता बढ़ेगी।

प्रस्तावित ठाकुरगंज बाईपास की कुल लंबाई 4.01 किलोमीटर तथा चौड़ाई 10 मीटर है, जिसकी अनुमानित लागत राशि 41.30 करोड़ रुपये है। अधिकारियों ने 65,350 किलोमीटर लंबी पूर्णिया एवं किशनगंज जिला अंतर्गत राज्य उच्च पथ संख्या-39 (बायसी बहादुरगंज दिघल बैंक) पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य तथा प्रस्तावित असूरा-निश्नद्रा घाट पुल एवं पहुंच पथ निर्माण कार्य के संबंध में भी मुख्यमंत्री को साइट प्लान के माध्यम से वितृस्त जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से किशनगंज जिला अंतर्गत कई योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 8 मवेशी आश्रय स्थल का उद्घाटन, पटेश्वरी पंचायत के वार्ड संख्या-5 में सार्वजनिक शौचालय का उद्घाटन, जीविका संगठन कार्यालय भवन का शिलान्यास, पटेश्वरी स्वागत द्वार-सह-पेवर ब्लॉक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य का उद्घाटन, आंगनबाड़ी केंद्र भवन का शिलान्यास शामिल है।

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, उद्योग विभाग, समेकित बाल विकास परियोजना, कृषि विभाग, परिवहन विभाग के स्टॉलों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जीविकोपार्जन के लिए 11 हजार 486 स्वयं सहायता समूहों को 137 करोड़ रुपये, 2305 स्वयं सहायता समूहों को 14 करोड़ 33 लाख रुपये और 306 स्वयं सहायता समूहों को 5 करोड़ 40 लाख रुपये का सांकेतिक चेक जीविका दीदियों को प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने चौर विकास योजना के तहत लाभार्थी को 4 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के लाभार्थियों को गाड़ी की चाबी भी प्रदान की।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने गोवर्द्धन प्लांट का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन करने के पश्चात् मुख्यमंत्री ने प्लांट का निरीक्षण किया और वहां की कार्य पद्धति की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों को स्वच्छता की चाबी सौंपी। चौर विकास योजना के तहत जीविकोपार्जन के लिए जीविका दीदियों को उपलब्ध कराए गए चाय के बगान का भी मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने महेशब्थना स्थित जिला आपातकालीन प्रतिक्रिया सुविधा-सह-प्रशिक्षण केंद्र का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने इस केंद्र का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्था और कार्य पद्धति की जानकारी ली।

पत्रकारों से बात करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के विकास के लिये हमने काफी काम किया है। सरकार में आने के बाद से ही बिहार के सभी क्षेत्रों में विकास के कार्य किये जा रहे हैं।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने कोचाधामन के डेरामारी अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं एवं छात्रों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने छात्रों द्वारा तैयार किए गए शैक्षणिक कार्यों से संबंधित विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और छात्रों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने छात्रों से कहा कि खूब मन लगाकर पढ़ें और अच्छे से रहें। मुख्यमंत्री ने अल्पसंख्यक ख्यक आवासीय विद्यालय के आवासीय परिसर एवं शैक्षणिक परिसर के बीच 318.68 लाख रुपये की लागत से फुटओवर ब्रिज के निर्माण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया।

# संसद-विधानमंडलों का बजट और डिबेट होगा डिजिटल : ओम बिरला



**पटना।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि वन नेशन-वन लेजिस्लेटिव के तहत देश के सभी विधानमंडलों को 2025 में एक प्लेटफॉर्म पर ले आया जायेगा। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के सहयोग से सभी विधानमंडलों के बजट और डिबेट को हिंदी व अंग्रेजी भाषा में तैयार कर उसे डिजिटल स्वरूप दिया जायेगा, जिसमें भारतीय संसद उनका तकनीकी सहयोग करेगी। यही नहीं, संसद की पूरी कार्रवाई को भी मान्यता प्राप्त 22 आधिकारिक भाषाओं में अनुवाद कर उसका डिजिटल संकलन होगा।।

लोकसभा अध्यक्ष ने 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के दो दिवसीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) की मदद से साल 1947 से लोकर अबतक के डिबेट का संकलन हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित करेंगे। भविष्य में उनका 22 भारतीय भाषाओं में अनुवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता की भागीदारी बढ़ाकर विधायी संस्थाओं को मजबूत और प्रभावी बनाना है।

ओम बिरला ने कहा कि सम्मेलन में लिए गए निर्णय और संकल्प देश के लोकतंत्र को सशक्त करेंगे। साथ ही जनता के प्रति और जिम्मेदार बनाएंगे। इसी से जनता की अपेक्षाओं को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि देश के सभी राजनीतिक दलों को विधायी निकायों की गरिमा बनाए रखने में सहयोग करना चाहिए। यह तभी संभव होगा जब राजनीतिक दलों के पास अपने सांसदों के लिए आचार संहिता होगी।

सम्मेलन के समापन सत्र में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह, बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव और बिहार विधान परिषद के अध्यक्ष अवधेश नारायण सिंह सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## गया-हावड़ा एक्स. में युवक की गोली मार कर हत्या



**लखीसराय।** किऊल-जमालपुर रेलखंड के किऊल आउटर सिग्नल के पास 13024 डाउन गया-हावड़ा एक्सप्रेस की सामान्य बोगी (संख्या 122409) में अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद अपराधी चेन खींचकर ट्रेन रोकने के बाद फरार होने में कामयाब रहे। मृतक की पहचान सदर प्रखंड के महिसोना गांव निवासी सहदेव साह के 31 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र साह के रूप में की गयी। घटना के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। जानकारी के अनुसार किऊल से पौने चार बजे ट्रेन के खुलने के बाद जैसे ही ट्रेन जमालपुर की ओर आउटर सिग्नल को जैसे ही पार की, अपराधियों ने नजदीक से युवक के सिर में गोली मार दी। घटना की जानकारी मिलते ही किऊल जीआरपी थाना की पुलिस एवं रेल डीएसपी एजाज हाफिज मनी मौके पर पहुंच जांच में जुट गयी। जांच के बाद रेल डीएसपी ने बताया कि युवक के पास से कुछ दस्तावेज व जमीन के कागजात मिले है।

## पेज एक का शेष

### महाकुंभ में राष्ट्रपति...

हालांकि, इन सभी के दौरे को लेकर आधिकारिक रूप से कोई घोषणा नहीं की गई है। पीएम मोदी की इस संभावित यात्रा के दौरान कई महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा और कार्यक्रमों में शामिल होने की उम्मीद है। कहा जा रहा है कि उनके इस दौरे के लेकर कार्यक्रम भी तय किया जा चुके हैं।

पीएम मोदी इससे पहले 13 दिसंबर को प्रयागराज आए थे और महाकुंभ की तैयारियों का जायजा लिया था। अपनी इस यात्रा के दौरान कई बड़ी परियोजनाओ का लोकार्पण भी किया था। पीएम मोदी महाकुंभ को लेकर काफी संजीदा हैं। वह कई मंचों पर इस पावन अवसर का जिक्र कर चुके हैं। उन्होंने पिछले दिनों अपने चर्चित रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में भी इसका जिक्र किया था। वहीं, गृह मंत्री अमित शाह के बार में चर्चा है कि वह 27 फरवरी को महाकुंभ का दौरा करेंगे।

### एनकाउंटर से दहला...

नक्सलियों के पास से एसएलआर राइफल और ऑटोमेटिक हथियार बरामद हुए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, सर्च ऑपरेशन पूरा होने के बाद विस्तृत जानकारी दी जाएगी। सोमवार की मुठभेड़ के बाद सर्च ऑपरेशन के लिए E30,कोबरा 207, सीआरपीएफ 65 एवं 211 बटालियन, एसओजी नुआपाड़ा की संयुक्त पार्टी रवाना हुई थी।

**पहले दिन मारे गए थे 2 नक्सली :** इससे पहले सोमवार तक सूचना थी कि गरियाबंद जिले में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को मार गिराया है। मुठभेड़ में कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हो गया था। उसे गंभीर हालत में रायपुर एयरलिफ्ट किया गया था। नारायणा अस्पताल में भर्ती जवान की हालत स्थिर है। मुठभेड़ मैनपुर थाना क्षेत्र में कुल्हाड़ी घाट स्थित भालू डिग्गी जंगल में हुई थी। सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच सुबह से रुक-रुककर फायरिंग जारी थी। मौके से तीन आईईडी और एक स्वचालित राइफल बरामद की गई थी।

**छत्तीसगढ़ और ओडिशा की सीमाओं पर ऑपरेशन :** बता दें, सुरक्षाबलों ने छत्तीसगढ़ और ओडिशा की सीमाओं पर संयुक्त ऑपरेशन के तहत यह कार्रवाई की है। इसमें 10 टीमों ने भाग लिया है। सोमवार सुबह आठ बजे से शुरू हुए ऑपरेशन में तीन टीम ओडिशा पुलिस, दो टीम छत्तीसगढ़ पुलिस और पांच सीआरपीएफ की शामिल थीं। दोपहर साढ़े तीन बजे के आसपास कोबरा बटालियन और एसओजी टीमों के साथ नक्सलियों का फिर से सामना हुआ। इस दौरान जोरदार गोलीबारी हुई। ऑपरेशन देर शाम तक चलता रहा। ड्रोन की मदद से नक्सलियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी, जिससे सुरक्षा बलों को उनके मूवमेंट का अनुमान लगाने में मदद मिली।

### सुरंग से 21...

नौ दिनों पूर्व टोंटो में छह तीर बम मिले थे : 10 जनवरी से गोइलकेरा के कुइड़ा, छोटा कुइड़ा, मारादिरी, मेरालगड़ा, हाथीबुरू, तिलायबेड़ा, बोयपाइसांग, कटम्बा, बायहातु, बोरोय, लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्र के अलावा टोंटो थाना क्षेत्र के हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगड़ा, पाटातोरब, गोबुरू, लुइया गांव के सीमावर्ती क्षेत्र में सर्च अभियान शुरू किया गया था। अभियान में टोंटों के तुम्बाहाका और बगान गुलगुलदा के बीच में जंगल में 12 जनवरी को सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए नक्सलियों ने छह तीर बम लगाये थे, जिसे बम निरोधक दस्ते ने नष्ट कर दिया था।

### महिलाओं को...

मंगलवार को गांडेय प्रखंड के पिंडाटांड़ मैदान में आयोजित आभार सह संवाद सभा को वह संबोधित कर रही थीं। उन्होंने आम जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार पांच साल में गरीब, दलित और पिछड़ों का विकास करेगी। अबुआ सरकार झारखंड में सड़क शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में जबरदस्त काम करेगी। उन्होंने कहा कि गरीब, दलित और पिछड़ों की आवाज उठाने वाले हेमंत सोरेन को विपक्षियों ने एक साजिश कर जेल भेजा था। अब झारखंड को अव्वल राज्य बनाना है। उन्होंने विधानसभा चुनाव में वोट करने के लिए आमजन का आभार व्यक्त किया।

**हर पंचायत में पाइपलाइन से होगी सिंचाई की व्यवस्था : हफीजुल-** अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि आमजन ने हेमंत सोरेन को दोबारा मौका दिया और अबुआ सरकार बनाने का काम किया। हमारी सरकार हर क्षेत्र में विकास की नयी इबारत लिखने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि अब हर खेत में पानी पहुंचाने का काम होगा। धान के साथ किसान खेतों में खरीफ फसलें भी उगायेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में गांडेय विधानसभा क्षेत्र में 67 सड़क की स्वीकृति हुई हैं, जिसमें 31 में काम चल रहा है। मंईयां सम्मान योजना, पेंशन, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा समेत अन्य योजनाओं में गति आयेगी। उन्होंने कहा कि जनता ने सरकार बनायी है, हम उसका कर्ज चुकायेंगे।

**मौके पर ये थे उपस्थित :** झामुमो के संयोजक संजय सिंह, महालाल सोरेन, फरदीन इम्तियाज अहमद, ध्रुवदेव पंडित, गोपीन मुर्मू, मो. रिजवान, हीरालाल मुर्मू, सुनील यादव, भैरो वर्मा, दशरथ किस्कू, शहनवाज अंसारी, हिंगामुनी मुर्मू, नवीन वर्मा, अब्दुल हफीज, दिलीप मंडल, बैजनाथ राणा, चांदमल मरांडी, प्रमिला मेहरा आदि ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में बबली मरांडी, अमृतलाल पाठक, यशोदा देवी, जितेंद्र मंडल, अशोक सोरेन,मो. सईद अख्तर, प्रमोद राम,अनिल टुडू, रितेश पाठक, राजेश सिंह, मो शब्बीर,पिंटू हाजरा, इंद्रदेव पाठक, मो शमशेर, मो। नूर, मो। हलीम समेत काफी संख्या में झामुमो नेता-कार्यकर्ता व महिला-पुरुष मौके पर मौजूद थे।

### असम, मेघालय...

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, के साउथ वेस्ट खासी हिल्स इलाके में दोपहर 12 बजकर 34 मिनट 02 सेकेंड पर आए इस भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। भारतीय सिस्मोलॉजी केंद्र के अनुसार भूकंप का एपीक सेंटर मेघालय के साउथ वेस्ट खासी हिल्स जिले में 25.34 उत्तरी अक्षांश तथा 91.17 पूर्वी देशांत्तर पर स्थित था। मेघालय के अलावा असम और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए हैं। जिससे लोगों में क्षणिक भय का माहौल बन गया और लोग घरों से बाहर निकल आये। भूकंप से अब तक किसी भी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं है। हालांकि, अधिकारियों ने संभावित आफ्टरशॉक्स के मद्देनजर सतर्क रहने की सलाह दी है।

### आईएएस पूजा सिंघल...

इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक, सुधार तथा राजभाषा विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। उन्हें कार्मिक में योगदान देने का निर्देश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि बीते सात दिसंबर 2024 को पूजा सिंघल को 28 महीनों बाद बड़ी राहत मिली थी। झारखंड की पीएमएलए कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी थी। कोर्ट ने उन्हें दो-दो लाख रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दी थी। इसी के साथ उन्हें अपना पासपोर्ट जमा कराने के लिए भी कहा गया था। ईडी ने उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में 11 मई 2022 में गिरफ्तार किया था। ईडी ने छह मई 2022 को उनके ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार के आवास और कार्यालय से 19 करोड़ 31 लाख रुपये की नकद बरामद किया गया था।

### जेईई मेन...

बुधवार को परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे दिशा-निर्देशों को पढ़ लें, जिनका उन्हें परीक्षा के दिन पालन करना होगा। परीक्षा के दिन के लिए एडमिट कार्ड सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों में से एक है। एनटीए ने 22, 23 और 24 जनवरी की जेईई मेन परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिया है। ऐसे में उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आधिकारिक वेबसाइट jeemain.nta.nic.in. से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें और उसका प्रिंटआउट निकाल लें। इसके अलावा, अभ्यर्थियों को कुछ दस्तावेज भी साथ लेकर जाने होंगे।

### दो फरवरी से...

**ऐसे बुक करें टिकट :** यहां जाने के लिए आपको किसी भी तरह का शुल्क देने की आवश्यकता नहीं है। बस आपको पहले से अपना स्लॉट बुक कराना पड़ेगा। इसके लिए बुकिंग राष्ट्रपति भवन की वेबसाइट (,https://visit.rashtrapatibhavan.gov.in/visit/amrit-udyan/rE) पर ऑनलाइन की जा सकती है। अगर आप वहीं जाकर अपना स्लॉट बुक कराना चाहते हैं तो गेट नंबर 35 के बाहर लगे स्वयं सेवा कियोस्क के माध्यम से भी आप अपना स्लॉट बुक कर सकते हैं।

**कब-कब बंद रहेगा :** आधिकारिक जानकारी के मुताबिक उद्यान प्रत्येक सोमवार को साफ सफाई के मद्देनजर बंद रहेगा। इसके अलावा पांच फरवरी को दिल्ली विधानसभा मतदान, 20-21 फरवरी को भवन में सम्मेलन और 14 मार्च को होली की वजह से बंद रहेगा।

जाते समय इन बातों का रखें ध्यान : अगर आप अमृत उद्यान जा रहे हैं तो अपना पहचान पत्र अवश्य लेकर जाएं। इसके साथ ही आप अमृत उद्यान के अंदर फोन लेकर तो जा सकते हैं, लेकिन वहां न तो फोटो क्लिक कर सकते हैं और न ही वीडियो बना सकते हैं। इसके साथ ही पान, सिरगेट और अन्य खाने का सामान भी आप अंदर लेकर नहीं जा सकते। अपने साथ आप पानी की बोतल, बच्चे की दूध की बोतल, पर्स, छाता और हैंडबैग लेकर ही अंदर जा सकते हैं। अंदर खाने के लिए आपको फूड कोर्ट भी वहीं मिल जाएगा।

### तुर्किये में भीषण...

**सुबह 3.30 बजे लगी थी होटल में आग :** हादसे के संबंध में स्वास्थ्य मंत्री केमल मेमिसोग्लू ने बताया कि घायलों में से कम से कम एक की हालत गंभीर है। अधिकारियों और रिपोर्टों के अनुसार, बोलू प्रांत के कार्तलकाया रिसॉर्ट में 12 मंजिला ग्रैंड कार्तल होटल के रेस्तरां में सुबह करीब 3:30 बजे आग लग गई। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। बता दें कि, घटना के दौरान होटल में कुल 234 लोग ठहरे थे।

घबराहट में इमारत से कूदे दो लोग, मौत : गवर्नर अब्दुलअजीज आयडिन ने सरकारी एजेंसी को बताया कि दो पीड़ितों की मौत घबराहट के कारण इमारत से कूदने के बाद हो गई। एक स्थानीय टेलीविजन ने कहा कि कुछ लोगों ने चादरों और कंबलों का उपयोग करके अपने कमरों से नीचे उतरने की कोशिश की। घटना के दौरान होटल में रुके स्की प्रशिक्षक नेकमी केपसेटुटन ने कहा कि जब आग लगी तो वह सो रहे थे और वे इमारत से बाहर भागे। इसके बाद उन्होंने होटल से लगभग 20 लोगों को बाहर निकालने में मदद की। उन्होंने कहा कि होटल धुएं से घिरा हुआ था, जिससे लोगों के लिए आग से बचने का रास्ता ढूंढना मुश्किल हो गया था।

**होटल में आग लगने पर नहीं बजा फायर अलार्म :** प्रत्यक्षदर्शियों और रिपोर्टों में बताया गया कि होटल में फायर सिस्टम काम नहीं कर रहा था। होटल की तीसरी मंजिल पर ठहरे शख्स ने अताकन येलकोवन ने एक समाचार एजेंसी को बताया, 'मेरी पत्नी को कुछ जलने की गंध आई, जिसके बाद हम उठकर भागे, लेकिन होटल में इस दौरान कोई अलार्म नहीं बजा।' कार्तलकाया इस्तांबुल से लगभग 300 किलोमीटर (186 मील) पूर्व में कोरोग्लू पहाड़ों में एक लोकप्रिय स्की रिसोर्ट है। स्कूल सेमेस्टर की छुट्टी के दौरान जब क्षेत्र के होटल खचाखच भरे हुए थे, तो आग लग गई। अन्य होटलों को एहतियात के तौर पर खाली करा लिया गया।

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ...

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर होगा समापन :** दसवीं वर्षगांठ का जश्न 22 जनवरी से 8 मार्च तक चलेगा, जिसका समापन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर होगा। विज्ञान भवन में उद्घाटन समारोह में शपथ ग्रहण समारोह और सर्वोत्तम प्रथाओं के संग्रह का शुभारंभ शामिल होगा। इस कार्यक्रम में मिशन वात्सल्य और मिशन शक्ति पोर्टल का शुभारंभ भी किया जाएगा।

राज्य और जिला स्तर पर आयोजित होंगे कार्यक्रम : इसी प्रकार के कार्यक्रम राज्य और जिला स्तर पर आयोजित किए जाएंगे, तथा 22 जनवरी, 26 जनवरी और 8 मार्च को विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गतिविधियों में रैलियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान समारोह और संकल्पः महिला सशक्तीकरण केंद्र के तहत अभियान शामिल होंगे, जिसमें स्कूली छात्राएं, सफल महिलाएं और सामुदायिक समूह सहित विविध हितधारकों को शामिल किया जाएगा।

पूरे उत्सव के दौरान प्रिंट, डिजिटल और सोशल मीडिया के माध्यम से देश भर में अभियान चलाकर योजना के संदेश को प्रचारित किया जाएगा। संधारणीय प्रथाओं के अनुरूप, वृक्षारोपण अभियान भी चलाया जाएगा।

22 जनवरी, 2015 को पीएम मोदी ने की थी अभियान की शुरूआत : बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत 22 जनवरी, 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के पानीपत में की थी। यह अभियान भारत में लिंग असंतुलन और घटते बाल लिंग अनुपात (सीएसआर) के गंभीर मुद्दे के जवाब में शुरू किया गया था। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान लिंग असंतुलन और घटते बाल लिंग अनुपात के खतरनाक रुझानों के जवाब में उभरा, जो एक नीतिगत पहल से राष्ट्रीय आंदोलन में तब्दील हो गया।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने लैंगिक भेदभाव को दूर करने तथा बालिकाओं के महत्व को समझने तथा उनके अधिकारों और अवसरों को सुनिश्चित करने की दिशा में सांस्कृतिक बदलाव को बढ़ावा देने के लिए सरकारी एजेंसियों, नागरिक समाज, मीडिया और जनता को संगठित किया है।

# यूजीसी नियमों को खत्म करने का केरल ने केंद्र से किया आग्रह, विस में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित

**पटना (एजेंसी)।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने आज राज्य विधान सभा में एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें केंद्र से 2025 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मसौदा नियमों को वापस लेने और राज्य सरकारों और अकादमिक विशेषज्ञों के साथ व्यापक चर्चा के बाद नए मानदंड पेश करने का आग्रह किया गया। यह प्रस्ताव विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। अपने भाषण में, मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि देश भर के विश्वविद्यालय अपने संबंधित राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित कानूनों के अनुरूप काम करते हैं, और उचित परामर्श के बिना केंद्रीय नियमों को लागू करने का कोई भी कदम भारत के संघीय ढांचे को कमजोर कर देगा।

सीएम ने कहा कि विभिन्न राज्यों में विश्वविद्यालय संबंधित राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित कानूनों के अनुसार कार्य करते हैं क्योंकि उनके पास विश्वविद्यालयों की स्थापना और पर्यवेक्षण करने की शक्ति है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा और अनुसंधान संस्थानों के लिए समन्वय और मानक तय करने की शक्ति केवल केंद्र सरकार के पास है। उन्होंने कहा कि इन तथ्यों को नजरअंदाज करके और सभी हितधारकों के साथ चर्चा किए बिना, केंद्र ने मसौदा दिशानिर्देश जारी किए, जिसमें कुलपतियों की नियुक्ति सहित राज्य सरकारों की राय को पूरी तरह से बाहर रखा गया है, और इसलिए, वे 'संघीय प्रणाली और लोकतंत्र के साथ असंगत हैं।'

सीएम ने दावा किया कि मानदंडों में निजी क्षेत्र के व्यक्तियों को भी कुलपति के रूप में नियुक्त करने की अनुमति देने का प्रावधान, जबकि अकादमिक विशेषज्ञों पर विचार नहीं किया गया, 'उच्च शिक्षा क्षेत्र का व्यावसायीकरण करने का एक कदम था। उन्होंने तर्क दिया कि 2025 के यूजीसी मानदंडों के मसौदे को केवल उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लोकतांत्रिक मूल्यों को नष्ट करने और इसे 'धार्मिक और सांप्रदायिक विचारों को फैलाने वालों के नियंत्रण' में लाने के कदमों के हिस्से के रूप में देखा जा सकता है।



## सशस्त्र सेनाओं के लिए दुखद है ध्रुव हेलिकॉप्टर के उड़ान भरने पर लगी रोक

नई दिल्ली। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने रक्षा मंत्रालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्नत हल्के हेलिकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव के संपूर्ण बेड़े के उड़ान भरने पर लगी हालिया रोक सशस्त्र सेनाओं के लिए दुखद है। लेकिन हमें उम्मीद है कि यह मामला जल्द हल हो जाएगा। इसी जनवरी के महीने में गुजरात के पोरबंदर में तटरक्षकबल के एक एएलएच के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद लगभग 15 दिनों से ध्रुव हेलिकॉप्टर के उड़ान भरने पर रोक लगी हुई है। रक्षा सचिव गणतंत्र दिवस परेड समारोह में भाग लेने वाले मुख्य आकर्षक बिंदुओं के बारे में सम्मेलन में मीडिया को जानकारी दे रहे थे। इस दौरान ध्रुव हेलिकॉप्टर के परेड से जुड़े फ्लाई पास्ट में भाग लेने को लेकर पूछे गए प्रश्न के जवाब में उन्होंने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उक्त हादसे की वजह से ध्रुव हेलिकॉप्टर इस बार गणतंत्र दिवस परेड में भाग नहीं ले सकेगा। फिलहाल इसकी निर्माता कंपनी एचएएल द्वारा तीनों सेनाओं (सेना, नौसेना, वायुसेना और तटरक्षकबल) में शामिल कुल करीब 330 हेलिकॉप्टरों की सुरक्षा जांच की जा रही है। उधर, सेना के सूत्रों ने कहा कि परिस्थिति चुनौतीपूर्ण है। लेकिन ध्रुव की अनुपस्थिति से सीधे तौर पर लॉजिस्टिक, सैन्य टुकड़ियों की आवाजाही और रणनीतिक अभियानों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। हमारे पास बाकी हेलिकॉप्टर हैं। लेकिन वर्तमान में ध्रुव का ना होना रणनीतिक रूप से चुनौतीपूर्ण तो है। नौसेना और तटरक्षकबल अपने समुद्री अभियानों में दिक्कत का सामना कर रहे हैं। गौरतलब है कि यह पहला मौका नहीं है जब ध्रुव हेलिकॉप्टर के समूचे बेड़े के उड़ान भरने पर रोक लगाई गई है। पूर्व में 2023 में इस तरह की समस्या आ चुकी है।

## प्रयागराज महाकुंभ में तंत्र-मंत्र करते नजर आए आईआईटीयन बाबा

प्रयागराज। प्रयागराज महाकुंभ में काफी सुर्खियां बटोर चुके आईआईटी वाले बाबा का कोई एक ठिकाना नहीं है। जूना अखाड़े से निकालने के बाद वह हर बार एक नई जगह पाए जाते हैं, इस बार आईआईटी वाले बाबा उर्फ अभय सिंह संगम के करीब देर रात तंत्र मंत्र करते नजर आए। आईआईटीयन बाबा ने कहा कि मुझे अगर एनर्जी बनानी होती है, तब एक अगरबत्ती रहेगी साइड में, फिर एनर्जी के हिसाब से दीपक रखे जाएंगे। मैं प्रिजेंट मोमेंट के हिसाब से एग्जिक्यूट करता हूं। जो जीते हो वहां वर्तमान ही है, वर्तमान ही तब भूत बनता है बाद में। भविष्य के बारे में चिंता करना सही नहीं है लेकिन भविष्य के बारे में सोच सकते हो, प्लान कर सकते हो। चिंता जो शब्द है वह अलग है, चिंता का मतलब है कि टेंशन हो गय। हर प्रेजेंट मोमेंट को 100 प्रतिशत जीना है, और उसके हिसाब से ही आगे-आगे चीजें होती जाएगी। पुनर्जन्म पर कहा कि यह समझने के लिए आपको जन्म और मृत्य को समझना होगा। किसी चीज को पकड़ कर रखना। कोई मोमेंट जो अच्छा चल रहा है और मैं सोचूं यह ऐसा ही चलता जाए। असल में यूनिवर्स की टेंडेंसी है बदलाव की, लेकिन हम चाहते हैं कि सब स्थिर रहे। यह उम्र के साथ होता है, पैसे के साथ होता है। लोग भूल जाते हैं कि सबकी मौत निश्चित है। लगाव का मतलब ही मोह है, प्रेम में अंतर है, वह बीच में रखता है, वह स्थिर होने की कोशिश नहीं करता।

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में ताजा बर्फबारी से 7 से 8 इंच तक जमी बर्फ

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा के माछिल सेक्टर, जेड-गली, फरकियान टॉप और सदना टॉप सहित ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा बर्फबारी के कारण 7 से 8 इंच तक बर्फ जम गई है। इसके कारण अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों से इन इलाकों की ओर जाने वाली सड़कों पर वाहनों की आवाजाही को रोक दिया है। फिसलन भरी सड़कों और प्रतिकूल मौसम ने बुदनामल, कुमकडी, बंगस घाटी और पोथवारी जैसे अन्य क्षेत्रों को भी प्रभावित किया है, जहां बर्फबारी हुई है, जबकि मैदानी इलाकों में भारी बारिश हुई है। जिला प्रशासन ने ऊपरी इलाकों में रहने वाले लोगों को सलाह दी है कि वे हालात में सुधार होने तक अनावश्यक बाहरी गतिविधियों से बचें। प्रशासन ने बताया कि मौसम के स्थिर होने के बाद यातायात बहाल किया जाएगा।

## जम्मू: शुरुआती जांच में बनी संभावना, 17 मौतों की वजह हो सकती है कीटनाशक

जम्मू। राजौरी में बीते कई दिनों से हो रही रहस्यमई मौतों के राज से पर्दा उठता दिख रहा है। शुरुआती जांच के बाद यह सामने आया है कि एक के बाद एक हो रही मौतों के पीछे कीटनाशक एक वजह हो सकती है। बता दे कि मृतक राजौरी जिले के बधाल गांव के तीन परिवारों के थे। फिलहाल स्थानीय प्रशासन ने बावली को सील करने का निर्देश दिया है। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक अंतर-मंत्रालयी टीम के गठन का आदेश दिया था और टीम को राजौरी से लगभग 55 किलोमीटर दूर स्थित गांव का दौरा करने का आदेश दिया था टीम का नेतृत्व गृह मंत्रालय के अधिकारी कर रहे हैं और इसमें स्वास्थ्य, कृषि और अन्य विभागों के प्रतिनिधि शामिल हैं। जानकारों ने बताया है कि गांव के एक बाओली में कीटनाशक के अवशेष पाए गए हैं। खबरों के मुताबिक जिन लोगों की मौत हुई, उन्होंने उसी इस बावली के पानी का सेवन किया था। गौरतलब है कि राजौरी के एक ही गांव में 17 लोगों की रहस्यमई परिस्थितियों में मौत हो गई है। इनमें 14 बच्चे भी शामिल हैं। बीते सप्ताह केंद्रीय गृह मंत्री ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दिए थे। खबरों के मुताबिक ऐसा संदेह है कि पीड़ितों की मौत इसी बावली का पानी पीने की वजह से हुई है। सूत्रों ने यह भी कहा है कि इस मामले पर आगे की जांच जारी है। वहीं अधिकारियों ने यह भी बताया है कि अभी तक प्रदूषित पानी और मौतों के बीच कोई सीधा संबंध होने का कोई प्रमाण नहीं मिला है, हालांकि जांच जारी है। एक्सपट्र्स के मुताबिक यह मौतें रहस्यमई नहीं हैं और इसके पीछे कोई वायरस या बैक्टीरिया है।

## सुप्रीम कोर्ट में चंद्रबाबू के खिलाफ दायर की गई याचिका जांच प्रभावित करने का आरोप

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है जिसमें आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और उनकी सरकार पर उनके और अन्य लोगों के खिलाफ कई आपराधिक मामलों की जांच को पटरी से उतारने के व्यवस्थित प्रयासों का आरोप लगाया गया है। याचिका में हितों के गंभीर टकराव और समझौतापूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण का हवाला देते हुए सात मामलों को आंध्र प्रदेश अपराध जांच विभाग (सीआईडी) से केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में स्थानांतरित करने की मांग की गई है। आंध्र प्रदेश के एक वकील द्वारा दायर याचिका में दावा किया गया है कि वर्तमान राज्य प्रशासन भ्रष्टाचार, मनी लॉन्ड्रिंग और आपराधिक हेराफेरी के आरोपों से जुड़े मामलों की जांच में बाधा डालने के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर रहा है। इन मामलों में, जिनमें एपी फाइबरनेट लिमिटेड मामला, आंध्र प्रदेश राज्य कौशल विकास निगम (एपीएसएसडीसी) मामला, इनर रिंग रोड मामला और दो असाइन्ड लैंड स्कैम मामले शामिल हैं, कहा जाता है कि इसमें मुख्यमंत्री और कई उच्च-रैंकिंग अधिकारी शामिल हैं।

## भूटान की राजमाता शेरिंग यांगदोन ने परिवार के सदस्यों के साथ किया ताज का दीदार

आगरा। भूटान की राजमाता शेरिंग यांगदोन ने भूटान शाही परिवार के सदस्यों के साथ ताजमहल देखा और परिसर में करीब डेढ़ घंटे तक बिताया। राजमाता ने ताज महल के अंदर शाही परिवार के साथ फोटो खिंचवाईं। भूटानी शाही परिवार को टूरिस्ट गाइड शमशुद्दीन ने ताज महल दिखाया और इसके बारे में जानकारी दी। शमशुद्दीन ने बताया कि राजमाता 30 साल पहले भी ताजमहल देखने आईं थीं और यह उनकी दूसरी यात्रा है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के दौरान यांगदोन ने एक बार फिर ताजमहल के इतिहास के बारे में जाना। शाही परिवार के सदस्यों ने स्मारक के बारे में, इसके निर्माण और नक्काशी सहित कई सवाल भी पूछे। ''वे ताजमहल की खूबसूरती को लेकर बहुत उत्सुक थे।

## पीड़ित मृतक डॉक्टर के पिता ने ममता बनर्जी से कुछ नहीं करने की अपील की

**कोलकाता (एजेंसी)।** आरजी कर बलात्कार और हत्याकांड के आरोपी संजय रॉय को अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। इस फैसले पर पीड़िता डॉक्टर का परिवार नाराज हैं। हालांकि, उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से कुछ नहीं करने की अपील की है। साथ ही उन्होंने सबूतों के साथ छेड़छाड़ के आरोप भी ममता सरकार पर लगाए हैं। बीते साल 9 अगस्त को 32 साल की ट्रेनी डॉक्टर की रेप कर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी।

रिपोर्ट के अनुसार, पीड़िता के पिता ने कहा, हमें आदेश की कॉपी मिलने दीजिए, हम आदेश की कापी मिलने के बाद तय करने वाले हैं कि इस मामले में क्या करना चाहते हैं। उन्हें (सीएम ममता बनर्जी) को जल्दबाजी में कुछ भी करने की जरूरत नहीं है। आज तक मुख्यमंत्री ने जो किया है, इसके बाद उन्हें आगे कुछ नहीं करना चाहिए। यह कहते हुए कि उम्रकैद इसलिए दी गई, क्योंकि सीबीआई उचित सबूत नहीं दे सकी, पीड़िता के पिता ने कहा, वे बहुत कुछ कह सकते हैं, लेकिन उन्होंने सिर्फ सबूतों से छेड़छाड़ की है...। तत्कालीन सीपी और अन्य लोगों ने सबूतों से छेड़छाड़ की। क्या ये सब उन्हें शुरुआत से नजर नहीं आया। मृतका के परिजन ने कहा कि वे दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाने के अदालत के फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि मामले की जांच अधूरे मन से की गई और अपराध में शामिल कई अन्य अपराधियों को बचाया गया। उन्होंने कहा कि वे न्याय के लिए ऊपरी अदालत में जाएंगे। मृत महिला चिकित्सक की मां ने फैसले आने के बाद कहा, हम स्तब्ध हैं। यह कैसे यह दुर्लभ से दुर्लभतम मामलों में नहीं है। ड्यूटी पर तैनात एक चिकित्सक को बलात्कार के बाद मार डाला गया। हम निराश हैं। इस अपराध के पीछे बड़ा षड़यंत्र था।

वहीं सीएम बनर्जी ने निचली अदालत के फैसले पर गहरी नाराजगी जातकर हैरानी जाहिर की हैद्य। उन्होंने अदालत का फैसला आने के बाद कहा कि यह मामला दुर्लभ से दुर्लभतम' मामलों में से एक था और अदालत का यह निर्णय इस दृष्टिकोण से बिल्कुल मेल नहीं खाता कि आरोपी को कड़ी सजा दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फैसला बेहद निराशाजनक था और इस मामले को 'दुर्लभतम' मामलों में गिना जाना चाहिए था, जिसमें दोषी को सख्त सजा मिलनी चाहिए।

# सीमावर्ती क्षेत्रों में जाने से बचें लोग, ममता बनर्जी बोलीं- इसकी सुरक्षा बीएसएफ की जिम्मेदारी

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा की रक्षा करना बीएसएफ की जिम्मेदारी है और उन्होंने मालदा जिले के स्थानीय लोगों से आग्रह किया कि यदि कोई समस्या हो तो वे सीमावर्ती क्षेत्रों में जाने से बचें। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी 18 जनवरी को मालदा जिले में बीएसएफ चौकी के पास भारत-बांग्लादेश सीमा पर तनाव उत्पन्न होने के बाद आई है। दोनों देशों के किसानों के बीच तकरार थोड़ी देर के लिए झड़प में भी बदल गई।



मालदा जिले में एक बैठक में बोलते हुए उन्होंने स्थानीय लोगों से आग्रह किया कि यदि कोई समस्या हो तो वे सीमावर्ती क्षेत्रों के पास न जाएं। इस जिले की सीमा बांग्लादेश से लगती है। उन्होंने कहा, 'सीमा की रक्षा करना बीएसएफ का कर्तव्य है। मैं लोगों से आग्रह करती हूं कि अगर उन्हें कोई समस्या दिखे तो वे सीमावर्ती इलाकों में न जाएं।' बनर्जी ने जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों से उन लोगों पर सतर्क नजर रखने का भी आग्रह किया जो भारत में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे हैं या गलत इरादों के साथ होटल के कमरों में रह रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे विश्वास है कि बांग्लादेश के साथ हमारे रिश्ते बेहतर होंगे।'

बनर्जी ने जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों से उन लोगों पर नजर रखने का भी आग्रह किया, जो भारत में घुसने की कोशिश कर रहे हैं या गलत इरादे से होटल के कमरों में ठहरे हुए हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे विश्वास है कि बांग्लादेश के साथ हमारे रिश्ते बेहतर होंगे।' पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हाल ही में राज्य सचिवालय में एक प्रशासनिक समीक्षा बैठक के दौरान सीमा सुरक्षा बल पर बांग्लादेश से घुसपैठ को अनुमति देने का आरोप लगाया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि राज्य को अस्थिर करने के लिए केंद्र सरकार के 'ब्लूप्रिंट' के हिस्से के रूप में ऐसा किया जा रहा है। केंद्रीय अर्धसैनिक बल ने आरोप से इनकार करते हुए बताया था कि वह देश की सीमा की पूरी लगन से रक्षा करता है।

## महाकुंभ में योगी कैबिनेट की ऐतिहासिक बैठक आज, संगम में डुबकी लगाएंगे मुख्यमंत्री और मंत्री

प्रयागराज, प्रयागराज महाकुंभ में बुधवार, 22 जनवरी को उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अपनी कैबिनेट की बैठक कर एक इतिहास रचने जैसा कार्य करने जा रही है। यह बैठक त्रिवेणी संगम के निकट अरैल स्थित त्रिवेणी संकुल में आयोजित की गई है, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कुल 54 मंत्री शामिल होंगे। इस कैबिनेट में हिस्सा लेने वाले मुख्यमंत्री समेत अन्य मंत्री संगम में डुबकी लगाकर पुण्य हासिल करेंगे। योगी सरकार की इस कैबिनेट बैठक में प्रदेश के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा के साथ ही मंजूरी दी जाने की उम्मीद है। कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने मंत्रिमंडल के साथ संगम की पवित्र धारा में डुबकी लगाएंगे। इस दौरान विधिवत पूजन-अर्चन भी किया जाएगा। 2019 के कुंभ मेले में भी योगी सरकार ने इसी प्रकार संगम में स्नान किया था, जो परंपरा का प्रतीक माना जाता है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसलिए बैठक स्थल को मेला प्राधिकरण सभागार से बदलकर अरैल स्थित त्रिवेणी संकुल में स्थानांतरित किया गया है। मंत्रियों की सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को लेकर मेला प्रशासन ने विशेष प्रबंध किए हैं। बैठक के बाद मंत्रीगण वीआईपी घाट से मोटर बोट के माध्यम से संगम पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और अन्य वरिष्ठ मंत्रियों सहित सभी 54 मंत्री संगम में आस्था की डुबकी लगाएंगे। इस आयोजन को आध्यात्मिकता और सरकार की एकजुटता का प्रतीक माना जा रहा है।



# बीजेपी की लाइन से अलग जा रहे अजित पवार! धर्मनिरपेक्षता की राजनीति को लेकर कही बड़ी बात

**जम्मू (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को विभाजनकारी रणनीति और भ्रष्टाचार के खिलाफ चेतावनी देते हुए धर्मनिरपेक्षता और प्रगतिशील राजनीति के प्रति अपनी पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराई। जालना में राकांपा के जिला कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए, पवार ने महाराष्ट्र में एकता और सामाजिक सद्भाव के महत्व पर जोर दिया और पार्टी कार्यकर्ताओं से अपनी गतिविधियों में पारदर्शिता बनाए रखने का आह्वान किया।

रिपोर्ट के मुताबिक, पवार ने कहा कि महाराष्ट्र हमेशा प्रगतिशील विचार और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक रहा है। एनसीपी दृढ़ता से एकता और धर्मनिरपेक्षता के लिए खड़ी है। हम किसी को भी नफरत फैलाने या विभाजनकारी राजनीति में शामिल होने की अनुमति नहीं देंगे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से नए सदस्यों को शामिल करते समय सतर्क रहने का आग्रह किया और उन्हें संदिग्ध पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों को शामिल करने से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अपने कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करें और भ्रष्टाचार या विभाजन को हमारी पार्टी में न आने दें।



पवार ने राज्य सरकार की पहल लड़की बहिन योजना को भी संबोधित किया, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से वंचित महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। टीओआई के अनुसार, उन्होंने खुलासा किया कि राज्य सरकार ने एक प्रमुख चुनावी वादे को पूरा करते हुए इस योजना के लिए महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग को 3,700 करोड़ रुपये आवंटित किए थे। हालाँकि, डिप्टी सीएम ने 2.5 लाख रुपये और उससे अधिक की वार्षिक आय अर्जित करने वाले लाभार्थियों से स्वेच्छा से कार्यक्रम से बाहर निकलने का आह्वान किया, और उनसे वास्तव में जरूरतमंद लोगों के लिए रास्ता बनाने का आग्रह किया।

## उत्तराखंड में यूसीसी को लेकर बोले ओवैसी : आप केवल मुसलमानों की शादियां और तलाक रोक रहे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तराखंड सरकार राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने की तैयारी में है। इसकी को लेकर एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी का बड़ा बयान सामने आया है। ओवैसी ने कहा कि जब आप हिंदू विवाह अधिनियम, हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम को अपवाद दे रहे हैं तो इसे यूसीसी नहीं कहा जा सकता है और यह आदिवासियों पर भी लागू नहीं होगा। ये कैसा यूनिफॉर्म सिविल कोड? उन्होंने साफ तौर पर कहा कि आप केवल मुसलमानों की शादियाँ और तलाक रोक रहे हैं।



ओवैसी ने आगे कहा कि आप यूनिफॉर्म सिविल कोड की बात करते हैं, लेकिन अगर कोई हिंदू धर्म से किसी अन्य धर्म में परिवर्तन करना चाहता है, तो उसे अनुमति लेनी होगी। उन्होंने कहा कि वे वक्फ को बर्बाद करने और उसकी संपत्तियों को लूटने के लिए यह बिल ला रहे हैं।' जैसे CAA पर विरोध हुआ था, वैसे ही अगर वक्फ संशोधन बिल पास हुआ तो भी विरोध होगा। इससे पहले उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने सोमवार को राज्य सचिवालय में आयोजित एक बैठक के दौरान समान नागरिक संहिता (यूसीसी) नियमावली को मंजूरी दे दी।

अधिकारियों के अनुसार, यह विकास विधायी विभाग द्वारा मैनुअल की सावधानीपूर्वक समीक्षा के बाद हुआ। मंजूरी के बारे में बोलते हुए, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 2022 के चुनावों से पहले किए गए अपने वादों को पूरा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। धामी ने कहा कि हमने 2022 में उत्तराखंड की जनता से वादा किया था कि हमारी सरकार बनते ही हम यूसीसी बिल लाएंगे। हम इसे ले आये। मसौदा समिति ने इसका मसौदा तैयार किया, यह पारित हुआ, राष्ट्रपति ने इसे मंजूरी दी और यह एक अधिनियम बन गया। ट्रेनिंग की प्रक्रिया भी लगभग पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हर चीज का विश्लेषण करने के बाद हम जल्द ही तारीखों की घोषणा करेंगे। यहां यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि भाजपा सरकार ने पिछले साल 6 फरवरी को उत्तराखंड विधानसभा के एक विशेष सत्र के दौरान यूसीसी विधेयक पेश किया था और इसे एक दिन बाद 7 फरवरी को आरामदायक बहुमत के साथ पारित किया गया था। उत्तराखंड विधानसभा के बाद, फरवरी में यूसीसी विधेयक पारित किया गया और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 13 मार्च को इस पर हस्ताक्षर किए, जिससे उत्तराखंड के लिए यूसीसी अधिनियमित करने वाला भारत का पहला राज्य बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया।

# क्या एआई आने से दुनिया में गहराएगा बेरोजगारी संकट, क्या हैं जानकारों की राय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला ने हाल ही में भारत का दौरा किया और देश में अपनी कंपनी के आगामी निवेश के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। नडेला ने बताया कि माइक्रोसॉफ्ट अगले दो वर्षों में भारत में 3 अरब डॉलर का निवेश करेगा, जो खास तौर पर क्लाउड और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में किया जाएगा। उनका कहना था कि इस निवेश से एआई का विकास और उपयोग तेजी से बढ़ेगा और भारत के तकनीकी क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने यह वादा भी किया कि अगले पांच वर्षों में माइक्रोसॉफ्ट एक करोड़ भारतीयों को एआई की ट्रेनिंग देने के लिए तैयार है, जिससे एक उच्च गुणवत्ता वाले तकनीकी कार्यबल की सृजन की योजना है।

भारत में एसटीईएम (विज्ञान, तकनीकी, इंजीनियरिंग, गणित) स्नातकों की बड़ी संख्या को देखते हुए, नडेला ने भारत को एक प्रमुख वैश्विक तकनीकी केंद्र के रूप में देखा है। पश्चिमी देशों की जनसंख्या में कमी आ रही है, जिससे इन देशों को एआई और तकनीकी क्षेत्र में कुशल स्नातकों की जरूरत है। नडेला ने इस तथ्य को रेखांकित किया कि भारत में दुनिया के सबसे अधिक अंग्रेजी बोलने वाले एसटीईएम स्नातक तैयार होते हैं, और यह भारत को पूरी दुनिया के लिए एक बड़ा प्रतिभा स्रोत बना रहा है। पहले जहां भारतीय ज्यादा तकनीकी रूप से कम योग्यता वाले कार्यों में लगे थे, अब बड़ी वैश्विक कंपनियां भारत में ग्लोबल कैपबिलिटी सेंटर्स (जीसीसीएस) खोल रही हैं, जिससे भारत में उच्च स्तर के तकनीकी कार्यों का अवसर बढ़ा है।

हालांकि एआई के प्रसार को लेकर कुछ आशंकाएं भी हैं। कुछ लोगों को डर है कि एआई लाखों नौकरियों को खत्म कर सकता है, और मशीनें इंसानों से ज्यादा बुद्धिमान हो सकती हैं। परंतु कई विशेषज्ञ मानते हैं कि हर नई तकनीक के साथ बेरोजगारी का डर होता है, जो अंततः गलत साबित होता है। जैसे पहले मशीनीकरण, व्यक्तिगत कंप्यूटर और इंटरनेट ने नई नौकरियों की सृजन की, वैसे ही एआई भी रोजगार के नए अवसर पैदा कर सकता है। हालांकि यह भी सच है कि कुछ क्षेत्रों में नौकरियां समाप्त हो सकती हैं, लेकिन कुल मिलाकर नए अवसर उत्पन्न हो सकते हैं।

नडेला ने इस बात पर जोर दिया कि एआई के कारण उत्पन्न होने वाली नौकरियों की कमी से निपटने के लिए सरकारों को उच्च कॉर्पोरेट मुनाफे और तकनीकी कर्मचारियों की उच्च आय पर टैक्स लगाकर बेरोजगारी मुआवजे की योजना बनानी होगी। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि रीट्रेनिंग और तकनीकी नवाचार का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचे। उन्होंने यह भी कहा कि एआई के विकास से समृद्धि में सुधार होगा, लेकिन इसके साथ आने वाली चुनौतियों का सही तरीके से सामना करना जरूरी है।



# महाकुंभ में पहुंची फर्राटा धाविका हिमा दास, गंगा में लगाई डुबकी



**प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) (एजेंसी)।** स्टार फर्राटा धाविका हिमा दास ने महाकुंभ नगर आकर गंगा में डुबकी लगाई। धिंग एक्सप्रेस के नाम से मशहूर हिमा यहां अपने दोस्तों के साथ आई थी और अपने अध्यात्मिक गुरू केशव दास जी महाराज से आशीर्वाद लिया। महाराज ने कहा, 'जब हिमा को महाकुंभ में पूर्वोत्तर शिविर के बारे में पता चला तो वह आए बिना रह नहीं सकी। वह अपने दोस्तों के साथ आई, गंगा में डुबकी लगाई और रविवार को चली गई। उन्होंने कहा, 'वह इस अनुभव को लेकर काफी रोमांचित थी और नामघर देखने भी आई।

जकार्ता एशियाई खेल 2018 की स्वर्ण पदक विजेता हिमा 16 महीने का निलंबन खत्म होने के बाद वापसी की तैयारी में है। उनका निलंबर 22 जुलाई 2023 से 21 नवंबर 2024 तक था।

# बिना हार्दिक पांड्या टीम इंडिया अधूरी: कामरान अकमल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज कामरान अकमल ने हार्दिक पंड्या को अगले महीने होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय प्लेइंग इलेवन में शामिल करने वाले खिलाड़ी के रूप में नामित किया है। वनडे विश्व कप 2023 के दौरान हार्दिक भारतीय टीम का अहम हिस्सा थे लेकिन बीच में चोट के कारण वह बाहर हो गए थे। उन्होंने विस्फोटक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करने के साथ गेंद को सहजता से उछालने की क्षमता के कारण सबका ध्यान खींचा था।कामरान ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि भारतीय टीम में मुख्य खिलाड़ी हार्दिक पंड्या हैं, उनके बिना प्लेइंग इलेवन अधूरी है। वह मेरे पसंदीदा हैं, वह बल्ले और गेंद से उल्लेखनीय हैं। वह खेल को खत्म भी करते हैं। हार्दिक ने भारत के लिए 86 वनडे मैचों में 34.01 की औसत से 1,769 रन बनाए हैं, जिसमें 92* के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 11 अर्द्धशतक शामिल हैं। गेंद के साथ उन्होंने 35.23 की औसत से 84 विकेट लिए हैं, जिसमें 4/24 का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। कामरान के अलावा, भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने हाल ही में कहा था कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान स्टार ऑलराउंडर भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा।



# आज इंग्लैंड के खिलाफ नए सिरे से शुरूआत करने उतरेगी टी-20 टीम इंडिया

## शमी की वापसी पर फोकस

**कोलकाता (एजेंसी)।** फिट होकर टीम में लौटे मोहम्मद शमी की वापसी पर सभी की नजरें होंगी जब सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टी20 टीम इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में उतरेगी। भारतीय टीम का लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट दौरे पर शर्मनाक हार से मिले जख्मों पर मरहम लगाने का भी होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टी20 और तीन वनडे मैच खेले जाएंगे जो अगले महीने होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले दोनों टीमों के लिये खुद को आंकने का सुनहरा मौका है। शमी वनडे विश्व कप 2023 में चार मैचों से बाहर रहने के बावजूद भारत के सबसे कामयाब गेंदबाज रहे जिन्होंने 24 विकेट लिए थे। उन्होंने वानखेड़े स्टेडियम पर न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 57 रन देकर 7 विकेट चटकाए थे। वह टी20 क्रिकेट में कुल 24 विकेट ले चुके हैं और इसमें अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेंगे।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवंबर 2023 को फाइनल में मिली हार के बाद से टखने की चोट के कारण शमी टीम से बाहर हैं। इसके बाद उनके बाएं घुटने में सूजन आ गई थी। स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमर में चोट होने से चैम्पियंस ट्रॉफी में उनका खेलना तय नहीं है जिससे शमी पर



काफी दारोमदार होगा। शमी ने बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी में वापसी की और सात विकेट लेकर सत्र की पहली जीत दिलाई। इसके बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 11 और विजय हजारे ट्रॉफी में पांच विकेट लिए। शमी ने टी20 करियर में 2014 में पदार्पण के बाद से सिर्फ 23 मैच खेले हैं। उन्होंने आखिरी बार इंग्लैंड के खिलाफ 2022 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल खेला था। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम आस्ट्रेलिया दौरे पर मिली हार को अभी तक भुला नहीं पाई है जिसके बाद टीम में अनुशासन बहाल करने के लिए बीसीसीआई ने कड़े दिशा निर्देश जारी किए हैं। हरफनमौला अक्षर पटेल को भारतीय टीम का उप-कप्तान बनाया गया है जिन्होंने पिछले साल वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप में खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

अक्षर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 31 गेंद में 47 रन बनाए और आठ मैचों में नौ विकेट भी लिये थे। भारत की चैम्पियंस ट्रॉफी टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे विकेटकीपर संजू सैमसन पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव होगा। मध्यप्रदेश के खिलाफ रणजी मैच में उन्हें केरल टीम में जगह नहीं मिली। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में लगातार दो टी20 शतक जड़ने वाले सैमसन कई बार खुद को साबित कर चुके हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न में दिसंबर में बॉक्सिंग डे टेस्ट में शतक जमाने वाले नीतिश रेड्डी को भी टीम में जगह मिली है। वह हार्दिक पंड्या के साथ तेज गेंदबाजी का एक और विकल्प दे सकते हैं। जोस बटलर की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम के लिए मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ यह नए सत्र की शुरूआत है। टी20 विश्व कप से इंग्लैंड के बाहर होने के बाद मैथ्यू मोट ने इस्तीफा दे दिया जिसके बाद मैकुलम ने तीन साल का करार किया। टेस्ट क्रिकेट को आक्रामक खेल (बैजबॉल) की नयी परिभाषा देने वाले मैकुलम सीमित ओवरों के प्रारूप में भी उसे दोहराना चाहेंगे। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेल चुके मैकुलम के लिये ईडन गार्डन नया नहीं है। इंग्लैंड को रीसे टॉपली, सैम कुरेन और विल जैक की कमी खलेगी लेकिन 21 वर्ष के जैकब बेथेल अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे। उन्होंने अब तक सात टी20 मैचों में 167 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। शमी की ही तरह इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं। वैसे भारत में शाम को पड़ने वाली ओस से तेज गेंदबाजों को दिक्कत हो सकती है। इसके बाद 25 जनवरी को दूसरा टी20 चेन्नई में, 28 जनवरी को राजकोट, 31 जनवरी को पुणे और दो फरवरी को मुंबई में खेला जाएगा।

### टीमें

**भारत** - सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अक्षर पटेल, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, नीतिश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरूण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वॉशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल।

**इंग्लैंड** - जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, फिल साल्ट, जैकब बेथेल, लियाम लिविंगस्टोन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, गुस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, जैमी ओवरटन, जैमी स्मिथ, आदिल रशीद, साकिब महमूद, मार्क वुड।

**मैच का समय** - शाम 7 बजे से।

# सूर्यकुमार ने ईडन गार्डन में बिताये अपने समय को किया याद

## कहा- वह भी खूबसूरत दिन थे

इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के पहले टी20 मैच से पहले भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने उस समय को याद किया जब वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के समय कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला करते थे। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज बुधवार को प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में शुरू होगी। दूसरा और तीसरा मैच क्रमश: 25 और 28 जनवरी को चेन्नई और राजकोट में खेला जाएगा। सीरीज का चौथा मैच 31 जनवरी को पुणे में खेला जाएगा और अंतिम मैच 2 फरवरी को मुंबई में होगा।

सूर्यकुमार यादव ने बीसीसीआई द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, यह एक पुरानी तरह की भावना है। जब आप यहां आते हैं तो अच्छा लगता है। इसके बारे में सोचना अच्छा लगता है। जब मैं कमरे में बैठता हूं और सोचता हूं कि जब मैं 2014, 2015, 2016, 2017 में यहां मैच खेलता था, तो वह भी खूबसूरत दिन थे।

सूर्यकुमार 2014 में मुंबई इंडियंस से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) में शामिल हुए जिस साल यह फ्रेंचाइजी खिताब जीतना चाहती थी। 2014 से 2017 तक चार साल तक नाइट राइडर्स के लिए खेलते हुए 34 वर्षीय खिलाड़ी ने 54 मैचों में सिर्फ 608 रन बनाए। इसके अलावा मुंबई में जन्मे क्रिकेटर ने कहा कि ईडन गार्डन्स में कोलकाता स्थित फ्रेंचाइजी के लिए खेलते हुए उन्होंने कभी भी उसी मैदान पर मेन इन ब्लू का नेतृत्व करने के बारे में नहीं सोचा था।

दाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा, मुझे याद है कि 2014 में जब मैं पहली बार केकेआर में आया था। तब से लेकर आज तक 10-11 साल बाद, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं कभी भारत का नेतृत्व करूंगा। लेकिन आज इस मैदान पर खड़े होकर, यह सोचकर कि मैं नेतृत्व करने जा रहा हूं क्योंकि यह एक ऐतिहासिक स्टेडियम भी है। इसके बारे में सोचना मजेदार है और यह एक खूबसूरत यात्रा रही है।

भारत-इंग्लैंड -टी-20 मैच

# इंग्लैंड ने पहले टी20 मैच के लिए प्लेइंग 11 की घोषणा की, इन प्लेयर्स को मिला मौका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने मंगलवार को कोलकाता के प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में भारत के खिलाफ पहले टी20 इंटरनेशनल मैच के लिए अपनी प्लेइंग 11 की घोषणा की। इंग्लैंड और भारत के बीच पहला टी20 मैच बुधवार को ईडन गार्डन्स में शाम 7 बजे खेला जाएगा।

कोलकाता में इंग्लैंड के लिए फिल साल्ट और बेन डकेट ओपनिंग करेंगे। 20 ओवर की सीरीज के पहले मैच में कप्तान जोस बटलर की जगह साल्ट विकेट कीपिंग करेंगे। इससे पहले दिन में ईसीबी ने भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए हैरी ब्रूक को अपना उप-कप्तान घोषित किया। लियाम लिविंगस्टोन, बटलर और ब्रूक मध्य क्रम में बल्लेबाजी करेंगे।



पिछले साल नवंबर में अपना आखिरी टी20 मैच खेलने वाले जैकब बेथेल को भी थ्री लायंस की प्लेइंग 11 में शामिल किया गया है। ईडन गार्डन्स में होने वाले 20 ओवर के मैच में बॉलिंग ऑलराउंडर जेमी ओवरटन भी हिस्सा लेंगे। गस एटकिंसन, जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड तीन लॉयन्स के लिए पेसर की पसंद होंगे। इस बीच आदिल राशिद प्लेइंग इलेवन में एकमात्र स्पिनर होंगे।

ईसीबी ने टीम की घोषणा करते हुए एक्स पर लिखा, बल्ले और गेंद से दमदार। ब्रेंडन मैकुलम ने कल भारत के खिलाफ होने वाले पहले टी20 मैच के लिए अपने शासनकाल की पहली व्हाइट-बॉल टीम की घोषणा की है।

गौर हो कि सीरीज 22 जनवरी को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शुरू होगी। दूसरा मैच 25 जनवरी को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में होगा। तीसरा मैच 28 जनवरी को राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेला जाएगा। चौथा और पांचवां मैच क्रमश- 31 जनवरी और 2 फरवरी को पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट स्टेडियम और मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा।

### भारत के खिलाफ पहले टी20आई के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग 11

बेन डकेट, फिल साल्ट (विकेट कीपर), जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बेथेल, जेमी ओवरटन, गस एटकिंसन, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, मार्क वुड।

बीसीसीआई के दिशा निर्देशों पर बोले बटलर

# परिवार के साथ रहने से खेल पर बहुत फर्क नहीं पड़ता



**कोलकाता (एजेंसी)।** लंबे विदेश दौरों पर परिवार के साथ समय में कटौती के बीसीसीआई के दिशा निर्देशों के बीच इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने मंगलवार को कहा कि लंबे विदेश दौरों पर परिवार का साथ बहुत महत्वपूर्ण है और इससे प्रदर्शन पर ज्यादा असर नहीं पड़ता। बीसीसीआई ने खिलाड़ियों के लिए हाल ही में दस बिंदुओं की अनुशासन नीति जारी की है जिसमें दौरों पर परिवार के साथ सीमित समय बिताने के प्रावधान पर बहस छिड़ी हुई है। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा ने इसे लेकर आंशका जताई है। बोर्ड के दिशा निर्देश के अनुसार खिलाड़ी 45 दिन से अधिक के दौरे पर परिवार के साथ दो सप्ताह से ज्यादा नहीं बिता सकते। बटलर ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला से पहले कहा, 'यह काफी भारी सवाल है। यह अहम है। हम आधुनिक जगत में रह रहे हैं और दौरों पर परिवार का साथ रहना बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा, 'आजकल इतना क्रिकेट खेला जा रहा है और खिलाड़ी घर से बाहर काफी समय बिताते हैं। कोरोना के बाद इस पर काफी चर्चा भी हुई है। मुझे नहीं लगता कि परिवार के साथ रहने से खेल पर बहुत फर्क पड़ता है। बटलर ने कहा कि परिवार की मौजूदगी से पेशेवर प्रतिबद्धताओं में दखल नहीं पड़ता।

आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20

# भारत ने मेजबान मलेशिया को 35 रन पर किया ढेर, तीन ओवर में जीता मैच



**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** गत चैंपियन भारत ने आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में अपना दबदबा जारी रखते हुए मंगलवार को ग्रुप ए में मेजबान मलेशिया को 10 विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल की। भारत ने टॉस जीतकर एक बार फिर बादलों से घिरे मौसम का फायदा उठाने के लिए पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वैष्णवी शर्मा की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने मेजबान टीम को 14.3 ओवर में मात्र 31 रन पर आउट कर दिया। उन्होंने हैट्रिक भी बनाई और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। जवाब में सलामी बल्लेबाज जी त्रिशा (नाबाद 27) और कमलिनी जी (नाबाद चार) ने भारत को तीन ओवर में ही लक्ष्य हासिल करने में मदद की और सभी विकेट बरकरार रहे। पहले गेंदबाजी करते हुए तेज गेंदबाज जोशीथा वीजे ने अपनी कप्तान के फैसले का समर्थन करते हुए मलेशिया की सलामी बल्लेबाज नूनी को शून्य पर पगबाधा आउट किया। नो-बॉल पर रन आउट ने नूर आलिया को क्रीज पर बने रहने से रोक दिया, लेकिन पांचवें ओवर में आयुषी शुक्ला के दोहरे स्ट्राइक ने मलेशिया को 15 रन के पार जाने से पहले चार विकेट पर पहुंचा दिया। वैष्णवी ने बाएं हाथ की स्पिन का दबदबा जारी रखा, उन्होंने अपनी पहली सात गेंदों पर कप्तान नूर दानिया स्यूहादा (1) को कैच और नूरीमन (2) को बोल्ड किया।

# कैसे हुई नीरज की हिमानी से मुलाकात, ऐसी है नवविवाहित जोड़े की लवस्टोरी

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा की हिमानी मोर से शादी की खबर ने कई लोगों को चौंका दिया और 19 जनवरी की शाम को इंटरनेट पर तहलका मचा दिया। ओलंपियन नीरज चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर अपनी शादी की कुछ तस्वीरें पोस्ट करते हुए यह खबर साझा की। नीरज चोपड़ा ने पोस्ट में लिखा, अपने परिवार के साथ जीवन का एक नया अध्याय शुरू किया। हर उस आशीर्वाद के लिए आभारी हूं जिसने हमें इस पल तक साथ लाया। प्यार से बंधे, हमेशा खुश।



27 वर्षीय नीरज चोपड़ा अपनी निजी जिंदगी को निजी रखना पसंद करते हैं, इसलिए हिमानी से उनकी निजी शादी के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। वास्तव में रिपोर्ट्स बताती हैं कि हिमानी से नीरज की शादी उनके कई करीबी दोस्तों के लिए भी एक सरप्राइज थी! रिपोर्ट्स के मुताबिक नीरज चोपड़ा और हिमानी मोर ने सोलन के पास कुमारहट्टी में सूर्यविलास रिजॉर्ट में एक निजी शादी समारोह में शादी की। उनकी शादी एक निजी मामला था जिसमें केवल कुछ करीबी परिवार के सदस्य ही शामिल हुए थे।

**नीरज चोपड़ा की हिमानी मोर से मुलाकात कैसे हुई** - नीरज चोपड़ा की हिमानी मोर से मुलाकात कैसे हुई, कैसे इस जोड़े ने शादी का फैसला किया? इस बारे में जानकारी साझा करते हुए नीरज के चाचा सुरेंद्र चोपड़ा ने हाल ही में एक इंटरव्यू में जानकारी दी। सुरेंद्र चोपड़ा ने कहा कि नीरज और हिमानी की मुलाकात अमेरिका में हुई थी और जल्द ही दोनों के बीच प्यार हो गया। नीरज और हिमानी दोनों के परिवारों ने भी उनके रिश्ते को मंजूरी दे दी और तभी दो महीने पहले उनकी शादी की योजना बनाई गई।

शादी इतने कम समय में क्यों हुई? सुरेंद्र चोपड़ा ने कहा कि दोनों परिवार लॉस एंजिल्स में 2028 ओलंपिक तक नीरज के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए दो और साल इंतजार नहीं करना चाहते थे। और चूंकि यह नीरज के लिए ऑफ-सीजन था, इसलिए उन्होंने जनवरी 2025 को उपयुक्त माना। नीरज और हिमानी की शादी तीन दिवसीय समारोह था और यह शिमला में 14 से 16 जनवरी 2025 तक हुआ।

शादी से पहले की रस्मों के लिए हिमानी नीरज के गांव गई थीं जहां वह 14 घंटे तक रहीं। दंपति अपनी शादी को पूरी तरह से निजी रखना चाहते थे, इतना कि उनकी शादी कराने वाले 'पंडित' को भी नहीं पता था कि दूल्हा नीरज चोपड़ा हैं, उनके चाचा ने खुलासा किया! साथ ही, शादी में आए मेहमानों को शादी समारोह के दौरान अपने मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने से मना किया गया था। नीरज के चाचा सुरेंद्र चोपड़ा ने यह भी बताया कि ओलंपियन ने शादी के लिए लड़की के परिवार से कोई दहेज नहीं लिया। इसके बजाय नीरज ने सम्मान और शुभकामनाओं के निशान के रूप में हिमानी के पिता से केवल एक रुपया लिया।

# क्या लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेल 2028 को प्रभावित करेगी जंगल की आग

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** लॉस एंजिल्स ओलिम्पिक की आयोजन समिति के प्रमुख कैसी वासरमैन ने बीते दिनों फ्लोरिडा के मार-ए-लागो में अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात की। यह बैठक 2028 ओलिम्पिक को एल.ए. से डलास या मियामी में स्थानांतरित करने मांग के बीच हुई। जब बैठक खत्म हुई तो ट्रम्प ने वासरमैन से कहा कि यह ओलिम्पिक अमरीका के हैं। अब यह एल.ए. के लिए पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं, और मैं हर संभव तरीके से उनका समर्थन करूंगा और उन्हें सबसे महान खेल बनाऊंगा।

**ट्रम्प का समर्थन क्यों मायने रखता है** - एल.ए. ओलिम्पिक 14 जुलाई, 2028 को शुरू होने वाले हैं। ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान साल 2017 में अमरीका को इसकी मेजबानी मिली थी। लॉस एंजिल्स ने आखिरी बार 1984 में ओलिम्पिक की मेजबानी की थी। एल.ए. गेम्स के लिए ट्रम्प का समर्थन ऐसे समय में आया है जब मीडिया हस्ती चार्ली किर्क जैसी कई रूढ़िवादी आवाजों ने खेलों को स्थानांतरित करने का आह्वान किया है। किर्क ने एक्स पर पोस्ट किया- लॉस एंजिल्स ओलिम्पिक रद्द कर दिया




जाना चाहिए। यदि आप फायर हाइड्रैंट नहीं भर सकते हैं, तो आप ओलिम्पिक की मेजबानी के लिए योग्य नहीं हैं। उन्हें डलास या मियामी ले जाएं, ताकि दुनिया के एथलीट वास्तव में सुरक्षित रूप से कुछ बनाने और चलाने में सक्षम जगह पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। लॉस एंजिल्स सिटी कौंसिल के पूर्व सदस्य माइक बोनिन, जिन्होंने ओलिम्पिक के समर्थन में मतदान किया था, को न्यूयॉर्क टाइम्स ने यह कहते हुए उद्धृत किया था- यह शहर की ओलिम्पिक आयोजित करने की क्षमता पर सवाल उठाता है। यह निर्वाचित अधिकारियों के लिए खुद से सवाल पूछने का कारण है- क्या यह कुछ ऐसा है जिसे हम संभाल सकते हैं?

**खेलों को रद्द या स्थानांतरित करना** - जंगल की आग ने 150 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र को तबाह कर दिया है और साथ ही प्रशासन की जिम्मेदारियों पर सवाल उठाए हैं। पुनर्निर्माण की लागत 135 बिलियन डॉलर से ज्यादा होने का अनुमान है। ऐसे में 17 दिन तक चलने वाले ओलिम्पिक पर लगभग 7 बिलियन डॉलर लगेंगे जोकि 15 मिलियन दर्शकों को आकर्षित करेगा, को फिलहाल टाल देना चाहिए। हालांकि एल.ए. में ओलिम्पिक के 50 नियोजित स्थानों में से कोई भी प्रभावित नहीं हुआ है। रिवेरा कंट्री क्लब में ओलिम्पिक गोल्फ टूर्नामैंट की मेजबानी होनी है। इसी तरह सेपुलवेडा बेसिन मनोरंजन क्षेत्र, जो तीरंदाजी, बी.एम.एक्स. और स्केटबोर्डिंग कार्यक्रमों की मेजबानी करेगा, जंगल की आग से तबाह हुए क्षेत्रों के पास थे।

### खेलों को पुन:ब्रांड करना

लॉस एंजिल्स में अगले साल फीफा विश्व कप के मैच भी होने हैं। यह स्थल जंगल की आग से प्रभावित क्षेत्रों के करीब है, लेकिन मैचों को बाहर स्थानांतरित करने के लिए कोई बातचीत नहीं हुई है। इस दौरान सुपर बाउल 2027 पर भी नजरें होंगी। कैलिफ़ोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसोम कहते हैं कि हमारे पास ओलिम्पिक, सुपर बाउल और फीफा विश्व कप की मेजबानी है। हमारे पास टीम है जोकि एल.ए. 2.0 की रूपरेखा तैयारी कर रही है। बता दें कि यह पहली बार नहीं है कि ओलंपिक का उपयोग किसी आपदा से तबाह हुए क्षेत्र को बदलने के माध्यम के रूप में किया जाएगा।

# लंबे घंटों तक काम करने के लिए किसी को भी नहीं कह सकता : नारायणमूर्ति

## हमारी मेहनत का सबसे बड़ा परिणाम होना चाहिए गरीब बच्चों के भविष्य के लिए सफलता और सुधार हो



**नई दिल्ली ।**

वर्क लाइफ बैलेंस के महत्व पर चर्चा नवीनतम क्रांति की ओर बढ़ रही है। इस विवाद से उठी बहस में इंफोसिस के को-फाउंडर नारायण मूर्ति का बयान उकसाने वाला है। उन्होंने हलके से कहा कि हफ्ते में 70 घंटे काम करने की संज्ञाना बनाने की जरूरत नहीं है। मूर्ति ने कहा कि कोई भी किसी आदमी को लंबे घंटों तक काम करने के लिए नहीं कह सकता, लेकिन हर किसी को 'इंट्रोस्पेक्ट' करना चाहिए और इसकी जरूरत को समझना चाहिए। यह कहते हुए उन्होंने अपने 40 वर्षीय करियर का उदाहरण दिया जहां वे हर हफ्ते 70 घंटे से अधिक काम करते थे। उनका कहना था कि इंट्रोस्पेक्ट करने से हर किसी को अपनी स्थिति को समझने में मदद मिल सकती है। अगर बात इस विवाद की मूल कहानी की तो नारायण मूर्ति ने गहराई से बताया कि महत्वपूर्ण नहीं है कि हम कितने घंटे काम करते हैं, बल्कि यह की हम कितने योगदान दे रहे हैं समाज में। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमारी मेहनत का सबसे बड़ा परिणाम होना चाहिए गरीब बच्चों के भविष्य के लिए सफलता और सुधार हो। यहां एक बड़ा सवाल उठता है कि क्या हम अपने जीवन में एक सामंजस्यपूर्ण संतुलन को कैसे बनाए रख सकते हैं, जब एक उद्यमिता समाज सुधार के साथ आता है। नारायण मूर्ति के बयान से प्रेरित होकर, हमें इस विचार से गुजरना होगा कि हम कैसे अपने काम और जीवन के बीच संतुलन को बनाए रख सकते हैं।

# ट्रंप के गद्दी संभालते ही वैश्विक बाजार में महंगा हुआ सोना



**नई दिल्ली ।**

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की सत्ता आते ही दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं में कई तरह के बदलाव देखने को मिल रहे हैं। सोने के दाम से लेकर शेयर बाजार की चाल ट्रंप के आने से मानो बदली-बदली लग रही है। राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प ने पहले दिन ही चीन और अन्य देशों के खिलाफ व्यापक व्यापार शुल्क लगाने पर फिलहाल कोई फैसला नहीं लिया। इसके चलते सोने के भाव में बढ़त बरकरार है, वहीं अमेरिकी डॉलर को नुकसान हुआ है। ईटी की रिपोर्ट के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोने का भाव 2,707.19 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर है। उधर, अमेरिकी गोल्ड फ्यूचर 0.7 फीसदी गिरकर 2,730 डॉलर पर आ गया। दरअसल, अमेरिकी चुनाव में जीत के बाद पिछले कई हफ्तों से दुनियाभर में डोनाल्ड ट्रंप को लेकर यह अटकलें लगाई जा रही थी कि वे कुछ देशों पर ट्रेड टैरिफ लगाएंगे लेकिन, सत्ता संभालने के बाद उन्होंने इस पर कुछ समय के लिए विराम लगा दिया है, साथ ही इस मुद्दे पर ज्यादा समय लेने की बात कही है। इसके बाद ग्लोबल शेयर मार्केट में राहत देखने को मिली और अमेरिकी डॉलर पर दबाव नजर आया. उधर, डॉलर के कमजोर पड़ने से सोने में भी तेजी देखने को मिली। इधर, भारत में सोने के भाव में तेजी का दौर जारी है। देश के ज्यादातर शहरों में 24 कैरेट गोल्ड का भाव 81,300 रुपये प्रति दस ग्राम के आसपास है। वहीं, 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 75,000 रुपये प्रति दस ग्राम है।

# एयरटेल ने बजाज ग्रुप के साथ किया अहम करार

## - बजाज फाइनेंस के उत्पादों को एयरटेल थैंक्स ऐप पर मार्च तक उपलब्ध कराया जाएगा




**नई दिल्ली ।**

भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस की एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारी के साथ, देश के दो दिग्गज कंपनियाँ ने डिजिटल वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाया है। यह साझेदारी भारती एयरटेल के 37 करोड़ ग्राहकों के आधार को मजबूत करेगी और उन्हें विभिन्न वित्तीय उत्पादों तक पहुंचाएगी। एयरटेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस साझेदारी के लक्ष्य को वन-स्टॉप शॉप बनाने के रूप में व्याख्या की है, जिससे ग्राहकों की सभी वित्तीय जरूरतों को पूरा किया जा सके। बजाज फाइनेंस ने इस साझेदारी को भारतीय डिजिटल बुनियादी ढांचे के लाभ देने के साथ-साथ डिजिटल परिवेश में बदलाव लाने का भी आदान प्रदान करने का आशा जताई। इस साझेदारी के तहत बजाज फाइनेंस के उत्पादों को एयरटेल थैंक्स ऐप पर मार्च तक उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे ग्राहकों को और अधिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। बजाज फाइनेंस का यह कदम डेटा-संचालित ऋण और वित्तीय समावेश के माध्यम से ज्यादा लोगों की मदद करने का उद्देश्य रखता है। इस साझेदारी की सफलता से न केवल भारतीय उपभोक्ताओं को फायदा होगा, बल्कि दो कंपनियों के साथ मिलकर देश के डिजिटल माध्यमों को मजबूत करने में मदद मिलेगी और वित्तीय समावेश को बढ़ावा मिलेगा। इस बड़े कदम से डिजिटल वित्तीय सेवाओं का विकास होगा और उपभोक्ताओं को और अधिक विकल्प उपलब्ध होंगे।

# दो नई इलेक्ट्रिक एसयूवी वीएफ 6 और वीएफ 7 पेश




**नई दिल्ली ।**

भारतीय बाजार में इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता विनफास्ट ने ऑटो एक्सपो 2025 में अपनी दो नई इलेक्ट्रिक एसयूवी वीएफ 6 और वीएफ 7 को पेश किया। यह कंपनी के भारत में विस्तार की शुरुआत है और इन दोनों एसयूवी में अत्याधुनिक फीचर्स और शानदार रेंज दी गई है। विनफास्ट ने वीएफ 6 को पांच सीटों वाली एक कॉम्पैक्ट इलेक्ट्रिक एसयूवी के तौर पर पेश किया है। इसमें पैनोरमिक सनरूफ, 12.9-इंच इंफोटेनमेंट स्क्रीन, हेड-अप डिस्प्ले, और लेवल-2 अडास जैसे कई आकर्षक फीचर्स हैं। इसके अलावा, इसमें 59.6 केडब्ल्यूएच बैटरी दी गई है, जो इसे सिंगल चार्ज में 381 किलोमीटर तक चलने की क्षमता देती है। वहीं, वीएफ 7 को एक प्रीमियम इलेक्ट्रिक एसयूवी के तौर पर प्रस्तुत किया गया है। इसमें 75.3 केडब्ल्यूएच बैटरी है, जो 431 किलोमीटर की रेंज देती है, और इसमें 348 हॉर्स पावर की मोटर लगी है। विनफास्ट की इन नई कारों के लॉन्च से भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में और प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।

हालांकि, अभी ये दोनों एसयूवी भारत में लॉन्च होने की तैयारी में हैं, और जल्द ही इनकी लॉन्च डेट का खुलासा किया जाएगा। इसके अलावा, विनफास्ट ने अपने अन्य इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे वीएफ 3, वीएफ 9, वीएफ 8, और वीएफ ई34 को भी ऑटो एक्सपो में शोकेस किया। कंपनी ने इस अवसर पर वीएफ ड्रागोनफलाय नामक इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर को भी प्रदर्शित किया।

# भारत दुनिया का इंजीनियर बनने जा रहा है: अर्जेंटीना

## - भारत भविष्य में एलएनजी जैसे क्षेत्र में भूमिका बढ़ाने के लिए हो सकता है महत्वपूर्ण उपभोक्ता

**नई दिल्ली ।**

अर्जेंटीना की तेल और गैस कंपनी वायपीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भारत की तेजी से बढ़ती आर्थिक वृद्धि और बड़ी आबादी के कारण विश्व के अगले दशक में इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नेतृत्व करने की संभावना जताई है। उन्होंने एक बातचीत के दौरान भारत की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए उज्ज्वल भविष्य की ओर इशारा किया। उन्होंने बताया कि भारत भविष्य में एलएनजी जैसे क्षेत्र में भूमिका बढ़ाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण उपभोक्ता हो सकता है और अर्जेंटीना भारत के लिए मुख्य आपूर्तिकर्ता बन सकता है। इसके साथ ही, दोनों देशों के बीच लिथियम के क्षेत्र में भी सहयोग के अवसरों की बात की गई है। लिथियम भारत के इलेक्ट्रिक वाहन और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण है। इस मुद्दे पर भारत के राजदूत मारियानो कॉसिनो ने भी महत्वपूर्ण चर्चा की और दोनों देशों के बीच मित्रता और आर्थिक संबंधों की महत्वपूर्णता पर जोर डाला। उन्होंने बताया कि भारत और अर्जेंटीना के बीच व्यापारिक संबंध मजबूत हो रहे हैं और उन्होंने पिछले साल अपने संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मनाई थी। भारत और अर्जेंटीना के बीच लिथियम खनन और अन्वेषण के क्षेत्र में समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं, जो दोनों देशों के लिए आगे बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण है। अधिकारी का कहना है कि भारत की वृद्धि दर बहुत मजबूत है और इसके विशाल आबादी के कारण देश इंजीनियरिंग के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व करेगा।

# हर जगह अपनी क्षमता साबित कर रहे हैं भारत के कामगार : जयंत चौधरी

**दावोस ।** केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने दावोस जाने से पहले एक बड़ा मुद्दा उठाया। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए भारत के कौशल विकास की महत्वपूर्णता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत के कामगार नेतृत्व की भूमिका सहित हर जगह अपनी क्षमता साबित कर रहे हैं और यह वैश्विक मंच पर सफलता की कहानी होगी। दावोस में होने वाली विश्व आर्थिक मंच की बैठक के अवसर पर चौधरी ने कहा` कि आज पूरी दुनिया देख रही है कि भारत कौशल विकास के क्षेत्र में बहुत गंभीरता से काम कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय कामगार जहां भी काम करते हैं, वहां अपनी क्षमता साबित करते हैं और शीर्ष नेतृत्व की भूमिकाओं सहित अपना सही स्थान हासिल करते हैं। चौधरी ने उम्मीद जताई कि दावोस में भारत को और अधिक निवेश मिलेगा और जो कंपनियां अभी भारत में मौजूद नहीं हैं, वे भी वहां आएँगी। यहां अधिकारियों और कॉरपोरेट घरानों के लोगों के साथ बैठकें करने वाले संगठन उनके भारत में निवेश करने की इच्छा का समर्थन कर रहे हैं। विशवास है कि चौधरी की इन उच्चाधिकारी के बैठकों में हिस्सा लेने से भारत का कौशल विकास होगा और दुनिया भारत की योगदान की महत्वपूर्णता को समझेगी।




# गो फर्स्ट एयरलाइन के खिलाफ एनसीएलटी ने लिया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने गो फर्स्ट एयरलाइन के परिसमापन की मंजूरी दे दी। यह कंपनी पिछले कुछ सालों से वित्तीय मुश्किलों का सामना कर रही थी। इस निर्णय के बाद कंपनी गति से वित्तीय संकट से बाहर होगी। न्यायाधिकरण ने कहा कि कंपनी के 54 विमानों का पंजीकरण रद्द किया गया है। इसके चलते कंपनी का परिचालन ठप हो गया है। इस कदम से कर्जदाताओं को नुकसान हो सकता है। एयरलाइन ने मई 2023 में एनसीएलटी में दिवाला समाधान प्रक्रिया के लिए आवेदन किया था। अब उन्हें सम्भावित समाधान की दिशा में कदम बढ़ाना होगा। गो फर्स्ट के बंद होने से यात्री किसी अन्य विमानन सेवा का उपयोग कर सकते हैं। सुरक्षित रहने के लिए वे सही विकल्प की तलाश में निकलें। वित्तीय संकट कारगर उपायों से पूरी तरह से बाहर निकलने के लिए इस समय में कंपनी को सख्ती से अपनी योजनाएं बनानी होगी। यह भी महत्वपूर्ण है कि कर्जदाताओं के हितों का भी ध्यान रखा जाए।

# चिराग पासवान ने कही भारतीय खाद्य उत्पादों को वैश्विक स्तर पर ले जाने की बात

## - पासवान ने विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के संदर्भ में दावोस पहुंचकर अपनी वकालत की

**दावोस ।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने अपने बयान में कहा कि भारतीय खाद्य उत्पादों को वैश्विक स्तर पर ले जाने की दिशा में कई संभावनाएं हैं। उन्होंने विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के संदर्भ में दावोस पहुंचकर अपनी वकालत की। पासवान ने अपनी बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय की जिम्मेदारी दी है। पासवान ने अपने बयान में देश के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को मजबूत बनाने के साथ-साथ किसानों की मदद करने का एक महत्वपूर्ण कार्य साबित करने की बात कही। उन्होंने इसके साथ ही खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के महत्व पर भी जोर दिया और उसका खाद्य सुरक्षा और अर्थिक स्थिति में योगदान करने की बात कही। पासवान ने स्पष्ट किया कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की मिशन को सफल बनाने में खाद्य संस्करण क्षेत्र का बड़ा योगदान होगा। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उच्च संभावनाएं देखकर कहा कि भारतीय खाद्य उत्पादों को वैश्विक पहचान मिलनी चाहिए। उन्होंने इसके साथ ही विश्व बाजार में भारतीय व्यंजनों की मांग बढ़ने का भी उदाहरण दिया। पासवान के इस बयान से स्पष्ट है कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है और देश को वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता प्राप्त करने में मदद कर सकता है।

# शेयर बाजार : निवेशकों के 7.25 लाख करोड़ डूबे

## सेंसेक्स 1235 अंक, निफ्टी 320 अंक गिरा

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुआ । सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। आज सुबह बढ़त के साथ कारोबार की शुरुआत के बाद भी शाम होते-होते बाजार टूट गया।

आज कारोबार के दौरान ही जोमैटो, अदाणी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज , भारतीय स्टेट बैंक , बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील और भारती एयरटेल जैसे हैवी वेटेज स्टॉक्स में भारी बिकवाली से बाजार नीचे आया। जानकारी के अनुसार भारत को लेकर डोनल्ड ट्रंप सरकार की योजनाओं को लेकर जारी संशय से भी निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखी।

दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स लगभग 200 अंक ऊपर आकर 77,261 पर खुला। थोड़ी देर बाद में यह नीचे आने लगा। अंत में सेंसेक्स 1235 अंक करीब 1.60 फीसदी फिसलकर 75,838.36 पर बंद हुआ। इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी बढ़त के साथ खुला था पर बाद में ये भी नीचे आने लगा। इंट्राडे कारोबार में यह 22,976.85 तक नीचे खिसक गया। अंत में निफ्टी 320 अंक तकरीबन 1.37 फीसदी की बड़ी गिरावट लेकर 23,024.65 पर बंद हुआ।

जानकारों के अनुसार रिलायंस् इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, जोमैटो, एसबीआई और एचडीएफसी बैंक जैसे हैवी वेटेज वाले शेयरों में गिरावट की वजह से बाजार फिसला। इसके साथ ही अब तक ज्यादातर देसी कंपनियों के तीसरी तिमाही के परिणाम उम्मीद से कम रहे हैं। इससे निवेशकों के मन में घबराहट बनी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के पड़ोसी देशों पर हायर ट्रेड टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद बाजार में भारी अस्थिरता आई। ट्रंप ने पदभार संभालने के कुछ ही घंटों के अंदर पड़ोसी देशों पर व्यापार शुल्क लगाने की योजना घोषित कर दी।

उन्होंने पदभार संभालने के तुरंत बाद कहा कि उनका प्रशासन 1 फरवरी से जल्द ही मैक्सिको और कनाडा पर 25 फीसदी शुल्क लगाने पर विचार कर रहा है। वहीं विदेशी निवेशकों की बिकवाली से भी बाजार गिरे हैं। विदेशी निवेशक जनवरी 2025 में अब तक 48,023 करोड़ रुपये की इक्विटी बेच चुके हैं। एफआईआई की लगातार बिकवाली, ट्रम्प की टैरिफ नीतियों को लेकर अनिश्चितता और कई कंपनियों के उम्मीद से कमजोर तिमाही परिणामों के दबाव में निफ्टी 320 अंक गिरकर 23,025 के स्तर पर आ गया। एफआईआई ने सोमवार को 4,337 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची। इससे जनवरी से अब तक 50,000 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी हुई है।

**निवेशकों को 7.25 लाख करोड़ का नुकसान**

बाजार में आई गिरावट से निवेशकों को 7.25 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी है। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 7.25 लाख करोड़ रुपये घटकर 4,24,22,866 करोड़ रुपये रह गया।

**आज इन 10 स्टॉक्स में बड़ी गिरावट**

डिक्सन टेक्नोलॉजीज के शेयर 2421.50 रुपये या 13.79 फीसदी गिरकर 15132.95 पर बंद हुए।

जोमैटो का शेयर 26.30 रुपये या 10.92फीसदी नीचे आकर 214.65 रुपये पर बंद हुआ।

सायाजी होटल्स लिमिटेड का शेयर 61.85 रुपये या 16.81फीसदी गिरकर 306.15 पर बंद हुआ।

# 12 फीसदी से अधिक गिरा जोमेटो का शेयर

## बीएसई पर शेयर 11.64 फीसदी की गिरावट के बाद 212.90 रुपये पर

नइ दिल्ली । ऑनलाइन फूड डिलीवरी और ग्रॉसरी प्लेटफॉर्म जोमैटो के शेयरों में तेजी से गिरावट का सिलसिला जारी है। तिमाही नतीजों के घोषणा के बाद जोमैटो के शेयरों में 12 फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है। यह गिरावट शेयर के मूल्य को 200 रुपये के स्तर पर भी नीचे ले गई है। बाजार में जोमैटो के शेयर अभी भी दबाव में हैं। बीएसई पर शेयर 11.64 फीसदी की गिरावट के बाद 212.90 रुपये पर चल रहे हैं। इंट्रा-डे में यह 12.78 फीसदी गिरकर 210.15 रुपये तक पहुंच गए थे। पिछले कुछ दिनों से शेयर मूल्य में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। इस गिरावट के बाद आईसीआईआई डायरेक्ट के तकनीकी चार्ट्स के मुताबिक जोमैटो के शेयर ने 227.2 के सपोर्ट लेवल को तोड़ दिया है। अब शेयर का सपोर्ट 201.1 पर संभावित है। वहीं अपसाइड में शेयर को 253.3, 266.9, और 279.4 पर रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ सकता है। शेयर की स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए निवेशकों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। जोमैटो के शेयरों की हालिया गिरावट ने निवेशकों में चिंता बढ़ा दी है। जबकि जोमैटो कंपनी के प्रतिष्ठित सीईओ ने बताया कि उनके 2000 स्टोर खोलने का लक्ष्य दिसंबर 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। यह पहले से तय किए गए लक्ष्य से एक साल पहले हो रहा है। फिर भी फूड डिलीवरी बिजनेस की धीमी ग्रोथ ने भी जोमैटो के तिमाही नतीजों पर नकारात्मक प्रभाव डाला है।

# देश की जीडीपी सात से आठ प्रतिशत तक बढ़ने की संभावना : डब्यूईएफ




**नई दिल्ली ।**

भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी से वृद्धि की संभावना है, बताते हुए वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्यूईएफ) ने उजागर किया है कि भारत की जीडीपी 7 से 8 फीसदी तक बढ़ सकती है। उन्होंने इसे आर्थिक सुधारों और हायर इन्वेस्टमेंट के चलते संभावना बताया है। डब्यूईएफ ने कहा कि भारत में विकास के लिए बहुत सारी संभावनाएं हैं और इस साल की 6 फीसदी ग्रोथ दर भी अच्छी है, लेकिन इससे भारत की गति को रोकने कोई कारण नहीं है। उन्होंने कहा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, और रिसर्च और डेवलपमेंट में निवेश जारी रहना चाहिए। डब्यूईएफ ने भविष्य में भारत की अर्थव्यवस्था में भी 20 फीसदी हिस्सेदारी की संभावना दी। उन्होंने कहा कि भारत में स्टार्टअप इकोसिस्टम से सपोर्ट मिल रहा है और यहां 1,20,000 से अधिक स्टार्टअप हैं। उन्होंने उत्सुकता से बताया कि भारत में 120 से अधिक यूनिकॉर्न हैं।

जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत का लक्ष्य वास्तविक है कि वह 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन सकता है, डब्यूईएफ के एक अधिकारी ने कहा कि भारत जल्द ही 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। वह डिजिटल ट्रेड और सर्विसेज में भी हिस्सेदारी बढ़ रही है और यह अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है। अंत में वर्कफोर्स के ज्यादा डिजिटलीकरण के साथ-साथ आने वाली चुनौतियों और अवसरों पर उन्हें पूछा गया था। उन्होंने कहा कि यह प्रोडक्टिविटी में बढ़ोतरी लाता है और भारत के लिए नई टेक्नोलॉजी में बहुत सारे अवसर हैं। लेकिन ये छोटी अवधि में भी कुछ चुनौतियां उत्पन्न कर सकती हैं।

# भारत, बेल्जियम ने औषधि व कृषि उत्पादों में व्यापार बढ़ाने को लेकर की चर्चा

## -व्यापार मुद्दों को सुलझाने के लिए एक तंत्र स्थापित करने पर बनी सहमति

**नई दिल्ली ।** भारत और बेल्जियम ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है जो द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देगा। दोनों देशों ने औषधि और कृषि उत्पादों जैसे क्षेत्रों में व्यापार मुद्दों को सुलझाने के लिए एक तंत्र स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और बेल्जियम के विदेश एवं विदेश व्यापार मंत्री बर्नार्ड क्विंटिन के बीच ब्रसेल्स में हुई बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया। इस नए तंत्र के माध्यम से दोनों देश व्यापार मुद्दों को हल करने के लिए मजबूती से काम करेंगे और औषधि और कृषि उत्पादों के लिए अनुमोदन प्रक्रियाओं में नियामक बाधाओं पर भी चर्चा करेंगे। यह साझेदारी भारत-बेल्जियम व्यापार को और भी मजबूत बनाएगी। नेताओं ने यूरोपीय संघ-भारत मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता पर भी चर्चा की और व्यापार मुद्दों को प्राथमिकता देने के महत्व को साबित किया। उन्होंने उभरते क्षेत्रों में सहयोग करने का भी प्रस्ताव दिया है, जैसे नवीकरणीय ऊर्जा, जीवन विज्ञान, बुनियादी ढांचे, डिजिटल प्रौद्योगिकियों और खाद्य उत्पादों। इस साझेदारी से भारत-बेल्जियम व्यापार की प्रावृत्ति में वृद्धि की उम्मीद है और व्यापार के क्षेत्र में नयी ऊर्जा और दिशाएं प्रगति करेंगे।

# सोने-चांदी की कीमतों में एक बार फिर आया भारी उछाल

## सोना 78,896 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी 92,133 रुपए प्रति किलोग्राम

नई दिल्ली । सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार को सोने-चांदी की कीमतों में एक बार फिर बड़ा फेरबदल हुआ है। मंगलवार को एमसीएक्स पर सोने का वायदा भाव 0.45 फीसदी की तेजी के साथ 78,896 रुपए प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी की कीमत 0.76 फीसदी बढ़त के साथ 92,133 रुपए प्रति किलोग्राम पर है। पिछले हफ्ते सोने-चांदी के दाम में तेजी रही थी। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार पिछले शनिवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 78,018 रुपए था, वहीं इस हफ्ते चांदी 552 रुपए महंगी होकर 90,820 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। पिछले शनिवार को ये 90,268 रुपए प्रति किलो पर थी। सोने ने पिछले साल 30 अक्टूबर को 79,681 प्रति 10 ग्राम का उच्च स्तर बनाया था। वहीं चांदी 23 अक्टूबर 2024 को 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

# स्वास्थ्य मेला कर 50 से बेसी अदमीमन कर बनलक ऑनस्पॉट आयुष्मान कार्ड

- मेला कर उप बिकास आयुक्त आउर सिभिल सर्जन लेलयं जायज़ा

सोनू सपवार



**पलामू।** प्रखंड स्वास्थ्य मेला-2025 कर तहत नवाबाजार परखंड कार्जालय कर नजीक में स्वास्थ्य मेला कर मंगलवार के आयोजन करल गेलक। ई मेला में 700 से बेसी मरीज़मन कर जांच करल गेलक। जिला कर उप बिकास आयुक्त शब्बीर अहमद आउर सिभिल सर्जन डॉ अनिल ई मेला में पहुंइच के आमजन के देवल जाएक वाला सुबिधा कर निरीछन करलयं। ई दौरान डीडीसी आपन बीपी आउर सुगर कर जांच कराए के मेला में देवल जाएक वाला सुबिधा कर आकलन करलयं।

**लगाल जाय रहे 25 से बेसी काउंटर** : ई स्वास्थ्य मेला में आमजन कर जांच ले 25 काउंटर बनाल जाय रहे। ई काउंटर में सउब कर टीबी, बीपी, सुगर, सिकल सेल एनीमिया, कुष्ठ, नेत्र जांच संगे आउर किसिम कर जांच करल गेलक। ई दौरान 58 गो मरीज़ टीबी कर पावल गेलयं। इकर में 10 गो नवा मरीज़ रहयं, जिनकर जरुरी प्राथमिक जांच करल गेलक। ई 10 गो मरीज़मन कर बेहतर जांच ले डीएमसी में जांच कर सलाह देल गेलक। बाकी टीबी कर 48 गो पुराना मरीज़ जिनकर इलाज जारी आहे। उनके जरूरत कर दवाइ देल गेलक। एहे लखे 30 से बेसी अदमीमन कर कुष्ठ कर जांच करल गेलक।

**मरीज़मन कर करल जात रहे पंजीयन** : मेला में आवेक वाला आमजन कर पंजीयन सेंट्रल रजिस्ट्रेसन काउंटर में कराल जात रहे। हियां उनकर बजन, लम्बाई कर अवलोकन करेक कर बाद संबंधित काउंटर में उनकर जांच करल जात रहे। ई काम ले 7 से बेसी अलग-अलग चिकित्सकमन कर टीम के लगाल जाय रहे, जेकर में महिला डॉक्टर भी सामिल रहयं। ई मेला में 42 से बेसी किसिम कर दवाई उपलब्ध रहे, जिनकर आमजन कर बीच बितरन करल गेलक। ई मेला में 50 से बेसी अदमीमन कर ऑनस्पॉट आयुषमान कार्ड निर्गत करल गेलक। ई अवसर में स्थानीय बीडीओ-सीओ, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी संगे आउरोंमन पहुंचल रहयं।

## रक्षा मंत्रालय आउर हेवी व्हीकल फैक्ट्री में समझौता

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय (एमओडी) भारतीय सेना ले 47 टैंक-72 ब्रिज लेइंग टैंक (बीएलटी) कर खरीद ले आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड कर इकाई हेवी व्हीकल फैक्ट्री कर संगे एगो समझौता में हस्ताछर करल गेलक। इकर लागत 1,560.52 करोड़ रुपया हेके। 21 जनवरी, 2025 के नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह कर मौजूदगी में रक्षा मंत्रालय आउर हैवी व्हीकल फैक्ट्री/आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड कर बरिसठ अधिकारीमन ई समझौता में हस्ताछर करलयं।

ब्रिज लेइंग टैंक एगो महत्वपूर्न उपकरन हेके जेकर उपयोग यांत्रिक फोर्स कर द्वारा आक्रामक/रक्षात्मक अभियान कर दौरान पुल कर निर्मान करेक ले करल जायेला। ई टैंक आउर बख्तरबंद वाहन कर बेड़ा के अभिन्न पुल बनाएक कर छमता परदान करेला। इकर से जुद्ध कर मैदान में गतिसीलता आउर आक्रामक छमता बढ़ेला। बर्तमान समझौता कर अन्तर्गत खरीद (भारतीय-स्वदेसी रूप से डिजाइन, बिकसित आउर निर्मित) होवेक से रछा में मेक-इन-इंडिया पहल के बढ़ावा मिली। ई परिजोजना समग्र अर्थबेबस्था के बढ़ावा देवेक आउर देस में रोजगार कर अवसर के बढ़ाएक में भी महत्वपूर्न भूमिका निभावी।



## नागपुरी कविता

### किताब कर इस्टोल लागथे



संतोष महली

किताब कर इस्टोल लागथे  
देशे कजरी आंईख टोरोल होवथे,  
मिडिया भी बउराय जाहे की का  
सोलह साल कर पिछे दउड़थे ।  
किताब कर इस्टोल लागथे....  
रांगारंग प्रोग्राम नाचाइ  
डेगाइ फुहड़गाइ होवथे,  
भाषा संस्कृति से मतलब नखे  
खाली खेलवाइड़ होवथे ।  
किताब कर इस्टोल लागथे....  
बाजार कर काबजा इसन की  
आदमी कर दिमाग घुमाय देवथे,  
सितर पोछे नी जानत होवी  
से छउवा के का का देखाय देवथे ।  
किताब कर इस्टोल लागथे....  
मनमरजी रहथैं एके संगे  
घरे सादी कर बात चलथे,  
पेयार वार होइ जाहे  
किरिया कसम साथे जिएक मोरेक कर  
गार्जियन के एखन पाता चलथे ।  
किताब कर इस्टोल लागथे....  
पईढ़ बइन नखैं कोनो  
दुईयो में रोज झागड़ा होवथे,  
तियन सालन लानेक में भी  
माइर पीट बागरा होवथे  
आधा के कांके,आधा बोझ के  
एडमिट आगरा लेवथे ।सोचु तो  
किताब कर इस्टोल लागथे  
देशे कजरी आंईख टोरोल होवथे,  
मिडिया भी बउराय जाहे की का  
सोलह साल कर पिछे दउड़थे ।



## भाजपा लोहरदगा में संविधान गौरव दिवस मनालक



**लोहरदगा।** लोहरदगा में अम्बेडकर नगर में भाजपा संविधान गौरव दिवस मंगलवार के मनालक। मौका में मुध गोतिया कर रूप में सिमरिया कर पूर्ब बिधायक किशुन दास आउर बिसिस्ट गोतिया कर रूप मे भाजपा पिछड़ा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यछ अमरजीत यादव उपस्थित रहयं।

कार्जकरम कर सुरुआत गोतियामन कर जरिये डॉ भीमराव अंबेडकर आउर भारत माता कर चित्र में फूल चढ़ाय के,दीया जलाय के आउर वंदेमातरम गीत कर संगे करल गेलक। मौका में मुध गोतिया किशुन दास कहलयं कि भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर न्याय, समानता आउर ससक्तिकरन उपरे आधारित एगो आदर्स रास्ट्र कर परिकल्पना कइर रहयं। श्री दास कहलयं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर नेतृत्व में भाजपा उनकर बिचार के अपनाते सामाजिक आउर आर्थिक सुधार कर दिसा में ढेइरे कदम उठाए हयं। इकर में बाबा साहेब कर जिनगी से जुड़ल पांच गो महत्वपूर्न अस्थलमन के पंचतीर्थ कर रूप में बिकसित करलयं। समावेसी बिकास, ससक्तिकरन आउर प्रगति बाबासाहेब कर बिरासत हय।

कार्जकरम में जिला अध्यछ मनीर उरांव, ओम प्रकाश सिंह, ब्रज बिहारी प्रसाद,शुकूल राम, प्रकाश नायक भी आपन-आपन बिचार राखलयं। कार्जकरम कर संचालन महामंत्री सह कार्जकरम जिला संयोजक संजय प्रसाद आउर धन्यवाद सचिन साहू करलयं। मौका में ढेइरेझन पहुंचल रहयं।

## पहाड़ी मंदिर में 151 लीटर दूध से होवी बाबा कर महारुद्राभिषेक

**रांची।** पहाड़ी मंदिर में श्रृंगार परिवार कर जरिये 22 जनवरी के रामलला कर पहिल बर्सगांठ मनाल जाई। मुध मंदिर में बिहाने 10 बजे 151 लीटर दूध से बाबा कर महारुद्राभिषेक करल जाई।

इकर मुख्य यजमान श्रृंगार परिवार कर पंकज कुमार गुप्ता आउर राजेश कुमार गुप्ता होंबयं। ई दौरान मंदिर में पूजा आउर दरसन करेक आवल आउर अदमीमन भी महारुद्राभिषेक में भाइग लेइ सकयंना। दोपहर एक बजे से बाबा कर भव्य श्रृंगार करल जाई। भजन-कीर्तन आउर आरती कर छप्पन भोग लगाल जाई। दोपहर दो बजे से भंडारा कर आयोजन करल जाय हे।



## नागपुरी कविता

### कुकुर कर नाम बाबु



रामदेव बड़ाईक

देश हिन्दुस्तान हमर, देश हिन्दुस्तान,  
आहे सुंदर देश हमर,आहे हिन्दुस्तान ।  
आहे सुंदर देश हमर...  
बन – झार झरना कर, करु गुनगान,  
पहार – परबत हियां, लागेला सोहान ।।  
पहार – परबत हियां...  
फल – फूलक बगिया ,धरती कर सान,  
सुगा – मैना पपीहा ,कोयली मधुर गान ।  
सुगा – मैना पपीहा...  
मकई – मड़ुआ हियां ,होवेला खेती धान  
ढोल मांदर नगेरा, हियां बंसरी कर तान ।।  
ढोल मांदर नगेरा...  
देश हिन्दुस्तान हमर, देश हिन्दुस्तान,  
आहे सुंदर देश हमर,आहे हिन्दुस्तान ।  
आहे सुंदर देश हमर...

## उत्क्रमित मध्य बिद्यालय कर छउवामन कर बीच पोसाक कर बितरन

**गढ़वा।** जिला कर कांडी परखंड छेतर अंतर्गत दू गो इस्कूल उत्क्रमित मध्य बिद्यालय शिवपुर आउर देवडीह में मंगलवार के पोसाक कर बितरन करल गेलक। बर्ग एक आउर दू में पढ़ेक वाला क्रमसा 51 आउर 39 गो छउवामन कर बीच पोसाक बांटल गेलक।

शिवपुर पंचायत मुखिया सोनी देवी कर प्रतिनिधि अरुण राम, एसएमसी अध्यछ निशा देवी, राम चन्द्र चौधरी, उपाध्यछ शिमला देवी आउर समाजसेवी हरिनाथ चंद्रवंशी संजुक्त रूप से छउवामन कर बीच पोसाक कर बितरन करलयं।



मौका में प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार तिवारी, श्रीकांत पाण्डेय, शिक्षक देवेंद्र कुमार चौबे, अरुण पाण्डेय, रत्नेश कुमार रत्न, सिछिका सरिता कुमारी, संध्या पाण्डेय, सुनीता कुमारी, सविता चंद्रवंशी, अनिल कुमार सिंह संगे आउर अभिभावक आउर छउवामन उपस्थित रहयं।

## टुसू परब में लान्दुपडीह ग्राम में लगाल गेलक श्रीराम मेला

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** आस्था, सामाजिक समरसता कर जीता जागता उदाहरन समाज कर कठिन परिश्रम कर बाद मिलल फसल के सउब कर बीच बांटेक कर खुसी मनाएक, एक दूसर के जानेक समझेक मिलेक जुलेक कर परब मकर संक्रांति कर परब हय। ई खुसी के समूह में ब्यक्त करेक लेहे तो रांची कर पचपरगना छेतर सोनाहातू परखंड में लान्दुपडीह गांव कर ई टुसू परब में श्रीराम मेला पिछला 38 बछर से लगसते हर्षोल्लास कर संगे लगते आवत हे। अयोध्या में 550 बछर कर बाद भगवान राम कर जन्मभूमि में नवा बनल मंदिर में मूर्ति स्थापना कर एक बछर पूरा होवेक कर उपलछ में गांव गांव में सुख-सांति कर संदेस के फैलाएक ले ₹सेवा विभाग, विश्व हिन्दू परिषद झारखंड₹ कर दन से मेला में आवेक वाला हर चौड़ल दल के श्रीरामचरितमानस कर एक एक प्रति उपहार स्वरूप देल गेलक। विजय मिंज कर द्वारा शॉल ओढ़ाय के सम्मानित करल जाई। ई मेला में 40 से 50 अदमीमन कर सहभागिता होवी।





मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेश प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com